नई दिल्ली

नई दिल्ली शनिवार 12 अक्टूबर 2019

अश्विन मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 23, अंक : 206

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00 *


मौसम

अधि. 32.0


न्यून. 19.3


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


11 पूनम और मिताली के शानदार अर्धशतक से जीता भारत

विचार पेज

08 कालाधन वापसी की उम्मीद







## खबर संक्षेप

### पाक ने किया संघर्ष विराम का उल्लंघन, जवान शहीद



**राजौरी।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भारत दौरे से पहले पाकिस्तान बौखला गया है। राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में शुक्रवार को पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया इसमें एक जवान शहीद हो गया। राजौरी में हुए सीजफायर का भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। इससे पहले भी पाकिस्तान कई बार सीजफायर तोड़ चुका है।

### कोहली ने ब्रैडमैन व तेंदुलकर का रिकार्ड तोड़ा



**पुणे।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 254 रन की नाबाद पारी खेलकर टेस्ट क्रिकेट में महान बल्लेबाज सर डान ब्रैडमैन और सचिन तेंदुलकर का रिकार्ड तोड़ा। कोहली ने सातवां दोहरा शतक लगाकर नया भारतीय रिकार्ड बनाया। उन्होंने तेंदुलकर और वीरेन्द्र सहवाग के छह-छह दोहरे शतक के रिकार्ड को पीछे छोड़ा।

### ईडी के सामने 14 अक्टूबर को पेश होंगे चिदंबरम



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज आईएनएक्स मीडिया धनशोधन मामले में शुक्रवार को पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम को 14 अक्टूबर को पेश होने के लिए वारंट जारी किया। विशेष न्यायाधीश अजय कुमार कुहाड़ ने वारंट जारी किया और चिदंबरम को 14 अक्टूबर को अपराह्न तीन बजे अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। इससे पहले ईडी ने मामले में पेशी वारंट जारी करने की मांग की। एजेंसी ने अपनी याचिका में कहा कि उसे चिदंबरम से हिरासत में पूछताछ की जरूरत है।

## महाबलीपुरम में मिले दुनिया के दो 'महाबली'

# मोदी-जिनपिंग ने कश्मीर मामले पर की अनौपचारिक बातचीत

एजेंसी ▶▶ मामल्लापुरम (तमिलनाडु)

भारत के प्राचीन शहर मामल्लापुरम यानी महाबलीपुरम में शुक्रवार को दुनिया के दो 'महाबलियों' भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनपिंग की मुलाकात हुई। पहले से तय था कि यह मुलाकात अनौपचारिक है और जब दोनों नेता मिले तो उनके पहनावे से लेकर हावभाव में कोई प्रोटोकॉल आड़े नहीं आया। दोनों नेताओं ने नारियल पानी का आनंद लिया और कश्मीर मामले पर तनावपूर्ण हुए द्विपक्षीय संबंधों को सहज बनाते हुए अनौपचारिक बातचीत की। पारम्परिक तमिल परिधान धोती, सफेद कमीज और अंगवस्त्रम पहने मोदी ने अच्छे मेजबान की भूमिका निभाते हुए शी को विश्व प्रसिद्ध धरोहरों अर्जुन तपस्या स्मारक, नवनीत पिंड(कृष्णाज बटरबॉल), पंच रथ और शोर मंदिर के दर्शन कराए। प्रधानमंत्री ने सफेद कमीज और काली पतलून पहने शी को इन स्मारकों के ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया। शी चीन के फुजियांग प्रांत के साथ ऐतिहासिक रूप से जुड़े पल्लव वंश के दौरान निर्मित सातवीं सदी के इन स्मारकों में काफी रुचि लेते प्रतीत हुए।



### भारत-चीन के बीच हुए 129 एमओयू करार

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात से पहले दोनों देशों की कंपनियों के बीच कई अहम करार हुए। इस दौरान चीन ने कहा कि पिछले कई सालों में भारत में हमारे निवेश में कई गुना वृद्धि हुई है। इस मुलाकात से एक दिन पहले दोनों देशों की कंपनियों के बीच 129 अहम एमओयू पर करार हुए। जिन अहम एमओयू पर दोनों देशों की कंपनियों ने हस्ताक्षर किए उनमें एग्री, मिनरल, टेक्सटाइल और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर शामिल हैं।

### पाक की टकटकी, कश्मीर पर पका रहा ख्याली पुलाव

मोदी-जिनपिंग की इस मुलाकात पर पाकिस्तान बारीकी से निगाह रखे हुए है और उसे उम्मीद है कि चीन भारत सरकार के समक्ष 5 अगस्त को कश्मीर पर लिए गए फैसले के मुद्दे को उठाएगा। कश्मीर के मसले पर चीन खुलकर भारत के खिलाफ और पाकिस्तान के साथ रहा है। यहां तक कि कश्मीर मुद्दे को यूनाइटेड नेशंस सिक्योरिटी काउंसिल में उठाने की पाकिस्तान की कोशिशों में भी चीन ने उसका साथ दिया।

### दोनों नेताओं के बीच वन-टू-वन बैठक आज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की शनिवार की सुबह 10 बजे दोनों नेताओं की ताज फिशरमैन के कोव रिसॉर्ट में वन-टू-वन बैठक होगी जो कि करीब 40 मिनट तक चलेगी। दो दिनों में ऐसे कई अवसर होंगे जब दोनों नेता दुभाषियों को छोड़कर बिना किसी आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल को साथ लिए एक साथ समय बिताएंगे। एशिया के इन दो दिग्गज नेताओं के बीच होने जा रही बैठक को लेकर पूरी दुनिया में हलचल मची हुई है। मोदी-शी समिट के एजेंडे में व्यापार घाटा, आरसीईपी, सीमा विवाद और 5जी जैसे मुद्दे टॉप पर रहेंगे।

### शी के साथ आई 100 सदस्यों की टीम

महाबलिपुरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शुक्रवार से शुरू हुई दो दिवसीय अनौपचारिक वार्ता के लिए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ विदेश मंत्री वांग यी और स्टेट काउंसलर यांग जिएची सहित 100 सदस्यीय मजबूत प्रतिनिधिमंडल आया है। चीनी प्रतिनिधमंडल में सीपीसी केंद्रीय कमेटी व राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य डिंग शुईशियांग, स्टेट काउंसलर यांग जिएची, विदेश मंत्री वांग यी, चीनी पीपुल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस की राष्ट्रीय समिति के उपाध्यक्ष एच.ई. लाइफेंग व अन्य लोग शामिल हैं।

## धोखाधड़ी मामला

### सिंह बंधु सहित तीन अन्य चार दिन की पुलिस हिरासत में



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आरएफएल गबन मामले में फोर्टिस हेल्थकेयर के पूर्व प्रमोटरों मलविंदर सिंह, उनके भाई शिविंदर सिंह और तीन अन्य को शुक्रवार को चार दिन की पुलिस हिरासत में दे दिया। वहीं, मामले में दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने के लिये दायर याचिका पर नोटिस जारी करने के सवाल पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने सभी पक्षों को सुनने के बाद कहा कि इस पर आदेश बाद में दिया जायेगा। इन लोगों को रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड (आरएफएल) के कोष का गबन करने और उसे 2,397 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## आयकर विभाग ने कसा शिकंजा, 4.52 करोड़ बरामद

# जी परमेश्वर के 30 ठिकानों पर दूसरे दिन भी छापेमारी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम जी परमेश्वर के 30 ठिकानों पर दूसरे दिन भी आयकर विभाग की छापेमारी जारी रही। पहले दिन की छापेमारी के दौरान आयकर विभाग ने 4.52 करोड़ रुपये बरामद किए। बेंगलुरु में सिद्धार्थ मेडिकल कॉलेज के परिसर में आज आयकर विभाग ने दबिश दी। यह मेडिकल कॉलेज जी परमेस्वर से संबंधित ट्रस्ट के जरिए चलाया जाता है। इसके अलावा जी परमेश्वर के भाई के बेटे के घर पर छापा पड़ा है।



### कई अहम दस्तावेज किए थे बरामद

आयकर महानिदेशक के मुताबिक पहले दिन की छापेमारी में आयकर विभाग को कई अहम दस्तावेज भी हाथ लगे थे जिनके आधार पर अन्य ठिकानों को चिन्हित कर वहां छापे मारे गए। आयकर महानिदेशक के मुताबिक कल आयकर छापे में कुल 4.52 करोड़ रुपये बरामद किए गए थे।

## कांग्रेस ने हरियाणा विस चुनाव के लिए जारी किया घोषणापत्र

**चंडीगढ़।** कांग्रेस ने शुक्रवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया जिसमें किसानों को कर्ज माफी, स्थानीय लोगों के लिए निजी कंपनियों में आरक्षण और महिलाओं को नौकरी में आरक्षण, पेंशन तथा मुफ्त बस यात्रा की सुविधा देने का वादा किया गया है। कांग्रेस ने राज्य में सरकार बनने पर किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं की श्रेणियों में मुफ्त बिजली तथा डिग्री धारकों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया। कांग्रेस ने घोषणापत्र में एक ऐसा वादा भी किया है जिससे विवाद खड़ा हो सकता है। पार्टी ने कहा है कि निजी कंपनियों में 75 प्रतिशत नौकरियां राज्य के युवाओं के लिए आरक्षित होंगी।

## ले. जनरल रणबीर बोले- घुसपैठ की फिराक में पीओके के शिविरों में हैं 500 आतंकी

**भदरवाह/जम्मू।** सेना के एक शीर्ष अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नियंत्रण रेखा के समीप विभिन्न प्रशिक्षण शिविरों में 500 से अधिक आतंकवादी जम्मू कश्मीर में घुस जाने के अवसर की फिराक में बैठे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 200 से 300 आतंकवादी पाकिस्तान के सहयोग से इस क्षेत्र को अशांत बनाये रखने के लिए जम्मू कश्मीर के अंदर सक्रिय हैं। सेना की उत्तरी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल रणबीर सिंह ने कहा, जहां तक जम्मू कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों की बात है तो बाहर से आए 200-300 आतंकवादी अपने काम में लगे हुए हैं। सिंह ने जम्मू कश्मीर में सक्रिय आतंकवादियों और देश में घुसपैठ करने के लिए पीओके में तैयार बैठे आतंकवादियों की संख्या के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में यह बात कही।



## दिल्ली सरकार को नोटिस, कहा- नहीं छीना जा सकता शिक्षा का अधिकार

# पाक बच्चों को दाखिला न देने पर कोर्ट खफा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक पाकिस्तानी नागरिक के तीन बच्चों को यहां के सरकारी स्कूल में दाखिला देने से मना करने के मामले में दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार से जवाब तलब किया है। न्यायमूर्ति राजीव शकधर ने दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय को नोटिस जारी कर याचिका का जवाब देने को कहा। कोर्ट ने स्कूल के रुख पर सवाल खड़ा करते हुए पूछा है कि वह बच्चों की ज्यादा उम्र को शिक्षा न देने का आधार कैसे बना सकता है? कोर्ट ने मौखिक रुप से तीनों बच्चों का दाखिला देने की बात भी कही है। निदेशालय दिल्ली में स्कूलों का संचालन करता है।




याचिका दायर करने वाले पाकिस्तानी नागरिक ने दावा किया है कि अन्यायपूर्ण तरीके से उसके बच्चों को प्रवेश देने से मना किया गया। अदालत ने मामले की दोबारा सुनवाई के लिए 17 अक्टूबर की तारीख तय की है। दरअसल, तीन पाकिस्तानी भाई-बहन संजिनी बाई (16 वर्ष), रवि कुमार (17 वर्ष) और मूना कुमारी (18 वर्ष) इसी साल अपने माता-पिता के साथ पाकिस्तान छोड़कर भारत आ गए थे। तीनों बच्चों के पास पाकिस्तान के एक स्कूल से उनकी पिछली शिक्षा के प्रमाण पत्र भी मौजूद हैं।

### नौवीं कक्षा में चाहते हैं प्रवेश

संजिनी, रवि और मूना तीनों ही बच्चे दिल्ली के एक स्कूल में नौवीं कक्षा में प्रवेश पाना चाहते हैं लेकिन कथित रुप से स्कूल उनकी आयु कक्षा के हिसाब से ज्यादा बताकर दाखिला देने से इनकार कर रहा है।

### थक-हारकर ली कोर्ट की शरण

स्कूल के रुख से परेशान होकर तीनों बच्चों ने दिल्ली सरकार से भी दाखिला दिलाने की अपील की थी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर बच्चों ने अपना दाखिला सुनिश्चित कराने की कोशिश भी की लेकिन वहां से भी कोई जवाब न मिलने के बाद बच्चों ने कोर्ट की शरण ली।

### क्या कहा कोर्ट में वकील ने

तीनों पाकिस्तानी बच्चों के वकील अशोक अग्रवाल ने कोर्ट से कहा कि उम्र को आधार बनाकर किसी भी बच्चे को शिक्षा के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। पाकिस्तानी नागरिक होने के बाद भी शिक्षा उनका अधिकार है। इसलिए वे कोर्ट से चाहते हैं कि वह बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित कराने के लिए दिल्ली सरकार को आदेश दे।






# दिल्ली में प्रदूषण हुआ 25% कम

## लेकिन नवंबर में पड़ोसी राज्यों से फसल जलने का धुआं दिल्ली आता है

हर मुमकिन प्रयास, ताकि दिल्ली को मिले हवा साफ

Dip/shabdarth/d/0176/19-20

## फसल जलने के धुएं से बचने के उपाय क्या होंगे ?

**1. ऑड इवनः**

4 नवंबर से 15 नवंबर तक दिल्ली में ऑड इवन लागू किया जायेगा– इसी दौरान फसलों का सबसे ज्यादा धुआं आता है।


**2. फ्री मास्कः**

एहतियात के तौर पर हम दिल्ली में मास्क बांटेंगे। जिस वक्त प्रदूषण बढ़ जाये, इसे पहन लेना।

**3. दीवाली पर लेज़र शोः**

पूरी दिल्ली इस बार मिलकर दीवाली मनायेगी। छोटी दीवाली से शुरू करके 4 दिनों तक शाम को कनॉट प्लेस में भव्य लेज़र शो का इंतजाम होगा। आइये हम सब मिलकर दीवाली मनाये और पटाखे न चलायें।

**4. सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्देशित 'ग्रेडिड एक्शन प्लान' का पालन**



दिल्ली सरकार

पर्यावरण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

## खबर संक्षेप



### विधायक ने लिया विकास कार्यों का जायजा

**नई दिल्ली।** बुराड़ी विधानसभा के विधायक संजीव झा ने शुक्रवार को प्रधान एंकलेव ए ब्लाक में चल रहे विकास कार्य का जायजा लिया। इस मौके पर ए ब्लाक की आरडब्लयूए के अध्यक्ष सतीश त्यागी, महासचिव ओ पी चोपड़ा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, आप युवा विंग के अनिल कौशिक, संगठन मंत्री रत्नाकर पांडेय, शुक्ला प्रधान, चौ. बिटटू सरिए वाला सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे। कॉलोनी की तरफ से आरडब्लयूए ने गालियों व नालियों के निर्माण के लिए विधायक झा का धन्यवाद किया। विधायक झा ने ए ब्लाक के साथ ही बी ब्लाक व अन्य का भी दौरा किया। मौके पर लोगों द्वारा बताई गई समस्याओं व सुझावों को गंभीरता से सुनने के बाद विधायक ने भरोसा दिया कि जल्द ही इनका समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर आरडब्लयूए अध्यक्ष त्यागी ने कॉलोनी में किए जा रहे विकास कार्यों के लिए विधायक का धन्यवाद किया।

### 'खगोल विज्ञान की ओर बढ़ेगी छात्रों की रूचि'



**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने निगम विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए 'वेस्ट टू वंडर' पार्क सराय काले खां में एक खगोलीय कार्यक्रम 'एक शाम सितारों के नाम' का आयोजन किया। इस अवसर पर शिक्षा समिति की अध्यक्ष नंदिनी शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हम निगम छात्रों को एक अनूठा अवसर प्रदान कर रहे हैं जिससे उनकी रूचि खगोल विज्ञान की ओर बढ़ेगी। इस तरह के खगोलिक संबधित कार्यक्रमों से छात्रों में खगोल विज्ञान, ब्रह्मांड, ग्रहों, तारों आदि के बारे में ज्ञान प्राप्त करने की उत्सुकता जागृत होती है। छात्रों को टेलिस्कॉप के माध्यम से चांद, तारे तथा अन्य खगोलीय पिंडों के दर्शन कराए गए। इस रोचक कार्यक्रम में चारों जोनों के करीब एक हजार छात्रों तथा निगम स्कूलों के विज्ञान क्लब के 130 सन्वयकों ने टेलिस्कोप के माध्यम से बुनियादी खगोल विज्ञान, तारों और ग्रहों की पहचान, विभिन्न खगोलीय पिंडों की जानकारी से अवगत हुए।

### दिल्ली प्रदेश कांग्रेस में फिर मचा बवाल

# संदीप ने चाको को भेजा पत्र, मां शीला दीक्षित की मौत का ठहराया जिम्मेदार!

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रही स्व. शीला दीक्षित की हार्ट अटैक से हुई मौत को लेकर अब मामला गर्मा गया है। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी पीसी चाको को पत्र भेजा है। इस पत्र में उन्होंने अपनी मां और दिल्ली की पूर्व सीएम शीला दीक्षित के निधन के लिए पीसी चाको को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं कांग्रेस के कई पूर्व मंत्रियों व नेताओं ने मांग की है कि पीसी चाको को तुरंत पद से हटाए। संदीप दीक्षित ने भी प्रदेश प्रभारी पी सी चाको को पत्र लिखकर गंभीर आरोप लगाए है। सूत्रों के अनुसार संदीप ने शीला की मौत को चाको द्वारा अत्याधिक मानसिक प्रताड़ना बताया है। लेकिन सार्वजनिक रूप से संदीप ने मामले पर कुछ नहीं बोला। फिलहाल इस मामले पर राजनीति गर्मा गई है। संदीप ने कहा कि यह मामला मेरी मां से जुड़ा है इसलिए चाको के साथ मेरा व्यक्तिगत मामला है। इसमें दिल्ली प्रदेश कांग्रेस का कोई लेना देना नहीं है। मैंने जो पत्र चाको को लिखा है वह उनके प्रदेश प्रभारी के रूप में नहीं बल्कि व्यक्तिगत रूप में लिखा है। एक सवाल के जवाब में संदीप ने कहा कि मेरा दिल्ली कांग्रेस से कोई संबंध ही नहीं है। में कई साल से दिल्ली की राजनीति से दूर हुं, मेरा यहां कोई समर्थक आदि नहीं है। अगर प्रदेश अध्यक्ष के लिए मेरा नाम आ रहा है तो यह पार्टी हाईकमान का मामला है। उन्होंने कहा कि में साफ कर देना चाहता हुं कि मैंने कोई पत्र कांग्रेस को नहीं लिखा है, चाको को व्यक्तिरूप से लिखा है। रही बात किसी समर्थक द्वारा पत्र लिखने की तो मेरा यहां कोई समर्थक नहीं है। मैंने उनको व्यक्तिगत पत्र लिखा था, अब वो इसका सार्वजनिक करें या क्या करें वो जाने।



### संदीप का पत्र व्यक्तिगत नहीं पूरी तरह राजनीति है: चाको

**नई दिल्ली।** मुझे संदीप दीक्षित ने पत्र लिखा है जो व्यक्तिगत नहीं है पूरी तरह से राजनीति मामला है। उस पत्र में उन्होंने क्या लिख है वह सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। लेकिन मैंने उस पत्र को पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेज दिया है क्योंकि मुझे लगा कि यह उनके संज्ञान में होना चाहिए। चाको ने दीक्षित व अन्य कांग्रेसी नेताओं द्वारा लगाए जा रहे गंभीर आरोपों पर कहा कि मुझे नहीं पता कौन क्या कह रहा है। एक अन्य सवाल के जबाब में उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस में कोई फूट नहीं है एक है प्रदेश अध्यक्ष जल्द घोषित होंगे। उन्होंने कहा कि यह ठीक है कि हम थोड़ा लेट है लेकिन कांग्रेस में चयन की प्रक्रिया होती है उसी के तहत निर्णय लिया जाएगा। पार्टी अध्यक्ष सभी पूर्व अध्यक्षों ,पूर्व मंत्रियों वरिष्ठ नेताओं से राय ले रही है जो बेहद पारदर्शी है।

### पूर्व मंत्रियों और नेताओं ने खोला मोर्चा, जांच की मांग

विधानसभा चुनावों से पहले ही कांग्रेस में बड़ा बवाल खड़ा हो गया है। जहां एक तरफ प्रदेश अध्यक्ष तक तय नहीं हो पा रहा वहीं शुक्रवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्रियों ने प्रदेश प्रभारी पी सी चाको के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इन नेताओं ने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से अपील की है कि शीला दीक्षित की मौत के कारणों की जांच होनी चाहिए और चाको को तुरंत पद से हटाया जाए। एक प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल, किरण वालिया व रमाकांत गोस्वामी, मुख्य प्रवक्ता जितेंद्र कुमार जीतू, रोहित मनचंदा व अन्य ने एक स्वर में शीला की मौत के लिए चाको को जिम्मेदार



ठहराया। सभी ने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस की इतनी बुरी हालत के लिए चाको के निहित स्वार्थ दोषी है। सभी ने लामबंद होते हुए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से अपील की है कि कांग्रेस को गर्त में ले जा रहे चाको को तुरंत पद से हटाया जाए। इस मौके पर पूर्व मंत्री सिघल ने कहा कि हमने दिल्ली में आज तक बीजेपी की सरकार नहीं बनने दी है। लेकिन अब हालात चिंताजनक हो गए हैं। साल 2015 के चुनावों से अभी तक कांग्रेस का जो नुकसान हुआ है वह सिर्फ चाको के भ्रष्टाचार के चलते हुए है। पूर्व मंत्री रमाकांत गोस्वामी ने कहा कि आज हमने पढ़ा की संदीप दीक्षित ने पत्र लिखा की शीला की मौत के जिम्मेदार चाको हैं। शीला हमारी मां के बराबर थी। भारत के लोग उनका सम्मान करते हैं, और ये खबर दुख पहुंचाने वाली है। पूर्व मंत्री किरण वालिया ने कहा कि हम चुप थे लेकिन अब सार्वजनिक रूप से कहना पड़ रहा है कि चाको हर काम में अपनी चलाते है। शीला के प्रदेश अध्यक्ष रहते किए फैसले उन्होंने पलटे जो गलत है। कांग्रेस के लिए नुकसानदायक चाको को पद से हटाना चाहिए। संदीप के पत्र को उन्होंने सार्वजनिक कर दिया जो गलत है। प्रवक्ता जितेंद्र कोचर ने कहा कि 10 जुलाई को शीला ने हाईकमान को पत्र लिखकर अपनी व्यथा बताई थी। चाको दबाव बनाकर ब्लाक अध्यक्षों को हटाने का निर्णय बदल चुके थे। रोहित मनचंदा ने कहा कि चाको ने खुद पत्र को लीक किया और इसे राजनीतिक करार दिया जो गलत है।

### दीक्षित का पत्र मामला अनुशासनात्मक समिति को भेजा गया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित द्वारा पार्टी के दिल्ली प्रभारी पीसी चाको को लिखे गए 'व्यक्तिगत पत्र' से जुड़े मामले को पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कांग्रेस की अनुशासनात्मक समिति के पास भेज दिया है। दूसरी तरफ, दिल्ली कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने सोनिया से



आग्रह किया है कि पत्र को कथित तौर पर लीक करने के कारण चाको को प्रभारी पद से हटाया जाए। हालांकि चाको का कहना है कि उन्होंने यह पत्र लीक नहीं किया बल्कि सोनिया गांधी के पास भेजा था। सूत्रों का कहना है कि सोनिया ने इस मामले को अनुशासनात्मक समिति के पास भेजा है।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की घोषणा के लिए दिनभर रहा इंतजार

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नाम की घोषणा शुक्रवार देर रात तक भी नहीं हो सकी। सूत्रों का कहना है कि कीर्ति आजाद के नाम को लगभग अंतिम रूप दे दिया गया था, लेकिन अंतिम समय में रोक दिया गया। अध्यक्ष के रूप में आजाद का नाम दिनभर मीडिया में घूमता रहा। पार्टी से छनकर आई खबरों में देर शाम हाई कमान की तरफ से आजाद के नाम की घोषणा होनी थी। सूत्रों का कहना है कि आजाद के नाम का लेटर भी बन चुका था लेकिन अंतिम समय में उसे रोक दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष बनाने के मामले पर जब आजाद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेरे संज्ञान में ऐसा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि यह पार्टी हाई कमान का मामला है, वह किसे प्रदेश अध्यक्ष बनाए। आजाद ने इस मामले पर साफ मना कर दिया कि उन्हें कोई जानकारी है।

### आजादी के बाद देश को कांग्रेस की जरूरत नहीं थी : तिवारी

**नई दिल्ली।** पूर्ण स्वराज्य के साथ-साथ रामराज्य की स्थापना गांधी जी का सपना था और आजादी मिलने के बाद उन्होंने कहा था कि अब इस देश को कांग्रेस की जरूरत नहीं है, लेकिन सत्ता के लालची कुछ स्वार्थी नेताओं ने न सिर्फ निहित स्वार्थ के लिए देश का बंटवारा किया बल्कि कांग्रेस के नाम पर बरसों तक उस सपने को चकनाचूर कर दिया, जिसकी कल्पना गांधी जी ने की थी। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने ये बाते भाजपा उत्तर पूर्व जिला की ओर से शुक्रवार को करावल नगर विधानसभा में गांधी संकल्प यात्रा के आयोजन के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान तिवारी ने कहा कि आजादी के कई दशक बाद आज गांधी जी का सपना साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सुशासन की राह पर है और गांधी जी के मत के अनुरूप कांग्रेस अपने अंजाम के नजदीक है। यात्रा 28 फुटा पश्चिमी करावल नगर से शुरू हुई एवं दयालपुर सादतपुर विस्तार तुकमीर शेरपुर होते हुए खजूरी में समाप्त हुई। जिसका नेतृत्व स्वयं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने किया। इस यात्रा में प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, जिला अध्यक्ष अजय महावर, मीडिया विभाग के प्रदेश सह-प्रमुख आनंद त्रिवेदी, निगम पार्षद मास्टर सत्यपाल सिंह, नीता बिष्ट, सुषमा मिश्रा, मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र राणा, मास्टर सत कुमार, राज कुमार झा, डॉ. जे के शर्मा, अनुपम पांडे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

■ करावल नगर में गांधी संकल्प यात्रा का आयोजन

## अनुष्ठान...




नई दिल्ली में शुक्रवार को बिड़ला मन्दिर में आयोजित चतुर्वेद स्वाहाकार महायज्ञ में पूजा करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत।

# बिल्डर के मकान में जबरन घुसने के केस में विधानसभा अध्यक्ष दोषी करार

### सजा की अवधि पर 18 अक्टूबर को सुनवाई करेगी अदालत

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल को यहां की एक अदालत ने पूर्वी दिल्ली स्थित एक कॉलोनी में एक भवन निर्माता (बिल्डर) के मकान में जबरन घुसने के मामले में शुक्रवार को दोषी ठहराया। यह घटना छह फरवरी 2015 की रात हुई थी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट समर विशाल ने गोयल और चार अन्य को इस मामले में दोषी करार देते हुए कहा कि उनके खिलाफ मामला संदेह से





परे साबित हुआ है। अदालत ने कहा कि...राम निवास गोयल, सुमित गोयल, हितेश खन्ना, अतुल गुप्ता और बलबीर सिंह को भादंसं की धारा 448 (मकान में जबरन घुसने) के तहत दोषी ठहराया जाता है। अदालत ने सह आरोपी सुमित गोयल को आईपीसी की धारा 323 (चोट पहुंचाना) के तहत भी दोषी ठहराया। अदालत सजा की अवधि पर 18 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। हालांकि, गोयल ने अपने वकील के जरिये आरोपों से इनकार किया है। प्राथमिकी के अनुसार एक स्थानीय बिल्डर मनीष घई ने यह शिकायत दर्ज कराई थी कि गोयल और उनके समर्थक दिल्ली विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले विवेक विहार स्थित उनके एक मकान में छह फरवरी 2015 की रात जबरन घुसे थे। घई ने आरोप लगाया था कि उनके मकान के अंदर तोड़फोड़ भी की गई थी। प्राथमिकी के अनुसार गोयल ने घई पर आरोप लगाया था कि उन्होंने चुनाव से पहले लोगों के बीच बांटने के लिये शराब, कंबल और अन्य चीजें छिपा रखी थी। वहीं, आम आदमी पार्टी के नेताओं ने इन दावों का खंडन करते हुए कहा कि वे लोग इस बारे में पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन करने के बाद स्थानीय थाना प्रभारी और सहायक पुलिस आयुक्त सहित पुलिस की एक टीम के साथ मकान में गये थे।

### निरंकारी संत समागम में स्वैच्छिक सेवा का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** सद्गुरू माता सुदीक्षा महाराज के द्वारा 72वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के लिए स्वैच्छिक सेवा का उद्घाटन संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर किया गया। यह समागम 16 से 18 नवंबर, 2019 तक संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, नजदीक समालखा, जी टी रोड पर आयोजित होगा।

## उत्तरी निगम कर्मियों को दीवाली से पहले दिया जाए बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली नगर निगम के शुक्रवार को सिविक सेंटर में आयोजित स्थायी समिति की बैठक में समिति अध्यक्ष जय प्रकाश ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सी व डी वर्ग के कर्मियों को दीवाली से पहले बोनस व डीए दिया जाए। वहीं, इसके अलावा कई अन्य मुद्दों के ऊपर भी चर्चा हुई। बैठक में कहा गया कि निगम की बदहाल हालत को सुधारने के लिए आरपी सैल व संपतिकर विभाग द्वारा बरती जा रही खामियों को दूर किया जाए और निगम की आय बढ़ाने पर सोचा जाए। वहीं, संपत्तिकर माफी योजना को लेकर समिति सदस्य मुकेश गोयल, रविंद्र भारद्वाज, जय भगवान, पूनम पाराशर झा, रविन्द्र कप्तान, वीना वीरमानी, नवीन त्यागी, तिलकराज कटारिया ने अपने सुझाव दिए और प्रस्ताव पास कर दिया गया। बैठक में सदस्यों ने कई मामलों पर सकारात्मक तरीके से अपने विचार रखें। बैठक में निर्णय लिया गया कि अनाधिकृत कॉलोनियों में रह रहे लोगों के लिए खुशी की खबर यह है कि उनके ऊपर लगे हुए हाउस टैक्स के ऊपर से ब्याज को हटा दिया गया है साथ ही साथ यह छूट अधिकृत कॉलोनियों में रह रहे लोगों को भी दी गई है। इस पूरी योजना के अंतर्गत 2004 से 2019 तक का हाउस टैक्स के ऊपर लगा हुआ ब्याज उत्तरी निगम में सभी के ऊपर से माफ कर दिया गया है। अब लोगों को सिर्फ हाउस टैक्स की मूल रकम को जमा कराना होगा ना कि उसके ऊपर लगे हुए ब्याज को। वहीं, बैठक के शुरूआत में आयुक्त व अन्य संबंधित अधिकारी नहीं होने के चलते सदस्यों मुकेश गोयल, रविंद्र भारद्वाज, जय भगवान उपकार, पूनम पाराशर झा, रविन्द्र कप्तान, नवीन त्यागी, तिलकराज कटारिया आदि ने ऐतराज जताते हुए कहा कि जब आयुक्त व अन्य जोनल उपायुक्त बैठक में नहीं होंगे तो बैठक क्यों आयोजित की।

### प्रीपेड मीटर: बीएसईएस का पेटीएम व फोन-पे से करार

**नई दिल्ली।** किरायेदारों को अपना बिजली मीटर रीचार्ज कराने के लिए बीएसईएस ने पेटीएम और फोन-पे से समझौता किया है। जिसके तहत किराएदार अपना बिजली का मीटर घर बैठे रिचार्ज करवा सकते है। इस बारे में बीएसईएस के प्रवक्ता सीपी कामत ने बताया कि अब किराएदारों को घर बैठे ही अपने मीटर का रिचार्ज करवाने की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए कंपनी ने एप बेस्ड भुगतान सिस्टम पेटीएम और फोन-पे से समझौता किया है। इसके अलावा बीएसईएस के मोबाइल ऐप व वेबसाइट से भी इन मीटरों को रीचार्ज कराया जा सकता है। जो उपभोक्ता टेक्नोलॉजी फ्रेंडली नहीं हैं, वेबीएसईएस के पेमेंट काउंटरों पर जाकर भी अपने बिजली मीटर को रीचार्ज करवा सकते हैं।

### मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से 'सी-40 जलवायु सम्मेलन' को किया संबोधित

# केजरीवाल बोले- मेरी ताकत दिल्ली के 2 करोड़ लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को डेनमार्क के कोपेनहेगन में होने वाले सी-40 जलवायु सम्मेलन में हिस्सा लेना था, लेकिन विदेश मंत्रालय ने मंजूरी नहीं दी। फिर भी उन्होंने शुक्रवार को अपनी उपस्तिथि दर्ज करवाई। अरविंद केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शुक्रवार को सी 40 समिट को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वहां आना चाहता था लेकिन किसी कारण से नहीं आ पाया। मुझे खुशी है कि 35 से ज्यादा शहर साफ हवा कमिटमेंट से जुड़े हैं। अब दिल्ली में प्रदूषण 25% कम हो गया। इसके लिए हमने कई कदम उठाए। प्रदूषण के मुद्दे पर बात करते हुए केजरीवाल ने कहा कि प्रदूषण को कम करने के लिए बीच-बीच में ऑड-ईवन योजना लागू की। हमने डीजल वाहन पर बहुत पाबंदी लगाई। थर्मल पावर स्टेशन बंद किया और इंडस्ट्री को पर्यावरण फ्रेंडली फ्यूल में बदला और इसके लिए सब्सिडी दी। इसके अलावा बीते 2 साल से दिल्ली में 24 घंटे बिजली आती है। पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए 5 लाख डीजल जनरेटर हटाए गए। दिल्ली सीएम केजरीवाल ने कहा कि हमने दिल्ली में खूब पेड़ लगाए, AQI नापने के लिए मीटर लगाए। 5 साल में दिल्ली के लोगों का जबरदस्त समर्थन मिला इसलिए सब हो पाया। C-40 डिक्लेरेशन इसलिए साइनइन कर पा रहा हूं क्योंकि 2 करोड़ लोग मेरी ताकत हैं। दिल्ली की जनता के समर्थन बिना कोई



क्लाइमेट चेंज पर काम सफल नहीं हो सकता। दिल्ली में स्पेशल टास्क फोर्स बनेगी, जिसको खुद मॉनिटर करेंगे पॉल्युशन के लिए ट्रांसपोर्ट सिस्टम एनवायरनमेंट फ्रेंडली बनाएंगे।उन्होंने कहा कि दिल्ली के लिए 1000 इलेक्ट्रिक बस खरीद रहे हैं। धूल और धुंध को लैंड स्केपिंग करके कंट्रोल करेंगे, दिल्ली के लोग पॉल्युशन को हराने को तैयार हैं, जिससे लोग साफ हवा में सांस लें। बता दें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने करीब 9 मिनट का स्पीच दिया है।

### दुनिया में बढ़ा भारत का मान

दिल्ली में प्रदूषण कम होने से शुक्रवार को पूरी दुनिया में भारत का मान बढ़ा। पूरी दुनिया को मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली के लोगों के सहयोग से कितना बड़ा बदलाव आया है। मुख्यमंत्री ने दुनिया को बताया कि भारत जलवायु परिवर्तन और स्वच्छ हवा को लेकर कितना कुछ कर रहा है।

### पराली जलाने से दिल्ली में हुई प्रदूषण की स्थिति गंभीर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि पड़ोसी राज्यों में पराली जलाये जाने से उठे धुएं के कारण राजधानी में प्रदूषण की स्थित 'गंभीर' हुई है। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई की सुप्रीम कोर्ट तथा एनजीटी समेत सभी एजेंसियां और संस्थाएं इस समस्या को हमेशा के लिए खत्म करने के लिये ठोस कदम उठाएंगी। केन्द्र द्वारा संचालित 'सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च' (सफर) के अनुसार दिल्ली का वायु गुणवत्ता शुक्रवार को खराब रही और रविवार तक इसके बेहद खराब श्रेणी में पहुंचने की संभावना है। सफर के अनुसार, पंजाब और हरियाणा में पराली नष्ट करने के लिए



लगाई गई आग पिछले 24 घंटों में काफी बढ़ गई है, जो अब दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक को प्रभावित करने लगेगी। केजरीवाल ने ट्वीट किया कि वर्ष के बाकी महीनों में दिल्ली का प्रदूषण 25 फीसदी तक कम हुआ लेकिन अक्टूबर नवंबर में पड़ोसी राज्यों में फसल जलने का धुआं खतरनाक प्रदूषण कर रहा है। धुआं आना शुरू हो गया है। हम दिल्ली वाले अपने स्तर पर जो मुमकिन है, वो सब कदम उठा रहे हैं- सम-विषम, दीवाली, कूड़ा जलना, धूल उड़ना आदि। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने लिखा कि 'मैं उम्मीद करता हूं कि सभी संस्थाएं इस प्रदूषण को हमेशा के लिए समाप्त करने के लिए कुछ ठोस कदम उठाएंगी-केंद्र सरकार, पंजाब और हरियाणा सरकारें, एनजीटी, सर्वोच्च न्यायालय।

### प्रदूषण रोकने में नाकाम रही केजरीवाल सरकार : तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण रोकने में नाकाम रहे दिल्ली के सीएम केजरीवाल अपनी कमियों का ठीकरा दूसरे राज्यों पर फोड़कर अपना पल्ला झाड़ रही है। प्रदूषण को लेकर सीएम यदि गंभीर हैं तो विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर प्रदूषण रोकने के उपायों पर चर्चा करें। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने सीएम केजरीवाल को कहा कि हर छोटी बड़ी बात पर सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया देने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री ने अब अपनी पुरानी चाल चलनी शुरू कर दी है। सीएम फिर आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति पर उतर आये हैं। जहरीले प्रदूषण के कारकों को ढूंढने के बजाय दूसरे राज्यों पर ऊंगली उठा कर दिल्ली के लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। 56 महीनों की नाकामी और असफलताओं के कारण हताश व निराश आम आदमी पार्टी (आप) अपनी नाकामियों का ठीकरा दूसरे राज्यों पर फोड़कर अपनी जिम्मेदारियों से बचने की कोशिश कर रही है। निगम, लोकसभा व



तमाम राज्यों में मिली हार को आप पचा नहीं पा रही है। दिल्ली की जनता के बीच भी केजरीवाल व उनकी पार्टी की विश्वसनीयता शून्य हो गई है। तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री का ऐसा बयान बिल्कुल अशोभनीय है। दिल्ली में प्रदूषण का स्तर केन्द्र सरकार व दिल्ली के सभी सांसदों के प्रयास से कम हुआ है, लेकिन उसका श्रेय लेते हुये आप की सरकार ने महंगे विज्ञापन के माध्यम से ढ़िंढोरा पीटा, फिर डेनमार्क से आये महापौर सम्मेलन के निमंत्रण पर खुद अपनी पीठ थपथपाने के लिए सरकारी खर्च पर आठ लोगों की फौज तैयार कर ली।

## 150 रूटों से डीटीसी बसों को हटाया गया: भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली में वर्ष 2015 में जब आम आदमी पार्टी (आप) सत्ता में आई थी, तब डीटीसी की 5000 से भी अधिक बसें सड़कों पर चल रही थीं परंतु अब डीटीसी के अंतर्गत मात्र 3781 बसें ही चल रही हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश तथा आप के 2015 के चुनावी वायदे के मुकाबले एक तिहाई बसें ही सड़कों पर हैं। इससे सरकार की विफलता का अंदाजा भलीभांति लगाया जा सकता है। दिल्ली विधानसभा के नेता विपक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में उक्त जानकारी दी। नेता विपक्ष गुप्ता ने कहा कि आरटीआई, 2005 के अंतर्गत दिल्ली सरकार द्वारा दी गई नवीनतम सूचना के अनुसार आप सरकार के कार्यकाल में डीटीसी के 150 महत्वपूर्ण रूटों से बसों को हटाया गया, 12 सौ ट्रिप प्रभावित हुए। बसों की संख्या में करीब 25 प्रतिशत की कमी आई है, 25 प्रतिशत रूट परिचालन बंद हुये हैं तथा यात्रियों की संख्या में 20 प्रतिशत से भी अधिक की गिरावट आई है। इतना ही नहीं अनेक महत्वपूर्ण रूटों से बसों को हटाया गया है। साथ ही ब्रेक डाउन की घटनायें बढ़ी हैं तथा बसों का कोई टाइम टेबल निर्धारित न होने के कारण आम यात्रियों की दिक्कतें व



■ 12 सौ ट्रिप प्रभावित, 25 प्रतिशत डीटीसी बसों को बेड़े से हटाया गया

परेशानियां दिन प्रति दिन बढ़ी हैं। प्रेसवार्ता में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री सरदार आर.पी. सिंह, विधायक जगदीश प्रधान, पूर्व विधायक अनिल वाजपेयी, कर्नल देविन्दर सहरावत, दिल्ली भाजपा के मीडिया सह-प्रभारी नीलकांत बख्शी, प्रमुख अशोक गोयल देवराहा उपस्थित थे। नेता विपक्ष ने कहा कि यह चिंता का विषय है कि गत 5 वर्षों में जहां दिल्ली निवासियों की सार्वजनिक परिवहन के लिये आवश्यकतायें लगातार बढ़ती गईं वहीं दूसरी ओर डीटीसी की सेवाओं में निरंतर गिरावट आती गई। इस दौरान, दिल्ली की आबादी में 20 लाख की वृद्धि हुई, रिहायशी क्षेत्रों का 15 प्रतिशत विस्तार हुआ और जनसंख्या के घनत्व में लगभग 10 प्रतिशत वृद्धि हुई। परंतु डीटीसी की बसों, रूटों तथा यात्रियों की संख्या में चिंताजनक गिरावट आई।

दिल्ली सरकार
आप की सरकार

# होगी दिल्ली पास, डेंगू फेल



यंग चैंपियन

बच्चों भूले तो नहीं, रविवार का होमवर्क याद है ना ?
डेंगू को हराने के लिए हमें क्या क्या करना है ?
आज 10 बजे 10 मिनट हमें सबको जगाना है और मिलकर डेंगू को भगाना है।
बच्चों आज हमें नज़र रखनी हैं कि कहीं साफ पानी जमा तो नहीं है
अगर हो तो उसे उडेल दें।
यह होमवर्क सिर्फ आपको ही नहीं बल्कि अपनें मम्मी पापा से,
आस-पड़ोस के लोगों से भी कराना है
और अपनी प्यारी दिल्ली को डेंगू से बचाना है।

Dip/shabdarth/d/0178/19-20



डेंगू पे वार हर रविवार

और हाँ, होमवर्क ख़त्म होने के बाद जो स्टीकर आपको
स्कूल में मिल रहें हैं उसे घरों के बाहर लगाना मत भूलना।

**दिल्ली कर दिखाएगी**

स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

### एक के हाथ और दूसरे के पैर में लगी गोली

# निजामुद्दीन : स्पेशल सेल ने एनकाउंटर में दबोचे दो बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली







निजामुद्दीन इलाके में शुक्रवार सुबह स्पेशल सेल ने फिर एनकाउंटर के बाद दो बदमाश दबोच लिये। दोनों बदमाश पुलिस की गोली से घायल भी हुये हैं। दोनों को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गये दोनों बदमाशों पर दक्षिण दिल्ली में एक महिला पत्रकार पर हुये हमले में शामिल का भी शक है। करीब एक पखवाड़े में सेल करीब आधा दर्जन एनकाउंटर कर कई नामी बदमाशों को सलाखों के पीछे धकेल चुकी है।

डीसीपी संजीव यादव के अनुसार सूचना मिली थी कि मथुरा रोड, निजामुद्दीन के पास बारापुला स्टेशन रोड पर तड़के 4 बजे दो बदमाश पहुंचेंगे। पुलिस ने इलाके में पूरी तरह से जाल बिछा लिया। 4 बजकर 25 मिनट के करीब बाइक पर सवार दो बदमाश निजामुद्दीन स्टेशन की ओर से आते दिखाई दिये। पुलिस द्वारा रोकने के बाद भी बदमाश भागने लगे। पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी कर पीछा किया। चारों तरफ से घिरने के बाद बदमाश पुलिस पर फायरिंग करने लगे। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की तो बदमाश गोली लगने के बाद बाइक समेत गिर पड़े। अनिल के दांये पैर में और अरुण के दांये हाथ में गोली लगी है। बदमाशों की तरफ से 4 राउंड पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने 8 राउंड फायर किये। दोनों बदमाशों के नाम अनिल उर्फ नरेंद्र और अरुण उर्फ टन्नी पता चलें। जांच में पता चला कि बदमाश हत्या, हत्या की कोशिश, मारपीट, रॉबरी और चैन छीनने के करीब दो दर्जन मामलों में शामिल थे। इनके पास से दो पिस्टल, चार कारतूस बरामद हुये। गौरतलब है कि 23 सितंबर की शाम सीआर पार्क से शॉपिंग कर लौट रही न्यूज एजेंसी एएनआई की महिला पत्रकार पर बाइक सवार दो बदमाशों ने चलते हुए ऑटो के भीतर से मोबाइल छीन लिया था। बदमाशों को पकड़ने की कोशिश में पत्रकार ऑटो से गिर पड़ीं थी और उनका जबड़ा टूट गया था। इस हमले में पत्रकार से सिर पर भी गंभीर चोटें आई थी। इस मामले में पुलिस ने लूट का मामला दर्ज किया था।

# अवैध शराब के साथ महिला समेत दो धरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- घोषित बदमाश की पत्नी है आरोपी महिला
- आरोपियों के पास से चार हजार 120 शराब के क्वार्टर बरमाद

नरेला थाना पुलिस ने घोषित बदमाश की पत्नी को 120 क्वार्टर के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, नारकोटिक्स सेल ने आशीष उर्फ आंशू को 80 शराब के कार्टून के साथ दबोच लिया। पुलिस ने दोनों के पास से चार हजार 120 अवैध शराब के क्वार्टर बरामद किये है। पुलिस की माने तो आरोपी आशीष पर पहले ही तीन मामले दर्ज है। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (आउटर-नॉर्थ) गौरव शर्मा ने बताया कि आउटर-नॉर्थ जिला पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ एक अभियान शुरू किया हुआ है। इसी बीच नारकोटिक्स सेल को सूचना मिली कि एक युवक अवैध शराब के साथ शाहबाद डेरी इलाके के बरवाला रेड लाइट से हेलीपोर्ट रोड, सेक्टर-36 रोहिणी में आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उधर, नरेला पुलिस ने भी गुप्त सूचना के बाद नरेला इलाके के घोषित बदमाश की पत्नी को अवैध शराब के साथ दबोच लिया।

### दिन में ऑटो चलाता और रात को करता था लूटपाट

**नई दिल्ली।** मुंडका पुलिस ने लूटपाट करने वाले गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी का नाम राजा और दूसरे का आशू बताया गया है। डीसीपी आउटर डॉ. ए कौन के अनुसार एसएचओ एस एस संधू की टीम ने बदमाशों के पास से चोरी की बाइक, चार मोबाइल फोन के अलावा एक चाकू भी बरामद किया है। दोनों बदमाश मुबारकपुर डबास गांव के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार इनके एक नाबालिग साथी को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि एक आरोपी दिन में ऑटो चलाता था और रात में लूटपाट की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस इनके रिकॉर्ड खंगाल रही है।

### युवक की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** कंझावला थाना इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक को गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक का नाम साहिल डबास (24) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। शुरूआती जांच के बाद पुलिस आशंका जता रही है कि रुपयो के लेन-देन के चलते साहिल की हत्या की गई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। डीसीपी (रोहिणी) एसडी मिश्रा का कहना है कि साहिल, गांव घेवरा में सपरिवार रहता था। परिवार में पिता, मां और एक छोटी बहन है। बृहस्पतिवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक को गोली मार दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में पुलिस को पता चला कि साहिल लोगों को ब्याज पर रुपये देता था। इसी वजह से उसकी हत्या की गई है।


## गुमशुदा लड़की की तलाश



साजिया बानो

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़की जिसका नाम साजिया बानो पुत्री मौहम्मद शफीक निवासी ए–35, बाबा फरीदपुरी, नजदीक गोपाल डेयरी, पटेल नगर पश्चिम, दिल्ली **उम्र** : 16 साल 2 महीने, **कद** : 5'2", **रंग** : गोरा, **चेहरा** : गोल, **शरीर** : पतला, जिसने हरे रंग कमीज, पीले रंग का पजामा और पांव में सिल्वर रंग की चप्पल पहने हुए है, दिनांक 20.09.2019 से दोपहर करीब 12:00 बजे से थाना आनन्द पर्वत, दिल्ली के क्षेत्र से लापता है। इस संदर्भ में प्रथम सूचना रिपोर्ट सं 220/19 दिनांक 23.09.2019 थाना आनन्द पर्वत, नई दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

ई–मेल: cic@cbi.gov.in
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
फैक्स: 24368639,
दूरभाष: 24368638/24368641

थानाध्यक्ष : थाना आनन्द पर्वत, दिल्ली
फोन : 011-28762468, 28764807

DP/6635/CD/19


## सोनिया विहार : गोदाम में लगी आग, एक घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दो मजदूर सकुशल निकले बाहर

सोनिया विहार इलाके में शुक्रवार सुबह एक गोदाम में भीषण आग लग गई। देखते-देखते आग ने पूरे गोदाम को अपनी जद में ले लिया। हादसे के दौरान दो मजदूर विक्की और भोला सकुशल बाहर निकल आये। लेकिन अजय (20) मामूली रूप से झुलस गया। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। शुरूआती जांच में पुलिस को पता चला कि गोदाम में थीनर रखा हुआ था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की 16 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। डीसीपी (नॉर्थ-ईस्ट) वेद प्रकाश सुर्या ने बताया कि पुलिस को सुबह करीब 11:58 बजे सोनिया विहार में राधा स्वामी मंदिर के पास एक गोदाम में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 16 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग ने दोपहर करीब 1:50 बजे आग पर काबू पाया। हादसे के दौरान गोदाम में तीन कर्मचारी अंदर काम कर रहे थे। आग लगते ही दो मजदूर तुरंग बाहर आ गए, लेकिन एक कर्मचारी अजय झुलस गया। उसे उसके सहयोगियों ने तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि गोदाम के अंदर थीनर था। इसी वजह आग ने चंद मिनटों में पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आने से गोदाम के अंदर रखा सारा सामान जल कर खाक हो गया। पुलिस गोदाम के मालिक प्रशांत और अन्य कर्मचारियों से पूछताछ कर जांच कर रही है।




**नई दिल्ली।** दिल्ली के राजपथ में चल सरस आजीविका मेला 2019 में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रस्तुति देते हुए लोक कलाकार।

### चोरी के फोन खरीदने वाली महिला अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शाहबाद डेरी थाना पुलिस ने चोरी के फोन खरीदने वाली एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी महिला का नाम दीपिका (बदला हुआ नाम) है। आरोपी महिला शाहबाद डेरी इलाके की रहने वाली है। डीसीपी (आउटर-नॉर्थ) गौरव शर्मा ने बताया कि शाहबाद डेरी में तैनात हेड कांस्टेबल सुरेंद्र ने गुप्त सूचना के आधार पर एक महिला को पकड़ा। जांच करने पर पुलिस को उसके पास से एक चोरी का फोन मिला। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस महिला से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनील उर्फ सन्नु, पुत्रः जगदीश, पताः एफ–44, गली नं. 81, महावीर एन्कलेव–III, दिल्ली** ने **FIR No. 241/19 u/s 356/379/34 IPC पुलिस थाना ख्याला, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया कि उक्त **सुनील उर्फ सन्नु** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में प्रदर्शित कर दिया गया है कि **सुनील उर्फ सन्नु** फरार हो गया है (या उक्त वारंट तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 241/19 u/s 356/379/34 IPC पुलिस थाना ख्याला, दिल्ली** के अभियुक्त **सुनील उर्फ सन्नु** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.11.2019** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री बबरू भान,
महानगर दंडाधिकारी, कमरा नं. 271,
दूसरी मंजिल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8451/WD/19


## बस ने युवक को कुचला, मौत

**नई दिल्ली।** कश्मीरी गेट थाना इलाके में एक तेज रफ्तार कलस्टर बस ने एक युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के दौरान युवक सड़क पार कर रहा था। पुलिस को मृतक के पास से कोई दस्तावेज नहीं मिले है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मामला दर्ज कर मृतक की शिनाख्त करने की कोशिश कर रही है। जानकारी के मुताबिक, बृहस्पतिवार दोपकर करीब 3:40 बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक तेज रफ्तार कलस्टर बस ने एक युवक को कुचल दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि हादसा कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन के पास हुआ था। हादसे के दौरान मृतक सड़क पार कर रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर बस चालक राजेंद्र कुमार को पकड़ लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रहे है।

## प्रेम नगर : थाने के अदंर युवक ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर लगाई आग, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- झगड़े के बाद पुलिसकर्मी पर कार्रवाई न करने का आरोप

प्रेम नगर थाना के अंदर ड्यूटी ऑफिसर के कमरे के बाहर फेसबुक पर लाइव आकर एक युवक ने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की। थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने तुरंत आग पर काबू पाया और युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हातल नाजुक बनी हुई है। पीड़ित युवक का नाम आंशू आर्य (24) है। डीसीपी (रोहिणी) एसडी मिश्रा ने बताया कि आंशू खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर थाने के अदंर आया। थाने में आने के बाद वह हेड कांस्टेबल संदीप को पूछने लगा। इससे पहले पुलिसकर्मी युवक को कुछ समझा पाते, युवक ने खुद को आग लगा ली। आग पर काबू पाने के बाद उसे अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, उसका उपचार जारी है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। जांच के दौरान सामने आये तथ्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी एसडी मिश्रा के मुताबिक, दशहरे वाले दिन शाम करीब 8:30 बजे आंशू अपने पिता याद राम के साथ घूम रहा था। इस दौरान आंशू दो युवक अमन डबास और हरदीप डबास से टकरा गया। टक्कर लगने से इनका फोन टूट गया। फोन टूटने पर दो युवक आंशू व उसके पिता के साथ झगड़ा करने लगे। इस पर आंशू के पिता याद राम ने दोनों युवकों से कहा कि इसमें लड़ने वाली बात नहीं है। वह उनका फोन ठीक करा देंगे। इसके बाद रात करीब 10:30 बजे पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली। बाद में आंशू ने थाने में आकर अमन व हरद्वीप के खिलाफ शिकायत दे दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पिता याद राम ने बताया कि झगड़े के बाद आरोपी उन्हें धमकाते थे और जान से मारने की धकमी देते है। इस पर उन्होंने थाने में कई बार शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इससे आंशू डिप्रेशन में आ गया और शुक्रवार दोपहर करीब 3:30 बजे आंशू ज्वलनशील पदार्थ डालकर थाने में गया। थाने में आने के बाद वह अपने आईओ (जांच अधिकारी) संदीप के बारे में पूछने लगा। इसी बीच उसने खुद को आग लगा ली।

### छुट्टी पर थे हेड कांस्टेबल संदीप

डीसीपी ने बताया कि एक हादसे में हेड कांस्टेबल संदीप के हाथ में फैक्चर आ गया था। इसके बाद से वह मेडिकल लीव (छुट्टी) पर है। आंशू ने इस तरह का कदम क्यों उठाया है। यह उसके बयान के बाद ही पता चल सकेगा। जांच में पुलिस को पता चला कि आंशू प्रिंटिंग का काम करता था। आंशू अपने परिवार के साथ 30/31, मुबारकपुर, नांगलोई में रहता था। परिवार में पिता याद राम, मां और दो भाई है।

### युवती की बहादुरी से पकड़े गये दो स्नैचर

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** राजौरी गार्डन इलाके में एक युवती ने बहादुरी दिखाते हुये दो नाबालिग झपटमारों को पकड़वा है। दोनों झपटमारों ने युवती का मोबाइल छीन लिया था। वारदात होते ही युवती ने शोर मचा दिया और दोनों बदमाशों का पीछा किया। आखिर में पब्लिक की मदद से दोनों झपटमार पकड़े गये। उनके पास से छीना गया मोबाइल भी बरामद हो गया। पुलिस के अनुसार इनके पास से बरामद हुई स्कूटी ख्याला इलाके से चोरी की मिली। पुलिस ने युवती को सम्मानित करने की बात कहीं है।


## प्रपत्र जी

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**

*[दिवालियापन और बैंगक्रप्सी के नियमन 36ए (1) के तहत (कार्पोरेट व्यक्तियों हेतु दिवालियापन रेजोल्यूशन प्रक्रिया) नियमनों, 2016*

**सम्बन्धित विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट देनदार का नाम | बीएचए एसोसिएट्स प्राईवेट लिमिटेड |
| 2. | कार्पोरेट देनदार में समावेश की तिथि | 12/08/1999 |
| 3. | अधिकारी जिसके तहत कार्पोरेट देनदार निगमित / पंजीकृत है | कम्पनी रजिस्ट्रार – दिल्ली |
| 4. | कार्पोरेट आइडेंटिटी नम्बर / कार्पोरेट देनदार का लिमिटेड लायबिलिटी आइडेंटिफिकेशन नम्बर | U18101DL1999PTC101143 |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और मुख्य कार्यालय (यदि कोई है) का पता | 40/43, द्वितीय तल, सी.आर. पार्क, नई दिल्ली–110019 |
| 6. | कार्पोरेट देनदार के सम्बन्ध में दिवालियापन प्रारम्भ की तिथि | 30/04/2019 |
| 7. | अभिरुचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि | 10/10/2019 |
| 8. | धारा 25(2)(एच) के तहत रेजोलुशन आवेदन हेतु पात्रता का कोड पर उपलब्ध है : | आईएनआर 1.50 करोड़ (एक करोड़ पचास लाख केवल) का न्यूनतम वास्तविक निविल मूल्य एक चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा 31 मार्च 2019 को अंकेक्षित वित्तीय परिणामों की एनटिटी और सत्यापन के आधार पर। |
| 9. | धारा 29ए के तहत लागू अपात्रता नियम पर उपलब्ध है : | https://ibbi.gov.in/webfront/legal_framework.php |
| 10. | अभिरुचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अन्तिम तिथि | 25 अक्तूबर 2019 |
| 11. | संभावित रेजोल्यूशन आवेदकों की अंतरिम सूची जारी करने की तिथि | 25 अक्तूबर 2019 |
| 12. | अंतरिम सूची में आपत्तियां जमा करने हेतु अन्तिम तिथि | 27 अक्तूबर 2019 |
| 13. | संभावित रेजोल्यूशन आवेदकों की अन्तिम सूची जारी करने की तिथि | 27 अक्तूबर 2019 |
| 14. | संभावित रेजोल्यूशन आवेदकों के लिए सूचना रेजोल्यूशन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और संकल्प योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तारीख | 26 अक्तूबर 2019 |
| 15. | संकल्प योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स सूचना मैमोरेंडम और अधिक जानकारी हेतु आवेदन प्राप्त करने का तरीका | सीओसी द्वारा अनुमोदित अनुसार केवाईसी के सत्यापन के उपरांत पूर्व योग्यता मानदंड और धारा 29ए के तहत पात्रता, निवेश की योग्यता, निवेश की क्षमता ई–मेल के माध्यम से मूल्यांकन मैट्रिक्स, मैमोरेंडम जानकारी, आरएफआरपी आरपी द्वारा शेयर की जाएगी। |
| 16. | संकल्प योजनाओं के जमा हेतु अन्तिम तिथि | सीओसी द्वारा निर्णय लिया जाएगा। |
| 17. | रेजोल्यूशन प्रोफेशनल को संकल्प योजना जमा करने का तरीका | ई–मेल आईडी : irp@ppglegal.com पर इलैक्ट्रोनिक रूप में और मोहरबंद लिफाफे में हार्ड प्रति स्पीड पोस्ट अथवा दस्ती रूप में। |
| 18. | निर्णायक अधिकारी को अनुमोदन हेतु संकल्प योजना के जमा के लिये अनुमानित तिथि | सीओसी द्वारा निर्णय लिया जाएगा। |
| 19. | रेजोल्यूशन प्रोफेशनल का नाम व पंजीकरण संख्या | नाम : पवन कुमार अग्रवाल<br>पंजी. सं. : IBBI/IPA-001/IP-P00852/11435 |
| 20. | बोर्ड के पास पंजीकृत अनुसार रेजोल्यूशन प्रोफेशनल का नाम पता व ई–मेल | नाम : पवन कुमार अग्रवाल<br>पता : एल–2/37ए, भू–तल, एकता स्क्वेयर, डीडीए, कालकाजी, नई दिल्ली–110019<br>ई–मेलः irp@ppglegal.com |
| 21. | रेजोल्यूशन प्रोफेशनल के पास पत्राचार हेतु उपयोग किया जाने वाला पता व ई–मेल | पता : एल–2/37ए, भू–तल, एकता स्क्वेयर, डीडीए, कालकाजी, नई दिल्ली–110019<br>ई–मेलः irp@ppglegal.com |
| 22. | अधिक विवरण के अथवा पास उपलब्ध है | irp@ppglegal.com |
| 23. | प्रपत्र जी के प्रकाशन की तिथि | 12/10/2019 |

हस्ता/–
आरपी का नाम : पवन अग्रवाल
कृते बीएचए एसोसिएट्स प्राईवेट लिमिटेड (सीआईआरपी के तहत)
दिनांक : 12.10.2019 पंजीकृत पता : एल–2/37ए, भू–तल, एकता स्क्वेयर, डीडीए, कालकाजी,
स्थान : नई दिल्ली नई दिल्ली–110019 पंजीकृत ई–मेल : irp@ppglegal.com


### मोबाइल एप 'एम हरियाली' को शुरू किए जाने के दौरान हरदीप पुरी ने कहा

# लुटियन दिल्ली को संवारने में एक भी पेड़ नहीं कटेगा, दस गुना होगा हरित आवरण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी ने शुक्रवार को कहा कि लुटियन दिल्ली को संवारने की मंत्रालय की योजना में एक भी पेड़ नहीं काटा जाएगा और हरित आवरण 10 गुना किया जाएगा। इस योजना में संसद का नवीकरण, नए केंद्रीय सचिवालय का निर्माण और राजपथ के पुनरुद्धार का काम शामिल होगा। मंत्री ने पेड़ लगाने और अन्य हरित पहल में जन भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए मोबाइल एप 'एम हरियाली' को शुरू किए जाने के दौरान इस बारे में कहा। पुरी ने कहा, हरित दायरा 10 गुणा बढ़ेगा। एक भी पेड़ नहीं काटा जाएगा। पहले दिन से मेरी यह नीति रही है। सौ साल पुराने पेड़ को हटाने-काटने का सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा कि फिलहाल इस चरण में केवल विचार दिए जा रहे हैं और किसी भी चीज को अंतिम रूप देने से पहले व्यापक स्तर पर लोगों से परामर्श किया जाएगा।

पुरी ने कहा कि राष्ट्रपति भवन, नार्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक या संसद जैसी सार्वजनिक इमारतों...उनके बारे में कोई अस्पष्टता नहीं है। इन इमारतों के इस्तेमाल में परिवर्तन हो सकता है। साउथ ब्लॉक का इस्तेमाल ऐतिहासिक संग्रहालय के तौर पर हो सकता है। हम संसद को सिर्फ लोकसभा के कक्ष के तौर पर इस्तेमाल करने और दूसरी संसद बनाने का निर्णय ले सकते हैं। ये सभी विचार हैं, जिनपर चर्चा होगी। हर चरण खुला होगा। धरोहर जैसी है वैसी ही रहेगी, इसे न केवल संरक्षित किया जाएगा, बल्कि इसका प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसी भी धरोहर वाले भवन को कोई नुकसान नहीं होगा। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि दिवाली के पहले योजना को अंतिम रूप देने वाली कंपनी पर फैसला हो जाएगा। फिलहाल परियोजना को लेकर छह कंपनियां दौड़ में हैं।


## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**पंजीकृत कार्यालय** : लैंडमार्क, रेस कोर्स सर्कल, वडोदरा-390007
**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

### स्वर्ण नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के बदले उनकी बकाया राशियों का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये। चूंकि बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में वे विफल रहे हैं, हम **22 अक्तूबर** 2019 को गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की एक नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक के पास बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : अग्रोहा | |
| 093305002907 | सतबीर सिंह |
| शाखा का नाम : अम्बाला कैंट | |
| 049805003134 | माया देवी |
| शाखा का नाम : बरवाला, हरियाणा | |
| 359005000606 | करण पाल |
| 359005000736 | संदीप एस |
| शाखा का नाम : भिवानी | |
| 072905001823 | ओमप्रकाश |
| शाखा का नाम : चरखी दादरी | |
| 211105001121 | ज्योति ज्योति |
| शाखा का नाम : चीका | |
| 086005002090 | हरमीत सिंह |
| 086005003190 | बख्शीश सिंह |
| 086005003746 | दलेर सिंह |
| 086005004771 | पूनम जीत कौर |
| शाखा का नाम : धारूहेड़ा | |
| 162905001212 | बलजीत सैन |
| शाखा का नाम : ऐलनाबाद, हरियाणा | |
| 359405001178 | समुंद्र सिंह |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – एनआईटी | |
| 102505002605 | सुनील वशिष्ठ |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर–29 | |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 140005000718 | साहिल आनंद |
| शाखा का नाम : फतेहाबाद | |
| 093205003718 | सोनू रानी |
| शाखा का नाम : घरौंडा, हरियाणा | |
| 359905000379 | मनोज मनोज |
| 359905000479 | मेहताब |
| 359905001260 | अमित कुमार |
| 359905001262 | पूनम रानी |
| 359905001429 | कांता देवी |
| शाखा का नाम : गोहाना | |
| 062705000792 | प्रशांत कुमार |
| 062705000862 | राकेश कुमार वालिया |
| शाखा का नाम : इन्द्री, हरियाणा | |
| 359605000736 | विकाश विकाश |
| शाखा का नाम : झज्जर | |
| 140205001216 | गोपाल गोपाल |
| 140205001623 | दीपक सैनी |
| शाखा का नाम : कालका | |
| 086205001725 | रमन कुमार |
| शाखा का नाम : लाडवा, हरियाणा | |
| 359105000612 | राज कुमार |
| 359105000929 | अजय कुमार |
| शाखा का नाम : महम | |
| 382505000216 | अनिल कुमार |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197805001774 | प्रदीप कौर |
| 197805003226 | बलजीत सिंह |
| 197805003753 | बक्शीश सिंह |
| 197805003766 | गुरमैल सिंह |
| शाखा का नाम : नारायणगढ | |
| 093105002454 | जय वीर सिंह |
| 093105001329 | राजेश कुमार |
| 093105003354 | रूलदा राम |
| 093105003361 | रविन्दर सिंह |
| शाखा का नाम : नरवाना, हरियाणा | |
| 358905000299 | महिपाल |
| शाखा का नाम : नीलोखेड़ी | |
| 210905000519 | जिले सिंह |
| 210905000961 | सतीश X |
| शाखा का नाम : पलवल | |
| 073405001035 | सतपाल |
| शाखा का नाम : पानीपत | |
| 017405007187 | कुलदीप सिंह |
| शाखा का नाम : पेहोवा | |
| 073005003745 | सतीश कुमार |
| शाखा का नाम : रतिया | |
| 214605002170 | पवन कुमार |
| 214605002548 | इन्द्रजीत सिंह |
| शाखा का नाम : शाहबाद | |
| 073105001306 | नरिन्दर पाल सिंह |
| शाखा का नाम : तरावड़ीमंडी | |
| 048405001021 | मोहिन्दर सिंह |
| शाखा का नाम : उचाना | |
| 377205000310 | मंजीत कुमार |

दिनांक : 12.10.2019
स्थान : हिसार, झज्जर, जीन्द, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, पलवल, पंचकूला, पानीपत, रेवाड़ी, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, अम्बाला, भिवानी, चरखी दादरी, फरीदाबाद, फतेहाबाद

हस्ता/–
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## खबर संक्षेप



### जिम्मेदारी संभालने राजधानी पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

**लखनऊ।** यूपी कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू शुक्रवार को नई जिम्मेदारी संभालने राजधानी पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। लल्लू यूपी रोडवेज की बस से राजधानी पहुंचे। पॉलीटेक्निक चौराहे से यूपी कांग्रेस कमेटी मुख्यालय तक चार किलोमीटर तक वह जुलूस में गए। पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों ने हाथ में पोस्टर और बैनर ले रखे थे।

### दूषित पेयजल के सेवन से एक की मौत, 85 बीमार

**बलिया (उप्र)।** जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के नागपुर ग्राम में दूषित पेयजल के सेवन से 10 वर्षीय बालिका की मौत हो गई व 85 लोग बीमार हो गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीके मिश्रा ने बताया कि नागपुर ग्राम में पेयजल टंकी के दूषित पानी का सेवन करने से 85 लोग बीमार हो गए। पूजा (10) की मौत हो गई तथा 28 बीमार लोगों को रसड़ा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से नौ की हालत गंभीर है।

### यूपीः आधार कार्ड से लिंक की जाएंगी शहरी संपत्तियां

**लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार कर्नाटक की तर्ज पर अर्बन प्रोपर्टीज ऑनरशिप रिकॉर्ड (यूपीओआर) योजना लागू करने की तैयारी कर रही है। इसके तहत प्रदेश में सभी शहरी संपत्तियां मालिक के आधार कार्ड से लिंक कराई जाएंगी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि योजना से बेनामी संपत्तियों, अन्य संपत्तियों की पहचान करने में मदद मिलेगी, नगर निकायों में कर भंडारण ज्यादा होगा।

### पटना सिटी एसपी विनय तिवारी आईजीआईएमएस में भर्ती

# डेंगू की चपेट में आए पुलिस वाले, विपक्ष ने घेरी सरकार

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार में बाढ़ व जलजमाव के बाद लोग डेंगू की चपेट में आ रहे हैं। डेंगू की चपेट में आमलोगों के साथ-साथ पुलिसकर्मी भी आ गये हैं। इनमें पटना के सिटी एसपी सेंट्रल भी शामिल हैं। वहीं, दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष व आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने ट्वीट कर सरकार से आग्रह किया है कि सुरक्षात्मक उपाय कर बीमारियों के समुचित इलाज की व्यवस्था की जाए। इधर, जेएपी के संरक्षक पप्पू यादव ने पहल करते हुए पटना के बाजार समिति स्थित केला मंडी में मेगा मेडिकल कैंप लगाया है। साथ ही कहा है कि डेंगू से किसी को मरने नहीं देंगे।

जानकारी के मुताबिक, पटना के सिटी एसपी (सेंट्रल) विनय तिवारी वायरल की चपेट में आ गये हैं। उन्हें आईजीआईएमएस में भर्ती कराया गया है। वहीं, सूचना है कि पटना की एसएसपी की तबीयत भी नासाज है। इसके अलावा पुलिस लाइन में तैनात दो दारोगा मुकेश कुमार व गजेंद्र डेंगू की चपेट में आ गये हैं। प्रारंभिक जांच में दोनों दारोगाओं में डेंगू के लक्षण पाये गये हैं। इतना ही पुलिस लाइन के करीब दर्जनभर से अधिक दारोगा बुखार से पीड़ित हैं।

### स्वास्थ्य मंत्री फिर लापताः तेजस्वी

इधर, नेता प्रतिपक्ष, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने ट्वीट कर कहा है कि '15 जिलों में उत्पन्न बाढ़, जलजमाव के बाद बिहार में महामारी का खतरा। हजारों लोगों पर डेंगू का कहर। चिकनगुनिया, मलेरिया व डायरिया के मरीज बढ़े। स्वास्थ्य मंत्री फिर लापता। सरकार से आग्रह है सभी प्रकार के सुरक्षात्मक उपाय कर बीमारियों के समुचित इलाज की व्यवस्था करें।

### डेंगू से किसी को मरने नहीं देंगेः पप्पू

वहीं, जन अधिकार पार्टी के संरक्षक पप्पू यादव ने ट्वीट कर कहा है कि 'डेंगू की भीषण चपेट में पटना। सरकारी आंकड़ों में 1500 से अधिक मरीज। जलप्रलय की तरह सरकार इसमें भी कुछ करने से रही! लिहाजा मैंने पटना को डेंगू मुक्त करने का संकल्प लिया है। डेंगू से किसी को मरने नहीं देंगे। बाजार समिति केला मंडी में एक मां से मेगा मेडिकल कैंप का उद्घाटन करवाया।



**बिगड़े हालात**


- पटना की एसएसपी की तबीयत भी नासाज
- पुलिस लाइन के दर्जनभर दारोगा बुखार से पीड़ित

### जलजमाव पर गठित नहीं हुई जांच टीमः सुशील मोदी



पटना। राजधानी पटना में हुए जलजमाव पर नगर विकास, आवास मंत्री सुरेश शर्मा द्वारा तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किये जाने को लेकर उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी ने कहा है कि किसी भी प्रकार की कोई समिति नहीं बनाई गई है। मालूम हो कि पहले खबर आई थी कि की तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया गया है। जांच टीम जवाबदेही तय करेगी कि राजधानी पटना में जलजमाव के लिए कौन जिम्मेदार है।

### क्यों भरा पानी, सीबीआई करे जांचः मांझी



जलजमाव की समस्या की जब सीबीआई जांच करवाई जाएगी तो इस बात का पता चल जाएगा कि कौन से लोग इसके लिए दोषी हैं। फिलहाल राजधानी को डुबाने के मामले में पटना नगर निगम समेत राज्य सरकार कटघरे में खड़ी है। - **जीतन राम मांझी, बिहार के पूर्व सीएम**

## लालू बोले- 'बिल्ली कर रही दूध की रखवाली!' बिफरे जेडीयू के पूर्व प्रवक्ता अजय आलोक

**पटना।** राजधानी पटना में जलजमाव के लिए 'जिम्मेदार कौन' के सवाल पर छिड़ी बहस के बीच तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को सरकार पर निशाना साधा है। साथ ही 'जिम्मेदार कौन' की जांच के लिए कमेटी गठित किये जाने की खबरों पर तंज कसते हुए ट्वीट किया है। इसके बाद उनके पिता लालू प्रसाद यादव ने उनके ट्वीट को री-ट्वीट कर दिया। लालू प्रसाद यादव के री-ट्वीट पर जेडीयू के पूर्व प्रवक्ता डॉ. अजय आलोक बिफर पड़े। उन्होंने पलटवार करते हुए लालू प्रसाद यादव को सलाह दी है। जानकारी के मुताबिक, राजधानी पटना में जलजमाव के लिए 'जिम्मेदार कौन' की जांच के लिए नगर विकास व आवास मंत्री सुरेश शर्मा द्वारा कमेटी गठित किये जाने पर नेता प्रतिपक्ष व आरजेडी नेता तेजस्वी तंज कसते हुए ट्वीट किया है। उन्होंने कहा है कि 'भ्रष्टाचार में मस्त, छल-कपट में व्यस्त बेशर्मों की धूर्तता व नग्नता देखिए। जिन भ्रष्ट नेताओं ने सीवर, ड्रेनेज सिस्टम, स्मॉर्ट सिटी, नमामि गंगे के हजारों करोड़ बिना डकार लिए हजम कर लिये, वही नीतीश-सुशील मोदी के लोग इसकी जांच करेंगे। वाह सुशासन बाबू! वाह.. इसके बाद उनके पिता व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने तेजस्वी यादव के ट्वीट कर 'री-ट्वीट' कर कमेटी गठित किये जाने पर चुटकी ली है। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि 'बिल्ली कर रही दूध की रखवाली!'

- सरकारी आंकड़ों में 1500 मरीज हैं बीमार : पप्पू
- बीमारियों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो : तेजस्वी



### जदयू- ये आप कह रहे हैं!

लालू प्रसाद यादव के ट्वीट पर जेडीयू के पूर्व प्रवक्ता डॉ. अजय आलोक भड़क गये। लालू प्रसाद यादव के ट्वीट पर पलटवार करते हुए उन्होंने सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि 'ये आप कह रहे हैं! वैसे आपसे बेहतर कौन समझेगा? 15 साल बिहार, पांच साल रेल की रखवाली का अच्छा अनुभव हैं। इसीलिए रांची में हैं। आराम कीजिए स्वास्थ्य लाभ लीजिए। कहां चक्कर में हैं? हां, जेपी (जयप्रकाश नारायण) को नमन जरूर कीजिएगा आज।

# जहानाबाद में फिर सांप्रदायिक हिंसा, एक की मौत, 3 घायल



एजेंसी ⏭ जहानाबाद

बिहार के जहानाबाद में शुक्रवार को सांप्रदायिक हिंसा की ताजा घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक सुरक्षा कर्मी समेत तीन लोग घायल हो गये। बृहस्पतिवार को दुर्गा विसर्जन के दौरान दो समुदायों के बीच झड़प हुई थी। डीएम नवीन कुमार ने नवीनतम हिंसा में एक व्यक्ति की मौत व तीन अन्य के घायल होने की पुष्टि की है। जकारगंज के बाशिंदों ने शुक्रवार तड़के गौरक्षमी कॉलोनी में विष्णु यादव और बिट्टू कुमार पर हमला किया। विष्णु कुमार की मौत हो गई जबकि बिट्टू के पैर में गोली लगी। बिट्टू का इलाज चल रहा है। डीएम ने कहा कि हमने जकारगंज के 12 लोगों को गिरफ्तार किया है व उनके घरों से कई तलवार जब्त किये गये हैं। गोलियां चलाने के बाद हमलावरों ने मौके पर पहुंचे सुरक्षाकर्मियों पर पत्थर फेंके। इस घटना में त्वरित कार्यबल के एक कमांडो व एक स्थानीय घायल हो गये। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। पटना में पुलिस महानिदेशक गुप्तेश्वर पांडे ने एक व्यक्ति की मौत व 'केवल एक को गोली लगने' की पुष्टि की है। उन्होंने इसके लिए असामाजिक तत्वों के बीच झड़प को जिम्मेदार ठहराया जिसके बाद एक पक्ष ने गोली चला दी। स्थिति बृहस्पतिवार को ही नियंत्रण में ले आई गई थी। मूर्तियों का विसर्जन भी देर शाम हुआ। शुक्रवार तड़के की घटना के बाद स्थिति फिर नियंत्रण में ले ली है। गुरुवार को जब अरवाल मोड़ के समीप मूर्ति विसर्जन के लिए ले जाई जा रही थी तब जुलूस पर पत्थर फेंका गया था। श्रद्धालुओं ने इसके लिए वहां खड़े दूसरे समुदाय के लोगों को जिम्मेदार ठहराया था जिसके बाद दोनों पक्ष में भारी पथराव हुआ एवं 14 लोग घायल हो गये थे। उपद्रवी भीड़ ने क्षेत्र की कई दुकानों में आग लगा दी थी।

### धारा 144 लागू, डीएम-एसपी ने इलाके में डेरा डाला



गुप्तेश्वर पांडे ने बताया कि सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लगाई गई व भारी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किये गये। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने इलाके में डेरा डाला। तब जाकर स्थिति नियंत्रण में आई।

- जकारगंज के 12 लोग गिरफ्तार
- आरोपियों के घरों से कई तलवार बरामद
- हमलावरों ने सुरक्षाकर्मियों पर पत्थर फेंके
- त्वरित कार्यबल का कमांडो भी जख्मी

### बिना लाइसेंस के मूर्ति रखने वालों पर कार्रवाई शुरू

**बक्सर।** दुर्गा पूजा में मूर्ति विसर्जन के दौरान बिना अनुमति डीजे बजाने, बिना लाइसेंस के मूर्ति रखनेवालों पर प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएम के निर्देश पर बक्सर सीओ सत्येंद्र सिंह के बयान पर चार पूजा समितियों के खिलाफ नगर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामला दर्ज करते ही मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस को दिये आवेदन में बताया गया कि शहर के चार पूजा समिति कुंवर कला पूजा समिति, अलका सिनेमा दुर्गा पूजा समिति, कचहरी गेट के सामने पूजा समिति व मल्लाह टोली के वीर एकलव्य पूजा समिति द्वारा बिना लाइसेंस लिये मूर्ति स्थापित की गई थी।

## राशिफल 12 अक्टूबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : कार्यक्षेत्र पर किसी चीज को लेकर बहस हो सकती है। परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। किसी प्रॉप्रर्टी से लाभ होने की उम्मीद है। फिजूल खर्ची रोकें। **शुभ अंकः** 1, **रंग** : हल्का पीला।

**वृषः** कार्यक्षेत्र पर सभी आपके काम करने के तरीके से प्रोत्साहित होंगे। परिवार के लोग आपकी बातों से सहमत नहीं होंगे। कहीं छुट्टियों पर जाना एक यादगार अनुभव रहेगा। **शुभ अंकः** 15, **रंगः** फोरेस्ट ग्रीन।

**मिथुनः** व्यवसाय में नुकसान हो सकता है। पढ़ाई को लेकर खुशखबरी मिल सकती है। यात्रा पर जाकर एंजॉय कर सकते हैं। प्रॉप्रर्टी से जुड़ा कोई मामला आसानी से सुलझ जाएगा। **शुभ अंक** : 11, **रंगः** गाढ़ा आसमानी।

**कर्कः** फिजूलखर्चो सें बचने की कोशिश करें। किसी काम को पूरा कराने के लिए सहयोगियों आपकी मदद करेंगे। परिवार के सदस्य आपके विचार से समहत होंगे। **शुभ अंकः** 18, **रंगः** पीच।

**सिंहः** कार्यक्षेत्र पर सतर्क रहने की जरूरत है। परिवार का कोई नौजवान गलत रास्ते पर जा सकता है। किसी प्रॉप्रर्टी का मालिकाना हक मिल सकता है। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। **शुभ अंकः** 2, **रंगः** आसमानी।

**कन्याः** कार्यक्षेत्र पर टीमवर्क के चलते कोई काम समय पर पूरा कर पाएंगे। परिवार के किसी समारोह में जाकर खुश रहेंगे। किसी खूबसूरत जगह घूमने जाकर अच्छा महसूस करेंगे। **शुभ अंकः** 9, **रंगः** पर्पल।

**तुलाः** कार्यक्षेत्र पर काम की प्रशंसा होगी। परिवार के छोटे सदस्य के नखरों से नाराज हो सकते हैं। मकान मालिक घर किराए पर दे सकते हैं। नए वाहन की खरीददारी के योग बन रहे हैं। **शुभ अंकः** 7, **रंग** : गुलाबी।

**वृश्चिकः** कार्यक्षेत्र पर काम पूरा ना हो पाने के कारण समस्या होगी। परिवार के किसी समारोह में सभी आपकी तारीफ करेंगे। किसी प्रॉप्रर्टी को किराए पर देना फायदेमंद साबित होगा। **शुभ अंकः** 8, **रंग** : क्रीम।

**धनुः** अपनी किसी बुरी आदत को छोड़ने के लिए इच्छा शक्ति मजबूत करें। चीजों के सुचारु रुप से होने पर परिवार में खुशियां रहेंगी। किसी प्रॉप्रर्टी की डील को करने से लाभ होगा। **शुभ अंक** : 3, **रंगः** केसरिया।

**मकरः** कार्यक्षेत्र पर चीजें आपके प्लान से चलेगी। परिवार का कोई बड़ा सदस्य आप पर शक कर सकता है। प्रॉप्रर्टी को खरीदने की सोच सकते हैं। पढ़ाई में अपनी सफलता से खुश होंगे। **शुभ अंक** : 6, **रंगः** वॉयलेट।

**कुंभ** : कार्यक्षेत्र पर अपने काम से संतुष्ठ रहेंगे। परिवार की किसी समस्या को सुलझाने की कोशिश करेंगे। किसी प्रॉप्रर्टी के कारण भाई-बहनों में झगड़ा हो सकता है। **शुभ अंक** : 22, **रंगः** नारंगी।

**मीनः** कार्यक्षेत्र पर सीनियर का मूड जानने के बाद ही कोई बात करें। परिवार के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं। पूर्व-उत्तर या उत्तर-पूर्व दिशा में यात्रा करना शुभ रहेगा। **शुभ अंक** : 17, **रंग** : गुलाबी।

**: टिप्स :**

1. एक लाल लिफाफे में तीन सिक्के को डालकर अपने कंप्यूटर या मेज पर रखें। फेंगशुई में इन दोनों का आध्यात्मिक मिलन पैसे को आकर्षित करने के लिए महत्वपूर्ण बताया गया है।
2. अपने लिविंग रूम में विभिन्न किस्म की खुबसूरत नौ तस्वीरें लगाएं। अंक नौ सबसे शुभ होता है, इसलिए इस संख्या की प्रदर्षित तस्वीरों से सकारात्मक और खुशियों का प्रवाह बना रहता है।



टिप्सः मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

# गोरखपुर जेल में कैदियों के दो गुट भिड़े डिप्टी जेलर समेत सुरक्षाकर्मी भी पीटे

एजेंसी ⏭ गोरखपुर

गोरखपुर जिला जेल में शुक्रवार सुबह खाने को लेकर कैदियों के दो विरोधी गुटों में जबरदस्त संघर्ष हो गया, जिसमें कुछ लोग घायल हो गये। सूत्रों के अनुसार कैदियों ने बीच-बचाव करने गए कुछ जेल कर्मियों की भी पिटाई कर दी।

एडीएम (शहर) राकेश कुमार श्रीवास्तव तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। दो कैदियों के बीच खाने को लेकर विवाद हुआ, इनमें से एक कैदी ने खाने की गुणवत्ता खराब होने की बात कही जबकि दूसरे कैदी का कहना था कि यह खाना जेल के अन्य कैदियों द्वारा ही बनाया जाता है। बाद में विवाद में जेल के अन्य कैदी भी शामिल हो गये और दोनों गुटो में संघर्ष हो गया। एडीएम के अनुसार अब मामला सुलझा लिया गया है, जेल में खाना पकाने का काम फिर से शुरू हो गया है। अब हालात सामान्य हो गये है व पुलिस भी जेल से वापस चली गई है।





### डीएम ने दिया कैदियों की मांग पूरी करने का भरोसा

डीएम विजयेंद्र पांडियन ने बताया कि गोरखपुर जेल में कैदियों के दो विरोधी गुट आपस में भिड़ गये। इस दौरान जेल में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने मामले को सुलझाने की कोशिश की तो वह भी हंगामे की चपेट में आ गये। जेल में कैदियों की कुछ मांगे थी जिन्हें पूरा करने के लिये उन्हें लिखित आश्वासन दे दिया गया है।

### कैदी की पिटाई से उग्र हुए अन्य बंदी

जेल सूत्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि विवाद की शुरुआत गुरुवार रात को उस समय शुरू हुई जब कैदी की पुलिस अधिकारी ने पिटाई कर दी थी। यह बात जब जेल में बंद अन्य कैदियों को शुक्रवार की सुबह मिली तब कैदी उग्र हो गये। गुरुवार को जब बैरक नंबर एक के दो कैदी अदालत से लौट रहे थे तभी पुलिस अधिकारी ने उनकी पिटाई कर दी। शुक्रवार की सुबह जब यह बात अन्य कैदियों को पता लगी तो उन्होंने जेल के सुरक्षाकर्मी व डिप्टी जेलर की पिटाई कर दी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी पुलिस बल के साथ तुरंत जेल पहुंच गये। सूत्रों के अनुसार कुछ कैदियों ने जेल में तैनात कुछ सुरक्षाकर्मियों की भी पिटाई कर दी।

### जांच में नए तथ्य भी शामिल किए गएः एसपी

# पुष्पेन्द्र मुठभेड़ः जांच के सिलसिले में परिवार से बात नहीं कर रही पुलिस

एजेंसी ⏭ झांसी (उप्र)

पुलिस मुठभेड़ में कथित तौर पर मारे गये युवक के भाई का कहना है कि मामले की जांच के सिलसिले में उसके परिवार से पुलिस बात नहीं कर रही है। पुलिस मुठभेड़ में पांच अक्टूबर को मारे गये पुष्पेन्द्र यादव के भाई रविन्द्र ने बताया कि उनकी बात सुनने को कोई तैयार नहीं है।

जांच के सिलसिले में किसी ने उनसे संपर्क नहीं किया है। रविन्द्र केंद्रीय औद्योगिक पुलिस बल में जवान हैं व दिल्ली में तैनात हैं। पुलिस ने उन पर एफआईआर दर्ज की है, सच्चाई यह है कि वह डयूटी पर थे। एसपी ओपी सिंह ने बताया कि मामले की मजिस्ट्रेट जांच चल रही है। पुलिस ने सही कदम उठाया है, जांच के दौरान जो नये तथ्य सामने आये, उन्हें शामिल किया है। अगर परिवार वालों की शिकायत आती है तो उसे जांच का हिस्सा बनाया जाएगा। पुलिस के अनुसार पुष्पेन्द्र अवैध बालू खनन में लिप्त था। वह गुरसराय थानाक्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ के दौरान मारा गया था। पुलिस का दावा है कि पुष्पेन्द्र ने मोठ के थाना प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह चौहान पर फायरिंग की थी। 6 अक्टूबर को मोठ, गुरसराय थानों में पुष्पेन्द्र, विपिन व रविन्द्र पर दो अलग- अलग एफआईआर दर्ज की गईं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुठभेड़ को फर्जी करार देते हुए आरोप लगाया कि पुलिस ने पुष्पेन्द्र की हत्या की।



### पति ने की पत्नी, प्रेमी की हत्या

**कानपुर।** जिले में नरवल के नरौरा गांव में पति ने पत्नी व उसके प्रेमी को आपत्तिजनक अवस्था में पाये जाने के बाद चाकू से गर्दन काटकर उनकी हत्या कर दी। एसएसपी अनंत देव तिवारी ने बताया कि राजेश कुरील मजदूरी का काम करता है। शुक्रवार को उसने पत्नी, उसके प्रेमी को आपत्तिजनक अवस्था में देख लिया। बाद में उसने रसोईघर के चाकू से पत्नी, उसके प्रेमी की गर्दन काटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद 45 वर्षीय कुरील ने पुलिस नियत्रंण कक्ष को फोन कर इस हत्याकांड की जानकारी दी। पत्नी सुनीता की उम्र 30 साल थी जबकि प्रेमी फतेहपुर जिले का रहने वाला मनीष कुरील 21 साल का था। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

### सड़क किनारे सो रहे यात्रियों को बस ने कुचला, सात की मौत

बुलंदशहर। जिले में भीषण सड़क हादसे में नरौरा के गांधी गंगा घाट के समीप सड़क किनारे सो रहे सात श्रद्धालुओं की बस से कुचलकर मौत हो गई। शुक्रवार तड़के हुए हादसे में मरने वालों में तीन बच्चे, चार महिलाएं हैं। सभी श्रद्धालु वैष्णो देवी के दर्शन करके लौट रहे थे। एसएसपी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि हाथरस जिले के थाना चंदपा क्षेत्र निवासी फूलवती का परिवार कुछ ग्रामीणों, रिश्तेदारों के साथ बस से तीर्थयात्रा पर निकला था। दर्शन कर लौट रहे सभी यात्री शुक्रवार तड़के नरौरा के गांधी गंगा घाट पर पहुंचे थे। यात्री वहीं पर बस से उतरकर सड़क किनारे सो गए। तड़के लगभग चार बजे तीर्थ यात्रियों से भरी दूसरी बस ने सड़क किनारे सो रहे यात्रियों को कुचल दिया।



### बेटी को जेल भेजकर तेल मालिश वाले के साथ है सरकारः अखिलेश

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रदेश की योगी सरकार पर लगातार हमलावर हैं। उन्होंने फिर दोहराया कि झांसी में पुष्पेंद्र की हत्या हुई है। सरकार अन्याय के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि आज यूपी में ऐसी सरकार है तो बेटी को जेल में भेजकर तेल-मालिश वाले के साथ खड़ी है। शुक्रवार को जय प्रकार नरायण की जन्मतिथि पर लखनऊ में उनकी प्रतिमा माल्यार्पण करने के बाद अखिलेश ने कहा कि उनके योगदान को कोई भुला नहीं सकता है। देश खुशहाल तभी हो सकता है जब जेपी के सिद्धांत, उनके बताए रास्ते पर चले। देश के सामने उस समय जो चुनौतियां थीं वही आज भी हैं। आज किसान को फसल की कीमत नहीं मिल रही है। महंगाई बढ़ती जा रही है, बाजारीकरण होता जा रहा है।

### रघुवर ने कोल्हान के किसानों को दी 452 करोड़ की सौगात

**रांची/चाईबासा।** झारखंड के सीएम रघुवर दास ने शुक्रवार को कोल्हान प्रमंडल के 11 लाख किसानों को 452 करोड़ रुपये की सौगात दी। सीएम ने कहा कि अन्नदाता किसान राज्य की संस्कृति की धुरी हैं। भारत गांव और किसानों का देश है। लोगों की आजीविका कृषि पर आधारित है पर दशकों तक किसानों की समृद्धि, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की किसी ने पहल नहीं की। फलस्वरूप किसान आत्महत्या को मजबूर हुए। वे कर्जदार बने। लेकिन, हमारी सरकार ने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल की है। इसका लाभ किसानों को मिल रहा है। ये बातें सीएम ने चाईबासा में आयोजित मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना का शुभारंभ करने के बाद एक समारोह में कही।

# चालान कटा तो युवक ने खुद पर पेट्रोल छिड़का

एजेंसी ⏭ पूर्णिया

बिहार के पूर्णिया जिले में जब यातायात पुलिस ने युवक का चालान काटना चाहा तो युवक ने ऐसा कदम उठाया कि सभी हक्का-बक्का हो गए। पूर्णिया के आरएन शाह चौक पर युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की। ड्रामा को देखकर वहां लोग जमा हो गए व किसी तरह युवक के हाथ से माचिस छीनी। युवक ने हेलमेट नहीं पहना था। वाकये के बाद प्रशासन भीड़ को नियंत्रित करने में लगा रहा। वहीं युवक चिल्ला चिल्ला कर प्रशासन पर ही आरोप लगाता रहा। युवक की मानें तो उसके पास हेलमेट नहीं था। उसने बार-बार माफी की गुहार लगाई, प्रशासन ने एक न सुनी। इसलिए उसने खुद को जलाकर आत्महत्या करने की कोशिश की।



### की गई हरकत पर होगी कानूनी कार्रवाई

मामले में यातायात प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने पर चालान काटा जा रहा था। इससे युवक ने आत्महत्या करने की कोशिश की। गलती की है तो चालान तो काटना ही पड़ेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह से बीच चौराहे पर की गई हरकत के लिए भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अर्ध नग्न अवस्था में ही हिरासत में लिया युवक


उधर सहायक खजांची थाना की पुलिस मौके पर पहुंची, युवक को अर्ध नग्न अवस्था में ही गाड़ी में बिठा कर थाने ले गई। इस दौरान आरएन शाह चौक का माहौल गरम दिखा। ट्रैफिक व्यवस्था भी कुछ देर बाधित रही।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा पूरे देश में लागू होगी एनआरसी

# 2024 तक प्रत्येक घुसपैठिए को देश से बाहर कर दिया जाएगा

एजेंसी ▶▶ चिखली

केंद्रीय गृह मंत्री एवं भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने शुक्रवार को कांग्रेस और राकांपा पर निशाना साधते हुये कहा कि दोनों पार्टियां अपने-अपने परिवारों के लिए काम करती हैं जबकि भाजपा और शिवसेना के जहन में केवल देश हित रहता है। शाह ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस की ब्रिटेन इकाई के प्रतिनिधिमंडल द्वारा ब्रिटेन की लेबर पार्टी के नेता जेरेमी कोर्बिन से मुलाकात करने और कश्मीर मुद्दे पर चर्चा करने को लेकर पार्टी नेता राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए क्योंकि यह भारत के उस रुख के खिलाफ है कि कश्मीर में किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं होगी और यह भारत का आंतरिक मामला है। राहुल गांधी को इस मुद्दे पर अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए। इस बैठक के बाद, कांग्रेस ने ब्रिटेन में अपनी ओवरसीज इकाई को यह कहते हुए मान्यता नहीं दी थी।



### खास बातें

- भाजपा और शिवसेना के जहन में केवल देश हित रहता है
- कश्मीर में किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं होगी और यह भारत का आंतरिक मामला है
- आज कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है

### पहले जब पाकिस्तान के आतंकवादी भारत पर हमला करते थे तो कोई प्रतिक्रिया नहीं होती थी

गृह मंत्री ने कहा कि पूरे देश में एनआरसी लागू होगा और 2024 तक प्रत्येक घुसपैठिए को देश से बाहर कर दिया जाएगा। शाह ने कहा कि इससे पहले जब पाकिस्तान के आतंकवादी भारत पर हमला करते थे तो कोई प्रतिक्रिया नहीं होती थी लेकिन 2014 में भाजपा के केंद्र में सत्ता में आने के बाद से यह रुख बदल गया। शाह ने आरोप लगाया मौनी बाबा चुप रहे। लेकिन जब उरी और पुलवामा हुआ, मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमलों के जरिए जवाब दिया। कांग्रेस और राकांपा देश को सुरक्षित नहीं रख सकती हैं। शाह ने देवेंद्र फड़णवीस के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि वह अगले पांच साल भी इस पद पर काबिज रहेंगे और चुनाव में उनके लिए तीन चौथाई बहुमत मांगा।

### कोंकण क्षेत्र से होगा महाराष्ट्र की सत्ता का फैसला

मुंबई। महाराष्ट्र में 21 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पश्चिमी तट के साथ लगे कोंकण क्षेत्र पर सबकी नजर है क्योंकि राज्य के कुल 288 निर्वाचन क्षेत्रों में करीब एक चौथाई यानी 75 सीटें इस इलाके में हैं। यहां के परिणाम इसका फैसला करेंगे कि अगले पांच साल तक राज्य में कौन सी पार्टी शासन करेगी। नानर तेलशोधक, मुंबई की आरे कॉलोनी में मेट्रो ट्रेन शेड और पीएमसी बैंक घोटाला समेत अन्य मुद्दे क्षेत्र में छाए रहने की संभावना है। इस बृहद क्षेत्र का हिस्सा मुंबई में ही अकेले 36 सीटें हैं, लेकिन सबकी निगाहें वर्ली सीट पर रहेगी जहां शिवसेना के युवा नेता आदित्य ठाकरे अपनी चुनावी राजनीति का आगाज करेंगे। इस क्षेत्र को शिवसेना-भाजपा का मजबूत गढ़ माना जाता है। चुनाव के पहले विपक्षी दलों के कई नेताओं के पाला बदलने के कारण भगवा पार्टी को मजबूत स्थिति में देखा जा रहा है।

### बंगाल में स्थिति से अवगत कराने के लिए भाजपा ने गृहमंत्री, राष्ट्रपति से मांगा समय

कोलकाता। भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में पूरी तरह चरमराई कानून-व्यवस्था के बारे में सूचित करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से समय मांगा है। पार्टी के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मुर्शिदाबाद के नृशंस तिहरे हत्याकांड और राज्य भर में भाजपा कार्यकर्ताओं पर कथित हमले की पृष्ठभूमि में यह जानकारी सामने आई है। पश्चिम बंगाल में पार्टी के प्रभारी विजयवर्गीय ने इस घटना और भाजपा कार्यकर्ताओं पर कथित हमलों को लेकर राज्य सरकार की आलोचना की।

## ममता का पश्चिम बंगाल में कन्याश्री विवि खोलने का ऐलान

कोलकाता। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि लड़कियों के सशक्तीकरण के लिए पश्चिम बंगाल सरकार ने नदिया जिले में कन्याश्री विश्वविद्यालय और राज्यभर में कन्याश्री महाविद्यालय खोलने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने जनवरी में नदिया जिले के कृष्णनगर में नये विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी थी। कन्याश्री विश्वविद्यालय केवल महिलाओं के लिए होगा। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बनर्जी ने ट्विटर पर लिखा कि उनकी सरकार ने बालिकाओं के सशक्तीकरण के लिए कन्याश्री योजना की शुरुआत की थी। 2013 में इसे शुरू किए जाने के बाद से अब तक सरकार इसके लिए सात हजार करोड़ रुपये का बजट आवंटित कर चुकी है। योजना का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं की स्कूली शिक्षा सुनिश्चित करना और 18 वर्ष की आयु होने से पहले उनका विवाह रोकना है। ममता बनर्जी ने ट्विटर पर लिखा ' आज अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस है। हमारी सरकार ने 2013 में कन्याश्री योजना शुरू की जिसे 2017 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा पुरस्कृत किया गया। कन्याश्री बालिकाओं को स्कूल से लेकर कॉलेज स्तर तक सशक्त बनाती है अब तक कन्याश्री के जरिये 60 लाख छात्राओं को सहायता प्रदान की गई। कन्याश्री प्रकल्प नामक एक अन्य योजना का उद्देश्य सशर्त धन स्थानांतरण से समाज के वंचित परिवारों की बालिकाओं के स्तर को सुधारना है। इस योजना में वंचित तबके की बालिकाओं को दो प्रकार से धन स्थानांतरित किया जाता है।



- कन्याश्री विश्वविद्यालय केवल महिलाओं के लिए होगा

### ट्रक की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भायंदर के पास एक ट्रेलर ट्रक की चपेट में आने से दोपहिया वाहन सवार एक महिला और उसकी तीन साल की बेटी की मौत हो गई। शुक्रवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना गुरुवार देर रात तब हुयी जब महिला अपने पति और बेटी के साथ भायंदर से दो पहिया वाहन पर सवार होकर जा रही थी। पुलिस ने बताया कि भायंदर के पास एक ट्रेलर ट्रक ने उनकी गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से तीनों के नीचे गिर गए और ट्रक उन्हें रौंदते हुआ निकल गया। महिला चंद्रावती विश्वकर्मा(31) की मौके पर ही मौत हो गयी और गंभीर रूप से घायल उनकी बेटी प्रांजल ने भी कुछ देर बाद दम तोड़ दिया। महिला का पति दिलीप विश्वकर्मा(33) गंभीर रूप से घायल है। पीड़ित परिवार घोड़बंदर रोड के ब्रह्मांड क्षेत्र में रहता था। ट्रक चालक चंद्रशेखर बिश्नोई(42) को गिरफ्तार कर धारा 304ए (लापरवाही से मौत) और भारतीय दंड संहिता की अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

## प्रधानमंत्री मोदी की चार दिन में नौ रैलियां

मुंबई। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए राज्य में नौ रैलियों को संबोधित करेंगे। ईरानी ने बताया कि 13 अक्टूबर को मोदी भंडारा जिले के जलगांव और सकोली में रैलियों को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री 16 अक्टूबर को अकोला, पनवेल और पारतुर में तथा 17 अक्टूबर को पुणे, सतारा और परली में रैलियों को संबोधित करेंगे। मुंबई में मोदी की रैली 18 अक्टूबर को होगी। ईरानी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस की सराहना की और कहा कि राज्य सरकार ने पांच साल में किसानों को फसल बीमा मुआवजे के रूप में 21,950 करोड़ रुपये दिए जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस-राकांपा सरकार ने 15 साल में महज 7,500 करोड़ रुपये ही दिए थे। उन्होंने दावा किया कि किसानों को कुल 25 हजार करोड़ रुपये की कर्ज माफी दी गई और राज्य सरकार ने पांच साल के अपने कार्यकाल में कृषि क्षेत्र में 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया।



- मुंबई में मोदी की रैली 18 अक्टूबर को होगी

### शेलार ने अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर शरद पवार को आड़े हाथों लिया

ठाणे। भाजपा नेता और महाराष्ट्र के मंत्री आशीष शेलार ने राकांपा अध्यक्ष शरद पवार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान निरस्त करने के मुद्दे पर पवार का रवैया पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान जैसा था। शेलार ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के बीच हुए गठजोड़ का मखौल उड़ाते हुए कहा कि शून्य से शून्य मिल जाने पर परिणाम शून्य ही होता है। शेलार ने यह बातें भाजपा के उम्मीदवार और वर्तमान विधायक संजय केलकर के लिए प्रचार करते हुए ठाणे में गुरुवार शाम को एक रैली में कही। मराठा राजनीति के कद्दावर नेता पवार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, "यदि शरद पवार को लगता है कि उनसे परेशान करने वाले सवाल नहीं पूछे जाने चाहिए तो हम उनसे यह बार-बार और जरूर पूछेंगे कि उन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधान निरस्त करने का विरोध क्यों किया।

### प्रदर्शनी...



नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ भवन में लगी हस्तशिल्प-हथकरघा प्रदर्शनी का राज्यपाल अनुसुईया उइके ने शुक्रवार को अवलोकन किया। प्रदर्शनी में राज्यपाल ने कोसे के परिधान की खरीदारी भी की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के बुनकरों से मुलाकात कर उनकी कला को सराहा। इस प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ में टेराकोटा, के आइटम्स, क्राफ्ट, कोसे से बने परिधान, ऑर्गेनिक चावल की अनेक वैरायटी ब्लैक-ब्राउन राइस सहित छत्तीसगढ़ के जंगलों में होने वाले से ढेर सारे उत्पाद प्रदर्शनी में बिक्री हेतु उपलब्ध है।

### केन्द्र ने राज्यों के लिये सशस्त्र बलों की तैनाती शुल्क में कमी की

## सात-कंपनी वाली बटालियन की तैनाती के लिये 13.7 करोड़ वार्षिक देना होगा

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार ने राज्यों के लिए सांप्रदायिक तनाव व उग्रवाद संबंधी हिंसा समेत कानून-व्यवस्था से जुड़ी स्थितियों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की तैनाती के शुल्क की राशि में भारी कमी की है। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संशोधित दरों के अनुसार सामान्य श्रेणी के राज्यों को वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान सात-कंपनी वाली बटालियन की तैनाती के लिये 13.7 करोड़ रुपये वार्षिक भुगतान करना होगा। इसमें बलों का यात्रा खर्च और आवाजाही की वास्तविक लागत शामिल नहीं है। 2019-19 के दौरान यह शुल्क 52.40 करोड़ रुपये था। सीएपीएफ की एक कंपनी में 100 जवान होते हैं। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि सामान्य श्रेणी के राज्यों में इतनी संख्या में जवानों की तैनाती के लिए वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 या 2023-24 के लिए शुल्क क्रमशः 15.40 करोड़, 17.36 करोड़, 19.65 करोड़ और 22.30 करोड़ रुपये होंगे।

### नयी दरें वित्तीय वर्ष 2019-20 से लागू होंगी

हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों को संशोधित दरों से अवगत कराया गया था। नयी दरें वित्तीय वर्ष 2019-20 से लागू होंगी। बिना विधायक वाले केन्द्र शासित प्रदेशों को तैनाती शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को तैनात सीएपीएफ जवानों के लिये उपयुक्त और पर्याप्त आवास तथा संबद्ध सुविधाओं जैसे पानी, बिजली की आपूर्ति आदि की लागत वहन करना होता है।




### इफको ने उर्वरकों का खुदरा मूल्य 50 रुपये प्रति पैकेट घटाया

नई दिल्ली। इफको ने वैश्विक स्तर पर कच्ची सामग्रियों तथा तैयार उर्वरकों के दाम में आ रही कमी के मद्देनजर डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) समेत जटल उर्वरकों का खुदरा मूल्य शुक्रवार को प्रति पैकेट 50 रुपये तक कम कर दिया। इफको के प्रबंध निदेशक यू.एस.अवस्थी ने कहा कि कच्ची सामग्रियों तथा तैयार उर्वरकों के दाम में वैश्विक स्तर पर आ रही कमी को देखते हुए हमने डीएपी तथा सभी जठिल उर्वरकों का खुदरा मूल्य कम किया है। उन्होंने कहा कि इफको ने डीएपी के 50 किलोग्राम के पैकेट का अधिकतम खुदरा मूल्य 50 रुपये घटाकर 1,250 रुपये कर दिया है। इसी तरह एनपीके-1 और एपनीके-2 के पैकेट का दाम 50-50 रुपये घटाकर क्रमशः 1,200 रुपये और 1,210 रुपये कर दिया गया है। एनपी कॉम्पलैक्स का दाम भी 50 रुपये घटाकर 950 रुपये किया गया है। अवस्थी ने कहा कि संशोधित कीमतों में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) शामिल है। नयी कीमतें 11 अक्टूबर से प्रभावी होंगी।

### पाकिस्तान ने सीरिया पर तुर्की के 'जुल्म' का किया समर्थन

# कश्मीर पर तुर्की के समर्थन का कर्ज चुका रहा पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶ बेरुत

सीरिया पर तुर्की ने हमला शुरू कर दिया है जिसमें 50 हजार से अधिक लोग विस्थापित हो गए हैं। भारत ने इस एकतरफा अभियान का कड़ा विरोध जताते हुए संयम बरतने की अपील की है। दूसरी तरफ पाकिस्तान ने दोस्ती दिखाते हुए अंकारा का समर्थन जताया है। यह वही पाकिस्तान है जब उसने अपनी सीमा के भीतर पल रहे आतंकियों पर हुई कार्रवाई के बदले अगले दिन अपनी वायु सेना को भारतीय सुरक्षा संस्थानों पर हमले के लिए भेज दिया था। आज जब तुर्की के हमले में आम नागरिक बदहाल हो रहे हैं तो वह समर्थन में आ खड़ा हुआ है। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, 'भारत तुर्की की तरफ से सीरिया के एक हिस्से में किए जा रहे अकारण सैन्य कार्रवाई से काफी चिंतित है। तुर्की की इस कार्रवाई से उस इलाके में स्थिरता पर काफी उल्टा असर पड़ेगा और यह आतंकवाद के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के खिलाफ है। इससे बड़ा मानवीय संकट पैदा होने का भी खतरा है।



### तुर्की के समर्थन में इमरान

जब तुर्की ने पाक का समर्थन की तो पाक को भी तुर्की का समर्थन करना ही पड़ेगा। इमरान खान ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन को फोन कर कहा है कि वह अभियान में साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रार्थना करते हैं कि सुरक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता और सीरिया के शांतिपूर्ण समाधान के तुर्की के प्रयास सफल हों। वह आतंकवाद से संबंधित तुर्की की चिंता को पूरी तरह समझते हैं।

### दुनियाभर के देशों ने अंकारा की एकतरफा कार्रवाई की निंदा की

तुर्की का दावा है कि वह आम नागरिकों को नहीं बल्कि कुर्द बलों, जिसे वह आतंकी मानता है और इस्लामिक स्टेट को निशाना बना रहा है। जब दुनियाभर के देशों और संयुक्त राष्ट्र ने अंकारा की एकतरफा कार्रवाई की निंदा की है पाकिस्तान उसके साथ खड़ा है। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र महाधिवेशन में तुर्की ने कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के भारत सरकार के फैसले पर पाकिस्तान के रुख का समर्थन किया था।

### अमेरिकी सेना के हटते ही तुर्की ने की कार्रवाई

अमेरिका ने हाल ही में सीरिया-तुर्की सीमा से अपने सैनिक हटाने का फैसला किया और कहा कि तुर्की अपनी समस्या का समाधान खुद निकाले, लेकिन उसका मतलब यह नहीं था कि सीरिया पर वह एकतरफ हवाई हमला करे। लेकिन तुर्की के राष्ट्रपति ने आनन-फानन में सीरिया पर हमले की घोषणा कर दी। संकटग्रस्त सीरिया से भारी संख्या में शरणार्थी तुर्की पहुंचे हुए हैं और तुर्की की कोशिश सीरिया में एक ऐसा क्षेत्र बनाना है ताकि वह शरणार्थियों को वापस भेज सके, इसलिए वह पूर्वोत्तर सीरिया पर हमले कर रहा है जिसमें नुकसान आम लोगों को हो रहा है। अमेरिका ने तुर्की के कदम पर उसे चेतावनी भी दी है और हद पार करने पर आर्थिक रूप से बर्बाद करने की धमकी तक दे डाली है, लेकिन तुर्की पर इसका असर नहीं हुआ और उसने हमले शुरू कर दिए।

Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking) Where service is a way of life

**पंजाब एंड सिन्ध बैंक** (भारत सरकार का एक उपक्रम) शाखा कार्यालय : अट्टा नोएडा

अनुलग्नक IV [नियम-8 (1)]

**कब्जा सूचना** (अचल सम्पत्ति हेतु)

चूंकि, प्रत्याभूति हित (द्वितीय) अधिनियम 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत पंजाब एंड सिन्ध बैंक, अट्टा नोएडा शाखा का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रत्याभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों 2002 के नियम 9 के साथ पठित उप-धारा-13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक 22.05.2019 को एक डिमांड नोटिस जारी किया जिसमें कर्जदार **मै. पल्लवी क्रिएशन इंडिया प्रोप. श्री गौरव गावड़ी पुत्र श्री ज्ञान ओमप्रकाश तथा श्री गौरव गावड़ी पुत्र श्री ज्ञान ओमप्रकाश** का उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर सूचना में वर्णित बकाया राशि रु. 50,73,543.47 (रुपये पचास लाख तिहत्तर हजार पांच सौ तैंतालीस और पैसे चार केवल) (सावधि ऋण खाते में) तथा रु. 40,40,073.76 (रुपये चालीस लाख चालीस हजार तिहत्तर और पैसे छिहत्तर केवल) 30.04.2019 तक शामिल ब्याज सहित, और पूर्ण एवं अन्तिम भुगतान की तिथि तक आगामी ब्याज तथा अन्य परिव्यय इत्यादि सहित पुनर्भुगतान करने का आह्वान किया।

कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं, कर्जदार तथा सर्वसाधारण को एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने 07 अक्तूबर 2019 को प्रत्याभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों 2002 के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 4 के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है।

कर्जदार को विशेषतः तथा सर्व साधारण को एतद् द्वारा सम्पत्ति से कोई डील न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन (डीलिंग) रु. 50,73,543.47 (रुपये पचास लाख तिहत्तर हजार पांच सौ तैंतालीस और पैसे चार केवल) (सावधि ऋण खाते में) तथा रु. 40,40,073.76 (रुपये चालीस लाख चालीस हजार तिहत्तर और पैसे छिहत्तर केवल) 01.05.2019 से मासिक आधार पर ब्याज और अन्य प्रभारों सहित उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 30 दिन के अंदर पंजाब एंड सिन्ध बैंक की वसूली के अधीन होगा।

**अचल सम्पति का वर्णन**

आपके परिसर गली नं. 2, प्लॉट नं. 62, बेअंत कॉलोनी, निकट सरपंच कॉलोनी, चण्डीगढ़ लुधियाना रोड, लुधियाना, पंजाब में स्थित सभी मानक उपकरणों सहित सरकुलर निटिंग मशीन के सभी प्रकार से पूर्ण 5 सैट।

स्थान : लुधियाना
दिनांक : 07.10.2019

प्राधिकृत अधिकारी, (पंजाब एंड सिन्ध बैंक)

**अपहृत / गुमशुदा की तलाश**



मॉम

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका **नामः मॉम, पुत्रीः सुरेश सिंह, पताः** खसरा सं.-159, गली सं.-5/6, 20-फूट्टा रोड, समता विहार, मुकुंदपुर, दिल्ली जोकि दिनांक **05.09.2019** को थाना भलस्वा डेयरी, दिल्ली क्षेत्र से अपहृत/लापता है। इस संदर्भ में **FIR No. 564/19 u/s 363 IPC dated 06.09.2019** को थाना भलस्वा डेयरी, दिल्ली में अपहृत/लापता की रिर्पोट दर्ज है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार हैः **उम्रः** 16 साल, **कदः** 5 फुट, **रंगः** गेहुआँ, **शरीरः** सामान्य, **चेहराः** गोल, **पहनावाः** काले रंग की टी-शर्ट एवं नीले रंग की जीन्स पहन रखी है। पुलिस के भरसक प्रयास के बावजूद अभी तक इस लड़की का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। जिस व्यक्ति के पास इस लड़की के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**वेबसाइटः http//cbi.nic.in**
**ई-मेल - cic@cbi.gov.in**
**फोनः 011-24368638, 24368641**
**फैक्स नं. 011-24368639**
**DP/672/ON/19**

थानाध्यक्ष
थानाः भलस्वा डेयरी, दिल्ली
फोनः 011- 27811933, 8750870230

**गुमशुदा की तलाश**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक महिला जिसका नाम **लक्ष्मी**, **पत्नी** चंद्रेश, **पता-** माकन नं- 26/181, बाबा फरीद पूरी, आनंद परबत, दिल्ली, उक्त महिला दिनांक 22.09.2019, समय शाम 9:30 बजे से पुलिस थाना आनंद परबत के क्षेत्र से गुमशुदा है। इस संबंध में **डीडी नं 61ए दिनांक 23.09.2019, को पुलिस थाना आनंद परबत, दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा महिला की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा महिला का विवरण इस प्रकार हैः



लक्ष्मी

**नामः** लक्ष्मी, **लिंगः** स्त्री, **उम्रः** 23 वर्ष, **कदः** 5', **रंगः** सावला, **चेहराः** गोल, **शारीरिक गठनः** पतला, **पहनावाः** लाल रंग की साड़ी और सफेद रंग की सैंडल पहने हुआ है।

इस गुमशुदा महिला के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी आनंद परबत, दिल्ली को सूचित करे।

**ई-मेल : cic@cbi.gov.in**
**फोन : 011-24368638, 24368641**
**फैक्स : 011-24368639**
**DP/6636/CD/19**

थाना प्रभारी
पुलिस थाना, आनंद परबत, दिल्ली
फोन न.: 011-28762468, 28764807

**प्रपत्र जी**

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण**

*[दिवालियापन और बैंगक्रप्सी (कार्पोरेट व्यक्तियों हेतु दिवालियापन रेजोल्यूशन प्रक्रिया) नियमनों, 2016 के नियमन 36ए (1) के तहत*

**सम्बन्धित विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट देनदार का नाम | इंडिया च्वाइस प्राईवेट लिमिटेड |
| 2. | कार्पोरेट देनदार के समावेश की तिथि | 14.06.2013 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके तहत कार्पोरेट देनदार निगमित / पंजीकृत है | कम्पनी रजिस्ट्रार - दिल्ली |
| 4. | कार्पोरेट आइडेंटिटी नम्बर / कार्पोरेट देनदार का सीमित दायित्व पहचान संख्या | CIN : U51900DL2013PTC253963 |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और मुख्य कार्यालय (यदि कोई है) का पता | प्लॉट नं. 18 और 19ए, ओबेराय कम्पाउंड दिलशाद गार्डन, शाहदरा दिल्ली ईस्ट दिल्ली डीएल 110095 आईएन (आरओसी वेबसाइट के अनुरूप) |
| 6. | कार्पोरेट देनदार के दिवालियापन की प्रारम्भ तिथि | 01.05.2019 |
| 7. | अभिरुचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि | 12.10.2019 |
| 8. | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत प्रस्ताव आवेदकों हेतु पात्रता उपलब्ध है : | संहिता की धारा 25(2)(एच) के तहत प्रस्ताव आवेदकों हेतु पात्रता E-mail at cirp.indiachoice@gmail.com or jpluc13@gmail.com से प्राप्त की जा सकती है। |
| 9. | धारा 29ए के तहत लागू अपात्रता के नियम उपलब्ध हैं : | धारा 29ए के तहत लागू अपात्रता के नियम निम्नलिखित वेबसाइट से प्राप्त किये जा सकते हैं : http://ibbi.gov.in/webfront/legal_framework.php |
| 10. | अभिरुचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अन्तिम तिथि | 28.10.2019 |
| 11. | संभावित प्रस्ताव आवेदकों की अंतरिम सूची जारी करने की तिथि | 07.11.2019 |
| 12. | अंतरिम सूची हेतु आपत्तियां जमा करने हेतु अन्तिम तिथि | 18.11.2019 |
| 13. | संभावित प्रस्ताव आवेदकों की अन्तिम सूची जारी करने की तिथि | 23.11.2019 |
| 14. | संभावित प्रस्ताव आवेदकों के लिए सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और प्रस्ताव योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तारीख | 18.11.2019 |
| 15. | प्रस्ताव योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स सूचना ज्ञापन और अधिक जानकारी हेतु आग्रह प्राप्त करने का तरीका | अंतरिम / अन्तिम सूची में शामिल किये गये प्रस्ताव आवेदक (ों) को मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूची ज्ञापन और प्रस्ताव योजना हेतु आग्रह खण्ड सं. 21 के तहत उपलब्ध करवाये अनुसार ई-मेल के माध्यम से प्रदान की जाएगी। ये प्रस्ताव आवेदक (ों) द्वारा गोपनीयता आश्वासन के जमा करवाने के पश्चात् प्रदान की जाएंगी। |
| 16. | प्रस्ताव योजनाओं के जमा हेतु अन्तिम तिथि | 18.12.2019 |
| 17. | प्रस्ताव व्यवसाइयों को प्रस्ताव योजनाएं जमा करवाने का तरीका | संभाव्य प्रस्ताव आवेदक (ों) को सबसे पहले cirp.indiachoice@gmail.com को ई-मेल द्वारा अपनी पात्रता मानदंड के समर्थन में दस्तावेजों सहित अभिरुचि की अपनी अभिव्यक्ति जमा करवानी अपेक्षित हैं। ईओआई हेतु प्रारूप के लिये cirp.indiachoice@gmail.com अथवा jpluc13@gmail.com पर आग्रह किया जा सकता है। ईओआई निम्नलिखित पते पर डाक / कोरियर के माध्यम से भी जमा करवाई जा सकती है : जय प्रकाश शर्मा, इंडिया च्वाइस प्राईवेट लिमिटेड के मामले में प्रस्ताव व्यवसायी, फ्लैट नं. 102, प्लॉट नं. 22, श्रुति सीजीएचएस लि. सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली-110024. उनकी ईओआई पर विचार करने के पश्चात् प्रस्ताव व्यवसायी द्वारा शॉर्ट लिस्टेड संभाव्य प्रस्ताव आवेदक आरपी से प्रस्ताव योजना हेतु आग्रह की प्राप्ति के पश्चात् प्रस्ताव व्यवसायी को प्रस्ताव योजना (एं) उपरोक्त पते पर मोहरबंद लिफाफे में ई-मेल के माध्यम से और भौतिक रूप से / डाक द्वारा उक्त खण्ड 16 में वर्णित अनुसार प्रस्ताव योजना (ओं) के जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि (अर्थात् 18.12.2019 को अथवा इससे पूर्व) को अथवा इससे पूर्व जमा करवाएंगे। |
| 18. | निर्णायक अधिकारी को अनुमोदन हेतु प्रस्ताव योजना के जमा के लिये अनुमानित तिथि | 17.01.2020 |
| 19. | प्रस्ताव व्यवसायी का नाम व पंजीकरण संख्या | जय प्रकाश शर्मा **IBBI Reg No. -** IBBI/IPA-003/IP-N000105/2017-2018/11217 |
| 20. | बोर्ड के पास पंजीकृत अनुसार प्रस्ताव व्यवसायी का नाम, पता व ई-मेल | नाम : जय प्रकाश शर्मा पता : फ्लैट नं. 102, प्लॉट नं. 22, श्रुति सीजीएचएस लि. सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली-110075 **E-mail id:** jpluc13@gmail.com |
| 21. | प्रस्ताव व्यवसायी के पास पत्राचार हेतु उपयोग किया जाने वाला पता व ई-मेल | नाम : जय प्रकाश शर्मा पता : फ्लैट नं. 102, प्लॉट नं. 22, श्रुति सीजीएचएस लि. सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली-110075 **E-mail id:** jpluc13@gmail.com |
| 22. | अधिक विवरण पर अथवा के पास उपलब्ध हैं | नाम : जय प्रकाश शर्मा प्रस्ताव व्यवसायी E-mail: cirp.indiachoice@gmail.com or jpluc13@gmail.com |
| 23. | प्रपत्र जी के प्रकाशन की तिथि | 12.10.2019 |

**टिप्पणी : सीओसी 10.10.2019 को आयोजित इसकी बैठक में सीआईआरपी अवधि 90 दिन तक अर्थात् 26.01.2020 तक बढ़ाने का प्रस्ताव कर चुकी है और उपरोक्त समय सीमा इस सम्बन्ध में आरपी द्वारा आवेदन दायर करने पर माननीय एनसीएलटी द्वारा स्वीकृत किये जाने उक्त विस्तार के अधीन है।**

हस्ता/-
जय प्रकाश शर्मा
प्रस्ताव व्यवसायी
इंडिया च्वाइस प्राईवेट लिमिटेड (कार्पोरेट दिवालियापन प्रस्ताव प्रक्रिया से गुजर रही) के मामले में :IBBI/IPA-003/IP-N000105/2017-18/11217
पता : फ्लैट-102, प्लॉट-22, श्रुति सीजीएचएस लि. सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली-110075
EMAIL ID: jpluc13@gmail.com, cirp.indiachoice@gmail.com MOB.: 7203058475

दिनांक : 11.10.2019
स्थान : नई दिल्ली

चिंतन

# रिकॉर्ड दर रिकॉर्ड विराट बनते कोहली

अगर कहें कि कोई भी कीर्तिमान हमेशा के लिए नहीं होता तो, शायद यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। हालांकि किसी भी क्षेत्र में जब कोई बड़ा रिकॉर्ड बनता है तो कम से कम उस समय मान लिया जाता है कि इसे पार पाना बहुत मुश्किल होगा। कई मामलों में ऐसा होता भी है, लेकिन यह भी सच है कि देर सवेर कोई बेहतर प्रदर्शन करता है और इस तरह एक नया रिकॉर्ड बन जाता है। शुक्रवार को टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने ऐसा ही कारनामा कर दिखाया, जब उन्होंने क्रिकेट के भगवान की उपमा पाने वाले सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, रिकी पोंटिंग, जावेद मियांदाद, यूनुस खान, मर्वन अटापट्टू को टेस्ट क्रिकेट में दोहरे शतकों को पीछे छोड़ते हुए नया रिकॉर्ड बना दिया। कोहली ने टेस्ट करियर का 7वां दोहरा शतक लगाया। वे ऐसा करने वाले दुनिया के छठे और पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। विराट कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 40 शतक लगाने वाले दुनिया के दूसरे और भारत के पहले कप्तान भी हैं। इस मामले में विश्व स्तर पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने 41 शतक लगाए हैं। वे कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा दोहरे शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी हैं। उनसे पहले सर डॉन ब्रैडमैन ने छह दोहरे शतक लगाए थे। कोहली ने टेस्ट करियर का 26वां शतक लगाया है। उन्होंने सबसे ज्यादा शतक के मामले में वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी गैरी सोबर्स और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ की बराबरी कर ली। कप्तान विराट कोहली बीते माह ही साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल करियर का 22वां अर्धशतक ठोका। इसी अर्धशतक के साथ विराट कोहली ने टीम इंडिया के उपकप्तान रोहित शर्मा का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने क्रिकेट के इस फॉर्मेट में 21 अर्धशतक लगाए हैं। वहीं, मार्टिन गप्टिल 16 अर्धशतकों के साथ इस लिस्ट में तीसरे पायदान पर हैं। जिस तरह से विराट खेल रहे हैं और क्रिकेटर के रिकॉर्ड दर रिकॉर्ड अपने नाम कर रहे हैं। इसे देखकर तो यही कहा जा सकता है कि वे केवल नाम से ही नहीं अपने खेल के भी विराट हैं। भारतीय रन मशीन कहे जाने वाले विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ 8 शतक लगाने का कमाल किया है। अभी तक दो देशों के खिलाफ आठ या इससे ज्यादा शतक लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था। मैदान में तो रिकॉर्ड बनते ही हैं, लेकिन विराट कोहली ऐसी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने मैदान के बाहर भी रिकॉर्ड बनाए हैं। वे दुनिया के पहले ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट कौंसिल यानी आईसीसी के तीनों बड़े अवॉर्ड जीते हैं। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब तो उन्होंने जीता ही है, वह टेस्ट क्रिकेट के भी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किए गए और एकदिवसीय क्रिकेट के भी। इन पुरस्कारों को देने के अलावा आईसीसी हर साल टेस्ट और एकदिवसीय मैच के लिए ऐसी अंतरराष्ट्रीय टीमों की घोषणा भी करती है, जिसमें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को रखा जाता है। उसमें विराट कोहली को तो खैर होना ही था, लेकिन बड़ी बात है कि इन दोनों ही टीमों का कप्तान विराट कोहली को बनाया गया है। क्रिकेट में किसी भी खिलाड़ी ने एक साथ इतनी सारी सफलताएं कभी हासिल नहीं की हैं। कोहली की तुलना अक्सर सचिन तेंदुलकर से की जाती है, जो काफी हद तक सही भी है। एक समय बाद तो सचिन ने खुद ही तय कर लिया था कि उन्हें कप्तानी नहीं करनी, बल्लेबाजी पर ही ध्यान केंद्रित करना है। जबकि कोहली के बारे में यह कहना कठिन है कि वह बल्लेबाज के रूप में ज्यादा सफल हैं या कप्तान के रूप में। एक कप्तान के रूप में जब विराट कोहली की चर्चा होती है, तो मैदान पर उनकी आक्रामकता और किसी भी कीमत पर बाजी पलट देने के जज्बे के लिए याद किया जाता है। ये दोनों ऐसे गुण हैं, जिनकी सिर्फ भारतीय क्रिकेट टीम को नहीं, हर क्षेत्र में भारत को जरूरत है। विराट कोहली से हम यह सीख सकते हैं कि दुनिया में अपनी धमक दिखाने का रास्ता क्या है?

व्यंग्य
आलोक पुराणिक

# प्लीज हार जाओ ना

वश्री लंका की बच्चा क्रिकेट टीम ने पाक में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में मेजबान पाकिस्तान को 35 रनों से हराकर सीरीज अपने नाम कर ली। श्रीलंका की पाकिस्तान के खिलाफ अब तक की यह पहली टी-20 सीरीज जीत है। श्रीलंका ने पहले मैच में भी पाकिस्तान को 64 रनों से करारी शिकस्त दी थी और अब उसने दूसरा मैच भी जीतकर तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। गौरतलब यह है कि पाकिस्तान को पीटने वाली श्रीलंका की टीम बेस्ट श्रीलंकाई टीम नहीं है। श्रीलंका के बेहतरीन खिलाड़ियों ने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया था। कुछ साल पहले श्रीलंका के खिलाड़ियों पर पाकिस्तान में आतंकी हमला हुआ था, उसके बाद कोई भी ठीक-ठाक खिलाड़ी पाकिस्तान में जाकर खेलने को बहुत ही जोखिम वाला काम समझता है, लेकिल श्रीलंका ने टूर्नामेंट की हां भर रखी थी। ऐसी सूरत में श्रीलंका में जिसने भी हामी भर दी, वह श्रीलंका की टीम का हिस्सा होकर पाकिस्तान आ गया।

पाकिस्तान की ट्वेंटी ट्वेंटी क्रिकेट टीम श्रीलंका की बच्चा टीम से भी हार गई। श्रीलंका के हौसले बुलंद हुए होंगे। अब श्रीलंका वाले कक्षा पांच के बच्चों की टीम बनाकर पाकिस्तान भेज देंगे। पाकिस्तान की टीम कक्षा पांच के बच्चों से भी हारकर दिखा देंगे। श्रीलंका के क्रिकेटर इस तरह से अपने क्रिकेटरों का हौसला बढ़ाते रहेंगे। इमरान खान भूतपूर्व क्रिकेटर पाक के प्रधानमंत्री हैं, उनके रहते श्रीलंका के बच्चे पाकिस्तानी टीम को धो रहे हैं। इमरान खान लगता है कि कसम खाकर पाक के पीएम बने हैं कि हर क्षेत्र में जब तक पाकिस्तान को पूरा पूरा बेइज्जत न करवा लूंगा, तब तक पाकिस्तान की जान नहीं छोड़ूंगा। पुराने पाकिस्तानी पीएम लोगों ने सिर्फ पाकिस्तान को, पाकिस्तानी अवाम को बेइज्जत किया, पाकिस्तानी क्रिकेट को इस तरह से बेइज्जत करवाने वाले प्रधानमंत्री सिर्फ इमरान खान ही हैं।

पाकिस्तान को हर समस्या की राह चीन के पास दिखाई देती है। इमरान खान पाकिस्तान की तरफ से रोते हुए चीन के पास जाकर कह सकते हैं, श्रीलंका भी हमें पीटकर जा रहा है। चीन वालो आप तो हमारे दोस्त हो। आप ही हमारे साथ खेलकर हार जाओ। और कोई भी हमसे हारने को तैयार नहीं होता। श्रीलंका के बच्चे तक हमसे हारने को तैयार नहीं होते, आप तो हार जाओ प्लीज ना। चीन का जवाब इस पर हो सकता है कि चीन तो क्रिकेट खेलता ही नहीं है। इस पर इमरान खान कह सकते हैं, तब ही तो आप हार सकते हो। जो भी मुल्क क्रिकेट खेलता है, अब वह इस पोजीशन में है कि हमें हरा ले। अब तो सिर्फ उन्ही मुल्कों से हमें उम्मीद है जो क्रिकेट नहीं खेलते। चीन के खिलाड़ियों को क्रिकेट नहीं पता, हम उन्हे जो भी बता देंगे, वो मान लेंगे। पर टेंशन दूसरी है। चीन की नौसिखिया टीम भी पाकिस्तान से जीत गई तो क्या होगा। पाकिस्तान के खिलाड़ी बहुत उछलते घूमते थे कि भारत-पाक के साथ क्रिकेट इसलिए नहीं खेलता कि भारतीय टीम को पाक से हारने का डर रहता है।

अब श्रीलंका के बच्चे पाक को पीटकर चले गए। अब पाकिस्तानी क्रिकेटर चीन से निवेदन करेंगे कि आप खेलो हमारे साथ। चीन की कच्ची-पक्की क्रिकेट टीम भी अगर पाकिस्तान को पीटकर चली गई, तो फिर पाकिस्तान यूक्रेन, परागुए, सियेरा लिओन की क्रिकेट टीमों से मैच खेलने की कोशिश में लगेगी। दो सौ के करीब देश हैं दुनिया में। जिन देशों में क्रिकेट बिलकुल नहीं खेला जाता, पाकिस्तान की टीम उन देशों की टीमों को बुलाकर क्रिकेट खेलेगी। पाकिस्तान की टीम तमाम देशों से निवेदन करती है कि प्लीज हमें बुलाओ अपने देश में खेलने के लिए। तमाम देश डरे हुए रहते हैं कि पाकिस्तान वाले आकर कुछ उधार ना मांगने लगे। कुछ दिनों में पाकिस्तान के राजदूत तमाम देशों की राजधानियों में यही गुहार लगाते दिखेंगे, या तो उधार दो या हमसे क्रिकेट में हारो, प्लीज।

# कालाधन वापसी की उम्मीद



प्रयास
प्रमोद भार्गव

स्विटजरलैंड ने स्विस बैंक में खातेधारकों की सूची भारत को दे दी है। वैसे बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारी ऐल्मर ने सीडी जारी कर दी थी। इस में 17 हजार अमेरिकियों और 2000 भारतीयों के नाम हैं। अमेरिका तो स्विस सरकार से 78 करोड़ डॉलर अपने देश का कालाधन वसूल करने में सफल हो गया है। ये दोनों सीडियां संप्रग सरकार के कार्यकाल के दौरान ही आ गई थीं। अब राजग सरकार ने कालाधन वसूलने की कार्रवाई को आगे बढ़ाया है, जिसके परिणाम आते दिख रहे हैं।

भारतीयों के कालेधन से जुड़ा पहले दौर का विवरण स्विटजरलैंड ने भारत को सौंप दिया है। इसमें सक्रिय खातों की जानकारी दर्ज है। इस जानकारी को विदेशी खातों में रखे गए कालेधन के खिलाफ लड़ाई में एक अहम सफलता माना जा रहा है। भारत उन 75 देशों में शामिल है, जिनके साथ स्विट्जरलैंड के संघीय कर प्रशासन ने बैंक खातों की जानकारी साझा की है। यह शुरूआत वैश्विक मानदंडों के तहत हुई है। स्विस बैंकों में भारत के 100 खाते ऐसे भी हैं, जिन्हें 2018 में बंद कर दिया गया है। अगली कड़ी में इन बंद खातों में धन के लेन-देन की जानकारी भी दे दी जाएगी। स्विस नेशनल बैंक द्वारा दी जानकारी में बताया है कि भारतीयों का धन छह प्रतिशत घटकर 2018 में 6,757 करोड़ रुपये रह गया है। स्विस बैंकों में धन जमा करने वाले देशों की सूची में भारत दुनियाभर में 74वें पायदान पर है।

हालांकि अन्य विदेशी बैंकों में भारतीय नागरिकों का कितना कालाधन जमा है, इस सिलसिले में कोई आधिकारिक आंकड़ा नहीं है, लेकिन हाल ही में तीन अध्ययनों ने दावा किया है कि वर्ष 1980 से 2010 के दौरान भारतीयों का करीब 15 लाख करोड़ से लेकर 35 लाख करोड़ रुपये तक कालाधन विदेशी बैंकों में जमा हो सकता है। कालेधन का यह अनुमान नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फायनेंस एंड पॉलिसी, एनसीएईआर और एनआईएफएम ने लगाया है। इन अध्ययनों ने यह भी कहा है कि सबसे ज्यादा कालाधन भूमि एवं भवन कारोबार, दवा उद्योग, पान मसाला, गुटखा, तंबाकू, बुलियन, वस्तु व्यापार, फिल्म और शिक्षा क्षेत्रों में लगा है। कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता वाली स्थायी समिति की रिपोर्ट में भी यही बात सामने आई है। इस समिति ने सोलहवीं लोकसभा भंग होने से पहले तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन को 28 मार्च 2019 को यह रिपोर्ट सौंप दी थी, स्टेटस ऑफ अनएकाउंटेड इनकम वेल्थ वोथ इनसाइड इंडिया एंड आउटसाइड द कंट्री षीर्शक वाली यह रिपोर्ट सत्रहवीं लोकसभा के पहले सत्र में पेश की जा चुकी है।

संसदीय रिपोर्ट के अनुसार कालेधन के सृजित व जमा होने के संबंध में न तो कोई विश्वसनीय आंकड़े है और न ही अनुमान लगाने का सर्वमान्य तरीका। अब तक जो अनुमान लगाए गए हैं, उनमें न तो एकरूपता है और न ही गणना के तरीके को लेकर आमराय है। बावजूद यह सही है कि देश और देश के बाहर कालाधन बड़ी मात्रा में मौजूद है। यह दजीडीपी का सात से लेकर 120 प्रतिशत तक हो सकता है। हालांकि मोदी सरकार ने कालेधन पर अंकुश के लिए कालाधन अघोषित विदेशी आय एवं जायदाद और अस्तित्व विधेयक-2015 और कालाधन उत्सर्जित ही न हो, इसके लिए बेनामी लेनदेन विधेयक अस्तित्व में ला दिए हैं। ये दोनों विधेयक एक दूसरे के पूरक हैं। एक तो आय से अधिक काली कमाई देश में पैदा करने के स्रोत उपलब्ध हैं, दूसरे इस कमाई को सुरक्षित रखने की सुविधा विदेशी बैंकों में हासिल है। लिहाजा



कालाधन फल फूल रहा है। दोनों कानून एक साथ वजूद में आने से यह उम्मीद जग गई थी कि कालेधन पर कालांतर में लगाम लगेगी।


दरअसल कालेधन के जो कुबेर राष्ट्र की संपत्ति राष्ट्र में लाकर बेदाग रहना चाहते हैं, उनके लिए अघोषित संपत्ति देश में लाने के दो उपाय सुझाए गए हैं। वे संपत्ति की घोषणा करें और फिर 30 फीसदी कर व 30 फीसदी जुर्माना भरकर शेष राषि का वैध धन के रूप में इस्तेमाल करें। इस कानून में प्रावधान है कि विदेशी आय में कर चोरी प्रमाणित हाती है तो 3 से 10 साल की सजा के साथ जुर्माना भी लगाया जा सकता है। इसी प्रकृति का अपराध दोबारा करने पर तीन से 10 साल की कैद के साथ 25 लाख से लेकर एक करोड़ रुपये तक का अर्थ-दंड लगाया जा सकता है। जाहिर है कालाधन घोषित करने की यह कोई सरकारी योजना नहीं थी। अलबत्ता अज्ञात विदेशी धन पर कर व जुर्माना लगाने की ऐसी सुविधा थी, जिसे चुका कर व्यक्ति सफेदपोश बना रह सकता है। ऐसा ही उपाय प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने देशी कालेधन पर 30 प्रतिशत जुर्माना लगाकर सफेद करने की सुविधा दी थी। इस कारण सरकार को करोड़ों रुपये बतौर जुर्माना मिल गए थे और अरबों रुपये सफेद धन के रूप में तब्दील होकर देश की अर्थव्यस्था मजबूत करने के काम आए थे।

कालाधन उत्सर्जित न हो, इसके लिए दूसरा कानून बेनामी लेनदेन पर लगाम लगाने के लिए लाया गया था। यह विधेयक 1988 से लंबित था। इस संशोधित विधेयक में बेनामी संपत्ति की जब्ती और जुर्माने से लेकर जेल की हवा खाने तक का प्रावधान है। साफ है यह कानून कालेधन के सृजन और संग्रह पर अंकुश लगाने के लिए है। यह कानून मूल रूप से 1988 में बना था। लेकिन इसे लागू नहीं किया गया। इससे संबंधित नियम पिछले 27 साल के दौरान नहीं बनाए जा सके। नतीजतन यह अधिनियम धूल खाता रहा। इससे पता चलता है कि हमारी सरकारें कालाधन पैदा न हो, इस पर अंकुश लगाने के प्रति कितनी लापरवाह रही हैं।

अंतरराष्ट्रीय दबाव और भारत के निवेदन पर स्विट्जरलैंड सरकार से जो समझौते हुए थे, उनके तहत स्विस बैंकों में भारतीयों के खातों की जानकारी मिलना तय थी। दरअसल स्विट्लैंड ने कालाधन की पनाहगाह की अपनी छवि सुधारने के लिए कई सुधार किए हैं। 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार के आने के बाद दोनों देशों ने अपने संबंध मजबूत बनाने के लिए ग्लोबल ऑटोमेटिक एक्सचेंज ऑफ इंफोरमेशन संधि पर हस्ताक्षर भी किए हैं। इस संधि के तहत ही भारतीय खाताधारकों की सूचना भारत को दी गई है। प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया ने इन नामों को उजागर पहले ही कर दिए हैं। इस समाचार में कुछ नामों के संकेत शुरूआती अक्षर के रूप में ही दिए गए हैं। दरअसल स्विट्जरलैंड के गोपनीय कानून के मुताबिक नाम के पहले अक्षर, जन्म तिथि और उनकी राष्ट्रीयता सार्वजनिक की जाती है।

यदि इस जानकारी के मिलने के बाद भी कालेधन की वापसी शुरू नहीं हुई तो कालांतर में समस्या खड़ी हो सकती है? हालांकि ये जानकारियां स्विट्जरलैंड के यूबीए बैंक के सेवानिवृत कर्मचारी ऐल्मर ने एक सीडी बनाकर जग जाहिर कर दी थी। इस सूची में 17 हजार अमेरिकियों और 2000 भारतीयों के नाम दर्ज हैं। अमेरिका तो इस सूची के आधार पर स्विस सरकार से 78 करोड़ डॉलर अपने देश का कालाधन वसूल करने में सफल हो गया है। इस सीडी में भी भारतीय कालाधन के जमाखोरों के नाम हैं। ये दोनों सीडियां संप्रग सरकार के कार्यकाल के दौरान ही आ गई थीं। अब राजग सरकार ने कालाधन वसूलने की कार्रवाई को आगे बढ़ाया है, जिसके परिणाम आते दिख रहे हैं।

## लक्ष्य पर ध्यान रहना जरूरी



संकलित
दर्शन

जड़ जगत के संवेग या आकर्षण से मानस जगत्का संवेग या आकर्षण बहुत अधिक शक्तिशाली है। और आध्यात्मिक जगत का संवेग या आकर्षण और भी अधिक शक्तिशाली है। मनुष्य यदि संदेह से सोचे कि क्या मैं कर सकूंगा, मेरे द्वारा क्या कार्य होगा- इस तरह यदि वह कार्य करना आरम्भ करे, तो उसके द्वारा कभी भी कार्य नहीं हो सकेगा। साहस के साथ अपने लक्ष्य पर ध्यान रख, आध्यात्मिक प्रेरणा के द्वारा सराबोर होकर यदि वह कार्य आरम्भ करे, तो सफलता उसे मिलेगी ही। कोई भी कार्य मनुष्य से बड़ा नहीं है। पृथ्वी पर, वास्तविक जगत में, व्यावहारिक जगत में, जो कुछ हम लोग पाते हैं, जो कुछ हमारी पकड़ में आता है- उनमें सबसे बड़ा और शक्तिशाली मनुष्य है। सभी कार्यों से मनुष्य बड़ा है। केवल कार्य की सिद्धि या असिद्धि के ऊपर निर्भर कर; पवित्रता या अपवित्रता की दीवार बना हम लोग मनुष्य के मान का निर्धारण करते हैं। मनुष्य के साथ कार्य का इतना ही सम्बंध है। मनुष्य जो कार्य करता है, वह यदि सिद्ध हो, पवित्र हो, बृहत हो, तो हम लोग महान मान कर स्वीकार करते हैं। इसलिए किसी कार्य को करने के पहले विवेचक मन से जब सोच कर देखोगे कि कार्य सत है, तो उसी मुहूर्त में कर्म समुद्र में कूद पड़ोगे। तुम्हारी जय होनी ही है।

## मानव का वास्तविक धर्म



संकलित
प्रेरणा

धर्म, जैसा की हम सामान्य तौर पर जानते हैं या मानते हैं, मतों-मान्यताओं, रीति-रिवाजों परंपराओं, अंधविश्वासों, आदर्शों के पूजन की एक श्रंखला है। आपको आपके हिसाब से तय अंतिम सत्य को ले जाने के लिए मार्गदर्शक गुरूओं के आकर्षण। अंतिम सत्य आपका प्रक्षेपण है, जो कि आप चाहते हैं, जो आपको खुश करता है, जो आपको मृत्यु रहित अवस्था की निश्चितता देता है। तो इन सभी में जकड़ा मन एक धर्म को जन्म देता है, मत-सिद्धांतों का धर्म, पुजारियों द्वारा बनाया गया धर्म, अंधविश्वासों और आदर्शों की पूजा। इन सबमें मन जकड़ जाता है, दिमाग जड़ हो जाता है। क्या यही धर्म है? क्या धर्म केवल विश्वासों की बात है, क्या अन्य लोगों के अनुभवों, ज्ञान, निश्चयों का संग्रह धर्म है? या धर्म केवल नैतिकता भलमनसाहत का अनुसरण करना है? आप जानते हैं कि नैतिकता भलमनसाहत, आचरण से तुलनात्मक रूप से सरल है। आचरण में करना आ जाता है ये करें या न करें, चालाकी आ जाती है। क्योंकि आचरण सरल है इसलिए आप आसानी से एक आचरण पद्धति का अनुसरण कर सकते हैं। नैतिकता के पीछे घात लगाये बैठा स्वार्थ अहं पुष्ट होता रहता है, बढ़ता रहता है, खूंखार रूप से दमन करता हुआ, अपना विस्तार करता रहता है। तो क्या यह धर्म है। हमें इस पर गंभीरता से सोचना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**नशे के कारोबार पर लगे अंकुश**

हमारे देश के विभिन्न प्रांतों से पिछले कुछ समय से नशे के दलदल में धंसते युवाओं की खबरें बेचैन करने वाली हैं। नशे और नशीले पदार्थों के सेवन की खबरें इससे पहले भी आती रही हैं, परंतु आजकल सिंथेटिक ड्रग्स, चिट्टा की जगह-जगह पर हो रही धरपकड़ से ज्यादा चिंता का माहौल बना है। पंजाब में नशा माफिया पर सख्ती और कर्मचारियों के डोप टेस्ट करवाए जाने के कारण अब यह नशा माफिया अपने कदम हिमाचल प्रदेश, यूपी की ओर बढ़ा रहा है। हमारे छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश में भी नशे का कारोबार तेजी से पनप रहा है। इससे निबटने के लिए सरकार को सख्त रुख अपनाना चाहिए।

-रामन्ना शेट्टी

## करंट अफेयर

# भारत, कोमोरोस के बीच छह समझौतों पर हस्ताक्षर



**मोरोनी।** उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और कोमोरोस के राष्ट्रपति अजाली असौमानी ने शुक्रवार को समग्र बातचीत की और दोनों देशों के बीच रक्षा समेत छह समझौते पर हस्ताक्षर किए। कोमोरोस के राष्ट्रपति ने उप राष्ट्रपति को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द आर्डर आफ द ग्रीन क्रिसेंट' प्रदान किया। नायडू 10 से 14 अक्टूबर तक कोमोरोस और सियेरा लियोन के दौरे पर हैं। नायडू ने ट्वीट कर कहा, 'मोरोनी में कोमोरोस के राष्ट्रपति असौमानी से आज देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द आर्डर आफ द ग्रीन क्रिसेंट' पा कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।' एक अन्य ट्वीट में उपराष्ट्रपति ने कहा, 'भारत और कोमोरोस के बीच छह महत्वपूर्ण समझौते पर किये गये हस्ताक्षर का गवाह बना। रक्षा सहयोग से संबंधित सहमति पत्र तथा स्वास्थ्य एवं संस्कृति समझौते पर हस्ताक्षर किये गए। हमने छोटी यात्राओं के लिए राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा से एक-दूसरे को छूट देने का फैसला किया है।' उन्होंने कहा, 'समुद्री पड़ोसी होने के नाते, भारत और कोमोरोस के बीच सहयोग और हमारे रक्षा संबंधों को बढ़ाने की शानदार गुंजाइश है, विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में।' इस दौरान नायडू ने भारतीय प्रवासियों से भी मुलाकात की। अपनी यात्रा के दूसरे दौर में नायडू 12 अक्टूबर को सियरा लियोन में फ्री टाऊन पहुंचेंगे।

## ऑफ बीट

# छह करोड़ के हीरों से जड़ी घड़ी छीनकर भागा चोर



**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में एक बेहद ही हैरान करने वाली घटना हुई है। यहां एक चोर ने जापानी कारोबारी के हाथ से छह करोड़ रुपये की घड़ी छीन ली। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, घड़ी हीरों से जड़ी थी। चोर कारोबारी के पास बहाने से आया था और एक ही झटके में घड़ी छीनकर फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, पेरिस के पांच सितारा होटल नेपोलियन से जैसे ही कारोबारी बाहर निकला, चोर तुरंत उनके पास पहुंच गया और उनसे सिगरेट की मांग की। उन्होंने जैसे ही सिगरेट निकाल कर उसे देने की कोशिश की, उसने उनकी कलाई से घड़ी छीन ली और भाग गया। पुलिस को घटना का सीसीटीवी फुटेज मिला है। इसके अलावा एक मोबाइल फोन भी मिला है, जिसके बारे में कहा जा रहा है कि यह चोर का हो सकता है। फिलहाल पुलिस ने अलर्ट जारी कर दिया है और चोर की तलाश की जा रही है। चोर ने जो घड़ी चुराई है, वह रिचर्ड मिल की टूरबिलियन डायमंड ट्विस्टर वॉच है, जिसकी कीमत करोड़ों में होती है। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, फ्रांस में ब्रांडेड घड़ियों की चोरी की घटनाएं आम बात हैं। यहां चोरी की रोलेक्स और कार्टियर घड़ियां आसानी से बाजार में बिना कागजात के लाखों में बिक जाती हैं। पुलिस के मुताबिक, पेरिस में घड़ी चोरों की संख्या में पिछले साल के मुकाबले 28 फीसदी का इजाफा हुआ है।

## ट्रेंड

### मजबूत होंगे संबंध



अपनी अद्भुत संस्कृति और आतिथ्य की पहचान वाला तमिलनाडु चीनी राष्ट्रपति शी जिनफिंग की मेजबानी कर रहा है। इस अनौपचारिक शिखर सम्मेलन से भारत और चीन के बीच संबंध और मजबूत हो सकते हैं।

-नरेंद्र मोदी

### युद्ध रोकने की कोशिश



तुर्की लंबे समय से कुर्दों पर हमला करने की योजना बना रहा है। वे हमेशा से लड़ते रहे हैं। हमले वाले इलाके के पास कहीं भी हमारे सैनिक या सेना नहीं है। मैं युद्ध को समाप्त करने की कोशिश कर रहा हूं। दोनों पक्षों से बात हो रही है।

-डोनाल्ड ट्रंप

### मानसिक स्वास्थ्य जरूरी



मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य जरूरी हैं। हम केवल अपने शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान देते हैं। मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना बहुत ही महत्वपूर्ण है। अपना सर्वश्रेष्ठ करने के लिए हमें पहले अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

-सचिन तेंदुलकर

### आप सबका आभार



अपार कृतज्ञता और उनके प्रति आभार जिन्होंने मुझे 77वें जन्मदिन पर बहुत सारी शुभकामनाएं भेजी हैं। मैं संभवतः प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद नहीं दे सकता हूं, लेकिन आप में से प्रत्येक मेरे दिल में रहता है, आपको मेरा प्यार।

-अमिताभ बच्चन

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### नदिया जिले में खुदाई के दौरान मिली खोपड़ियां

**नकाशिपाड़ा।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में समन्वित बाल विकास योजना केन्द्र की नींव रखने के लिए की जा रही खुदाई में मजदूरों को तीन मानव खोपड़ियां मिली हैं। अधिकारियों ने बताया कि जिले के ढुबी कारिगर गांव में गुरुवार को खुदाई करते समय मजदूरों को नरकंकाल और खोपड़ियां मिलीं। नादिया के जिलाधिकारी विभू गोयल ने कहा, ''मुझे घटना की जानकारी मिली है और मैंने तस्वीरे भी देखी हैं। तीन खोपड़ियां पायी गयी हैं। शुक्रवार को पुलिस की मौजूदगी में खुदाई करने के लिए कह दिया गया है।'' स्थानीय पुलिस का कहना है कि यह स्थान बहुत पहले कब्रिस्तान हुआ करता था। पंचायत सदस्य अब्दुल सलाम अंसारी ने कहा कि मैंने कभी इस जगह पर कब्रिस्तान नहीं देखा। ये कंकाल सदियों पुराने हो सकते हैं।

### थरूर ने विदेश मामलों पर संसदीय समिति का सदस्य बनने से इनकार किया : सूत्र



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति का सदस्य बनने से इंकार कर दिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछली लोकसभा में थरूर ने समिति की अध्यक्षता की थी । सूत्रों ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री थरूर ने विदेश मामलों पर समिति का सदस्य नियुक्त किए जाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का शुक्रिया अदा किया लेकिन कहा कि वह समिति का महज सदस्य नहीं बनना चाहते हैं, जिसकी एक समय वह अध्यक्षता कर चुके हैं । बिरला ने पिछले महीने थरूर को विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति का सदस्य नामित किया था ।

### उत्तरी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल रणबीर सिंह ने कहा

# अनुच्छेद 370 के प्रावधान निरस्त होने के बाद कश्मीर में हिंसा में कमी

एजेंसी ▶▶ भद्रवाह/जम्मू

भारतीय सेना ने शुक्रवार को कहा कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान निरस्त होने के बाद कश्मीर में घाटी में हिंसा में कमी आयी है। भद्रवाह में विश्वविद्यालय परिसर में 'संगम युवा महोत्सव' का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए उत्तरी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल रणबीर सिंह ने कहा कि उन्हें घाटी के युवाओं से बड़ी उम्मीदें थी। उन्होंने यहाँ पत्रकारों से कहा, "घाटी में स्थिति नियंत्रण में है। पांच अगस्त को अनुच्छेद 370 के प्रावधान निरस्त होने के बाद उन सभी परिस्थितियों में सुधार हुआ है जिनसे हिंसा उत्पन्न होने की आशंका थी।



### पाकिस्तान कश्मीर में अस्थिरता फैलाने के उद्देश्य से घुसपैठ कराने की लगातार कोशिश कर रहा है

सिंह ने कहा कि आतंकी घटनाओं, पथराव और भीड़ द्वारा बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन में कमी आई है, लेकिन स्थिति अभी नाजुक है क्योंकि पाकिस्तान कश्मीर में अस्थिरता फैलाने के उद्देश्य से घुसपैठ कराने की लगातार कोशिश कर रहा है। हम ऐसी किसी भी कोशिश को नाकाम करने के लिए तैयार हैं।" उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि नियंत्रण रेखा पर संयुक्त राष्ट्र की भूमिका में कोई बदलाव नहीं आया है। संगम युवा महोत्सव पर उन्होंने कहा कि यह सेना की ओर से युवाओं की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से एक अच्छा योगदान है। युवा जम्मू कश्मीर के ही नहीं बल्कि देश का भी भविष्य हैं।

### भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग यातायात के लिए बंद

पिछली रात रामबन जिले में आए भूस्खलन के कारण 270 किमी लंबा जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए बंद रहा और 1,300 से अधिक वाहन फंसे रहे। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह राजमार्ग सालभर चालू रहता है और कश्मीर को शेष भारत से जोड़ता है। अधिकारियों के अनुसार गुरुवार की रात रामबन जिले में पहले पुल के पास सड़क के चौड़ीकरण की प्रक्रिया के दौरान भूस्खलन हुआ जिसके कारण मार्ग बंद करना पड़ा। परिणामस्वरूप अन्य वाहनों के साथ भारी और हल्के मोटर वाहन राजमार्ग पर विभिन्न स्थानों पर फंसे रहे। अधिकारियों ने कहा कि मशीनों और कर्मचारियों की सहायता से मार्ग को साफ कराया जा रहा है।

### कश्मीर में पोस्ट पेड मोबाइल फोन सेवा आज से बहाल होने की संभावना

कश्मीर में पोस्ट पेड मोबाइल फोन सेवा शनिवार से बहाल किए जाने की संभावना है। जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किए जाने के केंद्र के फैसले के बाद मोबाइल सेवा पर रोक लगा दी गयी थी। इस तरह, 68 दिन के बाद सेवा फिर से बहाल होगी । अधिकारियों ने शुक्रवार को इस बारे में बताया । उन्होंने साफ कर दिया कि घाटी में इंटरनेट सेवा बहाल किए जाने के लिए उपभोक्ताओं को कुछ और समय तक इंतजार करना होगा । अधिकारियों ने कहा कि फैसला किया गया है कि आरंभ में पोस्ट पेड मोबाइल सेवा बहाल की जाएगी और प्रीपेड सेवा बाद में शुरू की जाएगी।

### महिलाओं के लिए दुनिया को भेदभाव से मुक्त करने के प्रयास में सहयोग करें: मलिक

शुक्रवार को जम्मू कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने लोगों से लड़कियों के लिए भेदभाव मुक्त समाज बनाने के लिए किए जा रहे वैश्विक प्रयासों में सहयोग देने का आह्वान किया। इस वर्ष स्त्री शक्तिः अलिखित और अबाध‍ के विषय पर 'अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाया जा रहा है। अपने संदेश में मलिक ने लोगों से दुनिया भर में लड़कियों को पेश असमानताओं और भेदभाव के खिलाफ चल रही वैश्विक मुहिम से जुड़कर सहयोग करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि लड़कियों के अस्तित्व, संरक्षण और सशक्तीकरण के लिए समन्वित और एकजुट होकर प्रयास करने की जरुरत है।

### सरकार ने विज्ञापन में लोगों से कहा : आतंकियों से डरने की जरूरत नहीं

विशेष दर्जा खत्म किए जाने के बाद लगायी गयी पाबंदी के 68 दिन होने के साथ, जम्मू कश्मीर प्रशासन ने स्थानीय अखबारों में पूरे पन्ने का विज्ञापन जारी कर लोगों को आतंकियों की धमकियों से नहीं डरने और अपनी सामान्य गतिविधियां बहाल करने को कहा है। कश्मीर के विभिन्न अखबारों में प्रकाशित विज्ञापनों में कहा गया है, ''क्या हमें आतंकियों के सामने घुटने टेकना है? पिछले 70 साल से अब तक जम्मू कश्मीर के लोगों को गुमराह किया गया। वे शातिर अभियानों के पीड़ित रहे हैं। निहित स्वार्थों के साथ दुष्प्रचार करते हुए आतंकवाद, हिंसा, बर्बादी गरीबी के अंतहीन चक्र में उन्हें फंसाए रखा गया।'' जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म किए जाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेश में बांटे जाने के फैसले के बाद कश्मीर घाटी में पांच अगस्त के बाद से पाबंदी लागू है । विज्ञापन में सरकार ने रेखांकित किया है कि आम लोगों को अपने बच्चों को हिंसा, पत्थरबाजी और हड़ताल के दलदल में धकेलने के लिए उकसाकर अलगाववादी अपने बच्चों को पढ़ाई, रोजगार और पैसा कमाने के लिए विदेश भेजते हैं। विज्ञापन में कहा गया कि आतंकवादियों का डर दिखाकर और दुष्प्रचार के लिए लोगों को बरगलाया जाता है। आज आतंकवादी उसी प्रकार की चालें अपना रहे हैं । क्या हम इसे बर्दाश्त करते रहेंगे ।

### केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा

# राफेल की रक्षा के लिये नींबू लगाना भारतीय संस्कृति का हिस्सा

**पुणे।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राफेल की पूजा के लिये रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बचाव करते हुए कहा कि यह अंधविश्वास नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। सिंह ने मंगलवार को विजयदशमी के अवसर पर फ्रांस में नए विमान में ''शस्त्र पूजा'' की थी। दो सीट वाले राफेल जेट में उड़ान भरने से पहले रक्षा मंत्री ने विमान पर 'ओम' लिखा, फूल चढ़ाया, नारियल फोड़ा और उसके पहियों के नीचे नींबू रखे थे। इसे लेकर सीतारमण ने कहा कि इसमें गलत क्या है? हम दृढ़ता से मानते हैं कि इस तरह के निर्णय लेने और देश को लाभ पहुंचाने में सक्षम होने के लिए आपके पास ताकत होनी



चाहिए। सीतारमण ने पुणे में पत्रकारों से कहा कि हो सकता है कि आपको यह मंजूर न हो। हो सकता है कि आप सोचें कि यह अंधविश्वास है, कोई बात नहीं। जिनका विश्वास है वो करते हैं, इस देश में इसका महत्व है और मुझे लगता है कि उन्होंने (सिंह) बिल्कुल ठीक किया। राफेल पूजा के बाद ट्विटर पर नींबू-मिर्ची अंधविश्वास का मजाक उड़ाते मोदी का एक पुराना भाषण साझा किया जा रहा है।

### भारत में प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी रूप में ऐसा करता है

सीतारमण ने सिंह के कार्य को भारतीय संस्कृति से जोड़ते हुए कहा कि भारत में प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी रूप में ऐसा करता है। सीतारमण ने कहा कि पूर्ववर्ती रक्षा मंत्री और उनकी पत्नी ने अपने विश्वास के अनुसार अनुष्ठान करके नौसेना के जहाजों का शुभारंभ किया था। मंत्री ने कहा भारत में उस समय, हम में से कितने लोग अंधविश्वास को लेकर चिंतित थे? क्या हम चिंतित थे? सीतारमण ने एक वायरल वीडियो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान का भी बचाव किया जिसमें मोदी अंधविश्वास में लिप्त लोगों का मजाक उड़ाते दिख रहे हैं।

### एमसी बैंक की स्थिति पर श्वेतपत्र लेकर आएं वित्त मंत्री: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि पंजाब एवं महाराष्ट्र सहकारी(पीएमसी) बैंक की स्थिति को लेकर श्वेतपत्र लाएं ताकि पता चल सके कि इस बैंक के साथ क्या गलत हुआ। पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने संवाददाताओं से कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पीएमसी को लेकर हम जिम्मेदार नहीं है। लेकिन अगर आप जिम्मेदार नहीं हैं तो रिजर्व बैंक ने पैसे की निकासी पर नियंत्रण क्यों लगाया? उन्होंने दावा किया कि बैंक के 12 निदेशकों का भाजपा से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से संबंध है। एक निदेशक भाजपा के एक विधायक के पुत्र हैं। यह व्यक्ति एचडीआईएल के भी निदेशक हैं जिसे पीएमसी बैंक ने ज्यादातर कर्ज दिया। वल्लभ ने कहा कि पैसे निकालने की सीमा हटाई जाए। निदेशकों पर देश से बाहर जाने पर रोक लगाई जाए।

## आस्था...



हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरे के दौरान भक्त भगवान रघुनाथ जी की आरती उतारते हुए।

## दिवाली की तैयारी...



अहमदाबाद में शुक्रवार को दिवाली के त्यौहार से पहले एक महिला कर्मी दीये बनाती हुई।

### केंद्रीय मंत्री तोमर ने कहा

# पराली जलाये जाने में इस साल आएगी और कमी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शुक्रवार को कहा कि इस साल खेतों में फसलों के डंठल जलाये जाने में कमी आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर में धान और अन्य फसलों के डंठल के निस्तारण के लिये आवश्यक उपकरणों पर सब्सिडी दी जा रही है। तोमर ने एक कार्यक्रम से इतर यहां कहा कि फसल अपशिष्ट (डंठल/पत्ती आदि) के प्रबंध में काम आने वाले उपकरणों की खरीद या किराए पर लेने के लिए सरकारी सहायता की दो साल की योजना शुरू की गयी है। यह योजना 2019-20 के अंत तक के लिए है। इसके अलावा किसानों को फसलों के अपशिष्ट को ढंग से प्रबंधित करने के बारे में जागरूक भी बनाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने योजना के तहत इस साल के लिये पंजाब को 273.80 करोड़ रुपये, हरियाणा को 192.06 करोड़ रुपये और उत्तर प्रदेश को 105.29 करोड़ रुपये जारी किये हैं।



### जोधपुर आईआईटी का सहायक निदेशक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के दल ने शुक्रवार को आईआईटी जोधपुर में कार्यरत केंद्रीय सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक निदेशक को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो के महानिदेशक आलोक त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी सहायक निदेशक प्रदीप कुमार ने परिवादी द्वारा जोधपुर आईआईटी में हॉर्टिकल्चर व लैंडस्कैपिंग का 80 लाख रुपए वर्क ऑर्डर के कार्य का सत्यापन कर बिल पास करवाने की एवज में 10 प्रतिशत कमीशन मांगा था। उन्होंने बताया कि आरोपी अब तक पास किये गये 34 लाख रुपए के बिल की एवज में 3 लाख 40 हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहा था। उन्होंने बताया कि ब्यूरो के दल द्वारा शिकायत के सत्यापन के समय आरोपी ने 50 हजार रुपये की रिश्वत की राशि ले ली। आरोपी प्रदीप कुमार को शुक्रवार को एक लाख रुपये की कथित रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया गया है।

# मालपुरा में कर्फ्यू में ढील दी गई

**राजस्थान।** राजस्थान के टोंक जिले के मालपुरा कस्बे में लागू कर्फ्यू में शुक्रवार को दो घंटे की छूट दी गयी। पुलिस के अनुसार, ''कर्फ्यू में 8.30 बजे से 10.30 बजे तक छूट दी गयी। कस्बे में हालात नियंत्रण में हैं।'' मालपुरा के क्षेत्राधिकारी जय सिंह के अनुसार दशहरा जुलूस के दौरान हिंसा के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।


## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



रूपा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **रूपा, पुत्री, जितेन्द्र सिंह, पता** मकान नं.133, बैंक वाली गली पेहलादपुर बांगर, दिल्ली, जो दिनांक 20.09.2019 को थाना क्षेत्र, शाहबाद डेरी, दिल्ली से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक **डी. डी. सं. 56–ए दिनांक 22.09.2019** थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली में दर्ज है। गुमशुदा/अपहृत लड़की का ब्यौरा इस प्रकार है :

**नाम** : रूपा, **पिता का नाम** : जितेन्द्र सिंह, **उम्र** : 22 साल, **कद** : 5 फुट, **रंग** : गोरा, **चेहरा** : गोल, **पहनावा** : जिसने लाल रंग का सूट और लाल ही रंग का पैजामी एवं पैरों में लाल रंग की हवाई चप्पल पहन रखी है।

अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाइट : http://cbi.nic.in
ई–मेल : cic@cbi.gov.in
फैक्स : 011-24368639
फोन : 011-24368638, 24368641

**थानाध्यक्ष**
**थाना : शाहबाद डेरी, दिल्ली**
**फोन : 011-27821047**
**27822207**

DP/678/ON/19


## आरटीआई इस्तेमाल की गति धीमी

### ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार

# 14 साल में महज 2.5 % लोगों ने किया आरटीआई का इस्तेमाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ मजबूत हथियार के रूप में लागू किये गये सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के इस्तेमाल की गति बीते 14 सालों में धीमी रही है और महज 2.5 फीसदी लोगों ने इस कानून का इस्तेमाल किया। राज्यों के मामले में उत्तर प्रदेश ने 14 साल में एक भी वार्षिक रिपोर्ट पेश नहीं की है जबकि बिहार सूचना आयोग की अब तक वेबसाइट भी नहीं बन पायी है। शनिवार को आरटीआई दिवस की पूर्व संध्या पर गैरसरकारी शोध संस्था ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2005 में आरटीआई कानून लागू होने के बाद 14 सालों में देश के कुल 3.02 करोड़ (लगभग 2.25 प्रतिशत) लोगों ने ही आरटीआई का इस्तेमाल किया है। केन्द्रीय सूचना आयोग और राज्यों के सूचना आयोगों में आरटीआई के इस्तेमाल से जुड़े तथ्यों के अध्ययन के आधार पर तैयार रिपोर्ट के अनुसार केन्द्रीय आयोग की




तुलना में राज्यों के सुस्त रवैये के कारण पूरे देश का रिपोर्ट कार्ड प्रभावित हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, आरटीआई के पालन को लेकर जारी वैश्विक रैंकिंग में भारत की रैंकिंग दूसरे स्थान से गिरकर अब 7वें पायदान पर पहुंच गई हैं। संस्था के कार्यकारी निदेशक रमानाथ झा ने रिपोर्ट के आधार पर कहा कि वैश्विक रैंकिंग में जिन देशों को भारत से ऊपर स्थान मिला हैं, उनमें ज्यादातर देशों में भारत के बाद आरटीआई कानून को लागू किया है।

### 3.02 करोड़ आरटीआई आवेदनों में अब तक 21.32 लाख आवेदकों ने शिकायतें दर्ज की

रिपोर्ट के अनुसार सूचना आयोग के समक्ष 14 साल में पेश किये गये 3.02 करोड़ आरटीआई आवेदनों में अब तक 21.32 लाख आवेदकों ने द्वितीय अपील एवं शिकायतें दर्ज कीं। रिपोर्ट में राज्य आयोगों द्वारा अपनी वार्षिक रिपोर्ट पेश करने की कानून की अनिवार्य शर्त का पालन नहीं करने का भी खुलासा किया गया है। इसके अनुसार 2017-18 के दौरान सिर्फ नौ राज्य ही वार्षिक रिपोर्ट पेश कर पाये। सिर्फ केन्द्रीय सूचना आयोग और कुछ राज्य ही हर साल नियमित रूप से वार्षिक रिपोर्ट पेश कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश ने 14 साल में एक भी वार्षिक रिपोर्ट पेश नहीं की है, जबकि बिहार सूचना आयोग की अब तक वेबसाइट भी नहीं बन पायी है। रिपोर्ट में आरटीआई आवेदनों के विश्लेषण के आधार पर कहा गया है कि देश में 50 प्रतिशत से अधिक आरटीआई आवेदन ग्रामीण क्षेत्रों से किये जाते हैं। इनमें भी राज्य सरकारों की तुलना में केन्द्र सरकार के विभागों से मांगी गयी जानकारी की हिस्सेदारी अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार साल 2005 से 2017 के दौरान विभिन्न केन्द्रीय मंत्रालयों को 78,93,687 आरटीआई आवेदन प्राप्त हुये। इसके अनुसार आरटीआई के कुल आवेदनों की संख्या के आधार पर पाँच अग्रणी राज्यों में महाराष्ट्र (61,80,069 आवेदन) पहले स्थान पर, तमिलनाडू (26,91,396 आवेदन) दूसरे और कर्नाटक (22,78,082 आवेदन) तीसरे स्थान पर है जबकि केरल एवं गुजरात चौथे और पांचवें पायदान पर हैं।


**मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड**
**कार्यालय उपमहाप्रबन्धक (सिविल), चम्बल कालोनी, गोविन्दपुरा, भोपाल**
**फोन आफिस : 0755-2678206, ई-मेल : gmcivil.mkvvcl@gmail.com**

**क्रमांक 050/उपमहाप्रंसि/क्रय/2899-00** — **भोपाल, दिनांक 10.10.19**

**निविदा सूचना**

सिविल संभाग भोपाल के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु कम्पनी/म.प्र. शासन/केन्द्रीय शासन के विभिन्न विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत, ई.पी.एफ. नं. एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नं. प्राप्त ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' में लोक निर्माण **विभाग मध्यप्रदेश शासन के दिनांक 01.08.2014 से प्रभावशील (वर्तमान तक संशोधित) एस.ओ.आर. (भवन एवं विद्युत), रोड एंड ब्रिज दिनांक 29.08.2017 से प्रभावशील (वर्तमान तक संशोधित) में 10 प्रतिशत की कमी कर एवं 18 प्रतिशत जी.एस.टी. जोड़कर** भावपत्र e-निविदा के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं।

| निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रुपये में | धरोहर राशि रुपये में | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | ऑनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खुलने की दिनांक/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उप. मप्रसि 25/01 (ई. निविदा क्र. 2019_MKVVC_57258_1) | बिजली नगर कालोनी गोविन्दपुरा भोपाल स्थित आवास क्रमांक ई-108 में आर.सी.सी. नाली, बाउन्ड्रीवॉल एवं प्रोफाइल शीट शेड के निर्माण कार्य एवं अन्य रखरखाव के सिविल कार्य। | 8.12 लाख | 15,000/- | 14.10.19 10.30 | 30.10.19 15.00 | 31.10.19 15.00 |

निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कंपनी की वेबसाइट **portal.mpcz..in** पर देखें एवं **mptenders.gov.in** पोर्टल से निविदा क्रय कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/95473/2019 — **उप महाप्रबंधक (सिविल)**

# यात्री वाहनों की बिक्री में सितंबर में आई लगातार 11वें महीने गिरावट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

त्योहारी मौसम के बाद भी वाहन क्षेत्र की बिक्री को कोई मदद नहीं मिली और नरमी जारी रही। इसके कारण सितंबर में यात्री वाहनों की बिक्री में लगातार 11वें महीने गिरावट दर्ज की गई।

■ नवरात्रि के बाद बाजार में मांग में कुछ तेजी आई

वाहन कंपनियों के घरेलू संगठन सियाम ने यह जानकारी दी। उसने कहा कि नवरात्रि के दौरान मांग में कुछ तेजी दिखी। उसने कहा कि अब कुछ तेजी दिखने लगी हैं और इस बात की उम्मीद है कि सरकार के उपायों से इस तेजी को बनाए रखने में मदद मिलेगी।

## वाहन कंपनियों के घरेलू संगठन सियाम ने जारी की रिपोर्ट

### सरकार के उपायों से दिख सकती है तेजी

हालांकि उन्होंने इस बात की उम्मीद जताई कि अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों से अगले कुछ महीनों में वाहन उद्योग में तेजी देखने को मिल सकती है।

### कई कारणों से प्रभावित रहा बाजार

व्यावसायिक वाहनों का जनवरी 2009 के बाद का यह सबसे बुरा प्रदर्शन है। सियाम के अध्यक्ष राजन वढेरा ने कहा कि यात्री वाहनों की बिक्री में गिरावट के कारण अर्थव्यवस्था की सुस्ती, नरम ग्रामीण मांग तथा बिहार, उत्तरप्रदेश व महाराष्ट्र जैसे मुख्य बाजारों का बाढ़ प्रभावित रहना है।



### यात्री वाहनों की बिक्री 23 फीसदी से अधिक गिरी

सियाम के ताजा आंकड़ों के अनुसार, घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री सितंबर महीने में 23.69 प्रतिशत गिरकर 2,23,317 इकाइयों पर आ गई। पिछले साल इसी महीने 2,92,660 यात्री वाहनों की बिक्री हुई थी। अप्रैल से सितंबर की अवधि के दौरान पिछले साल की तुलना में यात्री वाहनों की बिक्री में 23.56 प्रतिशत की गिरावट आई।

### व्यावसायिक वाहनों की बिक्री प्रभावित

पिछले साल सितंबर में 21,26,445 दोपहिया वाहनों की बिक्री हुई थी। सियाम ने कहा कि इस दौरान व्यावसायिक वाहनों की बिक्री भी 39.06 प्रतिशत गिरकर 58,419 इकाइयों पर आ गई। पिछले साल सितंबर में 95,870 व्यावसायिक वाहनों की बिक्री हुई थी।

### दो दशक की सबसे बड़ी गिरावट

अगस्त में यात्री वाहनों की बिक्री में दो दशक से भी अधिक समय की सबसे बड़ी गिरावट देखने को मिली थी। अगस्त में इसमें 31.57 प्रतिशत की कमी आई थी। सियाम के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य माह के दौरान कारों की घरेलू बिक्री सितंबर 2018 की 1,97,124 इकाइयों की तुलना में 33.40 प्रतिशत गिरकर 1,31,281 इकाइयों पर आ गई।

### दोपहिया वाहनों की बिक्री में गिरावट

इस दौरान मोटरसाइकिलों की बिक्री पिछले साल की 13,60,415 इकाइयों की तुलना में 23.29 प्रतिशत कम होकर 10,43,624 इकाइयों पर आ गयी। यह मोटरसाइकिलों की बिक्री का दो दशक का सबसे निचला स्तर है। सितंबर के दौरान दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री 22.09 प्रतिशत गिरकर 16,56,774 इकाइयों पर आ गई।

## खबर संक्षेप

### कच्चा तेल का वायदा भाव 71 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली।** वैश्विक तेजी के बीच सटोरियों के सौदे बढ़ाने से वायदा कारोबार में कच्चा तेल की कीमत 1.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,856 रुपए प्रति बैरल पर पहुंच गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अक्टूबर महीने में डिलिवरी वाले कच्चा तेल की कीमत 71 रुपए यानी 1.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,856 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गई। इसमें 21,925 लॉट का कारोबार हुआ। कच्चा तेल के नवंबर महीने में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 66 रुपये यानी 1.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,870 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गई। इसमें 742 लॉट का कारोबार हुआ

### बोइंग के 38 विमानों के प्रमुख हिस्से में दरारें

**न्यूयॉर्क।** बोइंग की सुरक्षा संबंधी दिक्कतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। दुनियाभर की एयरलाइन कंपनियों ने बोइंग के 737 एनजी विमानों की जांच-पड़ताल की। इसमें तीन दर्जन से अधिक विमानों की बुनियाद में दरारें मिली हैं। अमेरिकी सुरक्षा नियामक के आदेश के बाद दुनियाभर की एयरलाइनों ने 810 विमानों का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया है कि इनमें से 38 या पांच प्रतिशत विमानों की मरम्मत की जरूरत है। एयरलाइन कंपनियों को कुछ बोइंग 737 एनजी विमानों की जांच के लिए कहा गया था।

### एयरटेल ने हरियाणा में 3जी सेवा बंद की, 4जी शुरू

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल ने हरियाणा में अपना 3जी नेटवर्क बंद कर दिया। 3जी नेटवर्क के ग्राहकों को कंपनी ने 4जी में स्थानांतरित कर दिया है। कंपनी का इरादा धीरे-धीरे देशभर में 3जी नेटवर्क को बंद करने का है। इसी के तहत यह कदम उठाया गया है। एयरटेल ने बयान में कहा, हरियाणा में ग्राहकों को अब एयरटेल मोबाइल ब्रॉडबैंड सेवाएं द्रुत गति के 4जी नेटवर्कपर एचडी गुणवत्ता वाली वोल्ट कॉलिंग के साथ उपलब्ध होगी। कोलकाता के बाद हरियाणा दूसरा सर्किल है जहां एयरटेल ने 3जी सेवाओं को बंद कर दिया है। कंपनी ने कहा कि एयरटेल 3जी के ग्राहकों को इसकी सूचना दी गई है और उनसे अपने हैंडसेट और सिम को 4जी के लिए अद्यतन कराने को कहा गया है।

## औद्योगिक उत्पादन 1.1 प्रतिशत घटा, सात साल का सबसे खराब प्रदर्शन

# अगस्त में भी सुस्त रही उद्योग की रफ्तार

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

अर्थव्यवस्था में सुस्ती को दर्शाने वाला शुक्रवार को एक और आंकड़ा सामने आया। विनिर्माण, बिजली और खनन क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से अगस्त महीने में औद्योगिक उत्पादन 1.1 प्रतिशत घट गया। यह औद्योगिक उत्पादन के मोर्चे पर पिछले सात साल का सबसे खराब प्रदर्शन है। पूंजीगत सामान और टिकाऊ उपभोक्ता सामान के उत्पादन में भारी गिरावट की वजह औद्योगिक उत्पादन घटा है। दो साल में यह पहला मौका है जबकि औद्योगिक उत्पादन नकारात्मक दायरे में आया है। अगस्त, 2018 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आआईपी) 4.8 प्रतिशत बढ़ा था।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 1.2 प्रतिशत घट गया। अगस्त, 2018 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 5.2 प्रतिशत बढ़ा था। आईआईपी में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी 77 प्रतिशत है। इससे पहले अक्टूबर, 2014 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन 1.8 प्रतिशत घटा था। समीक्षाधीन महीने में बिजली क्षेत्र का उत्पादन 0.9 प्रतिशत नीचे आया। अगस्त, 2018 में बिजली क्षेत्र का उत्पादन 7.6 प्रतिशत बढ़ा था। वहीं खनन क्षेत्र के उत्पादन की वृद्धि 0.1 प्रतिशत पर स्थिर रही।

### दो साल में पहली बार औद्योगिक उत्पादन नकारात्मक दायरे में आया



### जीडीपी पर पड़ेगा असर

इसी माह रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.1 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले केंद्रीय बैंक ने वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर घटकर छह साल के निचले स्तर पांच प्रतिशत पर आ गई है। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार अगस्त में सबसे खराब प्रदर्शन पूंजीगत सामान क्षेत्र का रहा। समीक्षाधीन महीने में पूंजीगत सामान का उत्पादन 21 प्रतिशत से अधिक घट गया। पिछले साल समान महीने में पूंजीगत सामान का उत्पादन 10.3 प्रतिशत बढ़ा था। टिकाऊ उपभोक्ता सामान क्षेत्र का उत्पादन भी 9.1 प्रतिशत घट गया। अगस्त, 2018 में यह 5.5 प्रतिशत बढ़ा था। बुनियादी ढांचा-निर्माण क्षेत्र का प्रदर्शन भी काफी खराब रहा। इस क्षेत्र में 4.5 प्रतिशत की गिरावट आई। अगस्त, 2018 में इस क्षेत्र ने आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी। हालांकि, समीक्षाधीन महीने में 'मध्यवर्ती वस्तुओं' के उत्पादन में अच्छी सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। एक साल पहले समान महीने में इस क्षेत्र का उत्पादन 2.9 प्रतिशत बढ़ा था। अगस्त में उपभोक्ता गैर टिकाऊ सामान क्षेत्र के उत्पादन की वृद्धि घटकर 4.1 प्रतिशत रह गई। एक साल पहले समान महीने में इस क्षेत्र का उत्पादन 6.5 प्रतिशत बढ़ा था। उद्योगों के संदर्भ में बात की जाए, तो विनिर्माण क्षेत्र के 23 में से 15 उद्योग समूहों के उत्पादन में गिरावट आई।

### मांग में नरमी की वजह से गिरावट : फिच

फिच ग्रुप की रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र कुमार पंत ने इन आंकड़ों पर टिप्पणी करते हुए कहा यह नरमी मांग में कमी की वजह से है और राजकोषीय तंगी के कारण सरकार के पास मांग को प्रोत्साहित करने के लिए ज्यादा गुंजा नहीं है। इससे यह नरमी अभी और खिंचने की स्थित दिखती है। उन्होंने कहा कि 'भारतीय अर्थव्यवस्था इस समय आर्थिक वृद्धि में संरचनात्मक गिरावट का सामना कर रही है। यह गिरावट मूल रूप से घरेलू बचतों में कमी आने, खाद्य मुद्रास्फीत निम्न होने तथा कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर का स्तर निम्न होने के कारण है। कृषि क्षेत्र की वृद्धि कम होने से कृषि और गैर कृषि क्षेत्र में मजदूरी की वृद्धि तथा ग्रामीण मांग प्रभावित हो रही है। पंत का अनुमान है कि रिजर्व बैंक दिसंबर में नीतिगत दर में और कटौती कर सकता है।

### तत्काल सुधार की जरूरत

एमके वेल्थ मैनेजमेंट के शोध प्रमुख के जोसफ थॉमस ने कहा कि इन आंकड़ों से पता चलता है कि विनिर्माण और औद्योगिक गतिविधियां कमजोर हैं। अर्थव्यवस्था की स्थिति में सुधार के लिए तत्काल इन क्षेत्रों के लिए कुछ करने की जरूरत है। इक्रा की प्रमुख अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि अनुकूल आधार प्रभाव के बावजूद चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में भी जीडीपी की वृद्धि दर में कोई विशेष सुधार की उम्मीद नहीं है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अगस्त की अवधि के दौरान औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर घटकर 2.4 प्रतिशत रह गई है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 5.3 प्रतिशत रही थी। इस बीच, एनएसओ ने जुलाई के लिए आईआईपी वृद्धि दर के आंकड़े के ऊपर की ओर संशोधित कर 4.6 प्रतिशत कर दिया है। पहले इसके 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

## मुकेश अंबानी लगातार 12वें साल देश के सबसे धनी व्यक्ति

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी लगातार 12वीं बार देश के सबसे अमीर व्यक्ति बने हैं। फोर्ब्स की सबसे धनी भारतीयों की सूची के मुताबिक उनकी संपत्ति में 51.4 अरब डॉलर हो गई है।

रिलायंस जियो ने मुकेश अंबानी के कुल नेटवर्थ में 4.1 अरब डॉलर का इजाफा किया। फोर्ब्स ने 2019 को भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतीभरा साल बताया है। इंफ्रास्ट्रक्चर टाइकून गौतम अडानी 15.16 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर हैं।



फोर्ब्स ने जारी की देश के 100 सबसे अमीर लोगों की सूची अजीम प्रेमजी को पछाड़कर 2019 में दूसरे नंबर पर पहुंचे गौतम अड़ानी

### ये हैं शीर्ष पांच अमीर

- ▶▶| मुकेश अंबानी, 51.4 अरब डॉलर
- ▶▶| गौतम अडानी, 15.7 अरब डॉलर
- ▶▶| हिंदुजा ब्रदर्स, 15.6 अरब डॉलर
- ▶▶| पल्लोनजी मिस्त्री, 15 अरब डॉलर
- ▶▶| उदय कोटक, 16.8 अरब डॉलर

**सूची में पहली बार शामिल हुए यह छह अमीर**

सूची स्थान, नाम और संपति

- ▶▶| 41, सिंह परिवार, 3.18 अरब डॉलर
- ▶▶| 72, बायजू रविंद्रन, 1.19 अरब डॉलर
- ▶▶| 81, महेंद्र प्रसाद, 1.77 अरब डॉलर
- ▶▶| 86, मधुसूदन अग्रवाल, 1.7 अरब डॉलर
- ▶▶| 95, राजेश अग्रवाल, 1.5 अरब डॉलर
- ▶▶| 98, संदीप इंजीनियर, 1.45 अरब डॉलर

### इकोनॉमिक स्लोडाउन का दिखा असर

फोर्ब्स की सूची में भारत की सुस्त होती अर्थव्यवस्था की झलक दिखाई देखी जा सकती है। फोर्ब्स के मुताबिक, पिछले साल की सूची के मुकाबले इस साल की सूची में अमीरों की कुल दौलत 8 फीसदी कम होकर 452 अरब डॉलर रह गई है। इतना ही नहीं देश के 100 सबसे अमीर भारतीयों में से आधे अमीरों की नेटवर्थ में गिरावट हुई है। 14 से ज्यादा अमीरों की दौलत 1 अरब डॉलर से ज्यादा कम हुई है। पिछले साल की सूची से 9 लोग हटे हैं।

## त्योहारी मांग से सोना चमका चांदी भी 380 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली।** कमजोर रुपए और त्योहारी मांग से दिल्ली सराफा बाजार में सोना 126 रुपए की बढ़त के साथ 39,160 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। गुरुवार को सोना 39,034 रुपए प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार चांदी में भी 380 रुपए का उछाल आया और यह 46,900 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। बृहस्पतिवार को चांदी 46,520 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा कि दिल्ली में 24 कैरट सोने का हाजिर भाव त्योहारी सीजन की मांग उभरने और कमजोर रुपए से 126 रुपए चढ़ गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने का भाव लाभ के साथ 1,502 डॉलर प्रति औंस पर था। वहीं चांदी 17.71 डॉलर प्रति औंस पर चल रही थी।



## विदेशी मुद्रा भंडार 437.83 अरब डॉलर के नए उच्चस्तर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 4.24 अरब डॉलर बढ़कर 437.83 अरब डॉलर के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक के ताजा आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 5.02 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 433.59 अरब डॉलर पर पहुंचा था। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 3.99 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 405.61 अरब डॉलर रहीं।

## इन्फोसिस का दूसरी तिमाही शुद्ध लाभ 2.2 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** देश की दूसरी सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी इन्फोसिस का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 2.2 प्रतिशत घटकर 4,019 करोड़ रुपए रह गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 4,110 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में बेंगलुरु की कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी आय 9.8 प्रतिशत बढ़कर 22,629 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 20,609 करोड़ रुपए थी। इन्फोसिस ने चालू वित्त वर्ष के अपनी आमदनी के नीचे के अनुमान को संशोधित किया है। इन्फोसिस का अनुमान है कि स्थिर मुद्रा में उसकी आमदनी में 9-10 % का इजाफा होगा। पहले कंपनी ने इसमें 8.5 से 10 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाया था। इन्फोसिस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सलिल पारेख ने कहा कि कई मोर्चों-राजस्व वृद्धि, डिजिटल वृद्धि, परिचालन मार्जिन, परिचालन दक्षता, बड़े करार पर दस्तखत तथा कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर पर हमारा प्रदर्शन अच्छा रहा है।




■ देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी को लाभ घटकर 4,019 करोड़ रुपए

## सेंसेक्स 247 अंक सुधरा, निफ्टी में भी तेजी

**मुंबई।** अमेरिका - चीन व्यापार गतिरोध थमने की उम्मीदों से वैश्विक शेयर बाजार में तेजी का रुख रहा। इसका असर सेंसेक्स और निफ्टी में भी देखने को मिला। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 600 से ज्यादा अंक के उतार - चढ़ाव के बाद 246.68 अंक यानी 0.65 प्रतिशत बढ़कर 38,127.08 अंक पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 66.70 अंक यानी 0.59 प्रतिशत चढ़कर 11,301.25 अंक पर बंद हुआ। सप्ताह के दौरान, सेंसेक्स 453.77 अंक यानी 1.20 प्रतिशत जबकि 126.50 अंक यानी 1.13 प्रतिशत बढ़ा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता को लेकर सकारात्मक रुख जताने से वैश्विक बाजारों में तेजी का रुख रहा। इसका असर घरेलू शेयर बाजार में भी देखने को मिला। सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस में सबसे ज्यादा तेजी रही। तिमाही नतीजों से पहले कंपनी का शेयर 4.19 प्रतिशत बढ़ा।




## तीन पीएसयू की बिक्री के लिए प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए रणनीतिक विनिवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सरकार की ओर से तीन सार्वजनिक उपक्रमों- कंटेनर कॉरपोरेशन आफ इंडिया, नीपको तथा टीएचडीसी इंडिया में नियंत्रक हिस्सेदारी की बिक्री के संबंध में सलाहकारों को अनुबंधित करने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। इससे पहले इसी महीने केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कॉनकॉर में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी बिक्री प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। अभी सरकार की कंपनी में 54.80 प्रतिशत हिस्सेदारी है। हिस्सेदारी बिक्री के बाद सरकार का कंपनी से प्रबंधकीय नियंत्रण समाप्त हो जाएगा। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने बिजली कंपनियों टीएचडीसी इंडिया और नार्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (नीपको) में हिस्सेदारी एनटीपीसी को बेचने को भी मंजूरी दे दी है। रणनीतिक विनिवेश के तहत खरीदार के पास प्रबंधन नियंत्रण भी रहता है।

### 1.05 लाख रुपये जुटाने का लक्ष्य

सरकार ने चालू वित्त वर्ष में विनिवेश से 1.05 लाख करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखा है। आंकड़ों के अनुसार अभी तक सरकार विनिवेश से 12,357.49 करोड़ रुपए जुटा पाई है।

## बोर्ड मेंबर्स में महिलाओं की भागीदारी केवल 15.2 फीसदी

**बेंगलुरु।** भारत में महिलाओं के लिए कॉर्पोरेट जगत अभी भी काफी सिमटा हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में कंपनी की बोर्ड टीम में महिलाओं की भागीदारी बहुत कम है। सीएस जेंडर 3000 की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले पांच सालों में कंपनी की बोर्ड टीम में महिलाओं की भागीदारी में केवल 4.3 फीसदी का बढ़ोतरी हुई है। 2019 में उनका प्रतिनिधित्व 2014 के मुकाबले 10.9 फीसदी से बढ़कर 15.2 फीसदी पर पहुंचा है, जबकि वैश्विक औसत 20.6 फीसदी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सीनियर मैनेजमेंट में महिलाओं की भागीदारी 2016 में मात्र 6.9 फीसदी थी जो अब बढ़ कर 8.5 फीसदी पर पहुंची है। बोर्ड टीम के मुकाबले सीनियर मैनेजमेंट में कम भागीदारी को लेकर रिपोर्ट में कहा गया है कि, जब तक बोर्ड में उनकी भागीदारी नहीं बढ़ेगी, सीनियर मैनेजमेंट में भागीदारी को बढ़ाना मुश्किल है।

■ पिछले पांच सालों में केवल 4.3 फीसदी बढ़ोतरी हुई

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

अब तक निराश क्यों? एक बार अवश्य फोन करें
AtoZ समस्याओं का घरबैठे 100% समाधान ईश्वर ने चाहा किसी को रोने नहीं दूंगा
स्पे.: वशीकरण, मुठकरनी, पति-पत्नी मे अनबन मनचाहा प्यार, सौतन/दुश्मन गृहक्लेश, विदेशयात्रा, शादी तलाक, गढ़ाधन, कारोबार बंदिश, खिलाया-पिलाया, जादू, नौकरी, मुकदमा।
अगर आपका परिचित किसी और व्यक्ति के वश में हो तो फोन करें
मेरा किया काम कोई तोड़े तो उसे मुंह मांगा इनाम
स्पे० वशीकरण, मुठकरनी और काला जादू
बाबा आमिल सूफी
9717041517
9891374839

ढोंगी बाबाओं के भेष में बैठे हैं शैतान तो कैसे होंगे काम
11 मिनटों में शक्ति चमत्कार देखें घर बैठे फोन पर पायें सभी समस्याओं का समाधान
अघोरी तांत्रिक बाबा रोमानी बंगाली (पुराने किलेवाले)
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मुठकरनी
प्रेम विवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, नौकरी, कारोबार, विदेश यात्रा में बाधा, मुकदमा, प्यार में धोखा आदि। मुझसे पहले काम करने वाले को मुंहमांगा ईनाम।
97 60 37 09 60

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ज्योतिष

अब तक परेशान क्यों है? दुःखों को खुशी में बदलने वाले 3 घंटे में अपनी A to Z सभी समस्याओं का 100% गारंटीड समाधान करवाएं
बाबा फरीद खान बंगाली
आप किसी भी समस्या से परेशान है तो अभी फोन करें, घर बैठे या मिलकर समाधान करवायें
स्पे. लवमैरिज, शादी में रूकावट, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, कारोबार परेशानी, प्रेमविवाह, गृहक्लेश, कैरियर, प्यार में धोखा, प्यार मोहब्बत, किया कराया, पढ़ाई में मन न लगना
अगर किसी का पति/प्रेमी या बेटा-बेटी दूसरे के वश में हो तो अवश्य फोन करें
स्पेशलिस्ट : वशीकरण व मुठकरणी
नोट : सभी जगह से निराश व मायूस एक बार अवश्य फोन करें या आकर मिलें
7688896500
पता : नियर आजादपुर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

मेरा किया जो काटे उसे मुंहमांगा ईनाम
तंत्र मंत्र सम्राट भारत के नं० 1
पंडित अर्जुन शर्मा
शक्ति चमत्कार देखें 21 मिनटों में घर बैठे समाधान
स्पेशलिस्ट महावशीकरण मुठकरनी
मनचाहा प्यार, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, नौकरी, कारोबार, विदेश यात्रा में बाधा, मुकदमा, गड़ा धन, प्यार में धोखा आदि। हर जगह से निराश हो चुके हों तो एक फोन आपकी जिंदगी बदल देगा।
9012661598
8191087356

ज्योतिष

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
17 सालों से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरु पाशा जी बंगाली
3 घंटे में 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रुकावट, रुठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं गुरूओं के महागुरू
गुरू अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

17 सालो से एक स्थान पर
बाबा बली शाह
5 घंटो में 100% गारंटिड समाधान जैसे मनचाही शादी, मनचाहा प्यार, रूठे को मनाना, कारोबार, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा खायें मिलें, सौतन/दुश्मन छुटकारा, जादू-टोना
स्पे. वशीकरण, मुठकरणी आदि
9917598041
Fees ₹200/-
पता : राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

चिकित्सा

नशा मुक्त भारत अभियान
घर बैठे शराब छुडवायें हमेशा के लिए
बिना लाये बिना बताये वो भी सिर्फ 7 दिन में
अगर आप सभी जगह की दवाई खिलाकर थक चुके हैं तो एक बार अवश्य संपर्क करें
शराब, स्मैक, अफीम, हेरोइन, चरस, गांजा, गुटका, तम्बाकू, सिगरेट, कैप्सूल, इंजेक्शन, टेबलेट आदि
दुर्गा आयुर्वेदा
9717530680
9917617243

लोन
☛ दिवाली धमाका ऑफर jindal Finance Company देश की नम्बर 1 Company सभी प्रकार के लोन BPL कार्ड, पर्सनल, मार्कशीट पर 8th, 10th, 12th लोन घर बैठे 24 घंटों में प्राप्त करें, ग्रामीण शहर विकास योजना के अंतर्गत 0% ब्याज 30% सब्सिडी 50 लाख तक लोन महिलाएं विद्यार्थी के लिए छूट धोखे से सावधान (Online सुविधा) Whatsapp No. 6397688983

लोन
☛ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं JEEVAN BHARTI FINANCE जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुपलोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 1% छूट 40% एजेंट आमंत्रित 94991-66862

लोन
☛ GTL टॉवर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G, 4G टॉवर लगवायें। आइडिया, एयरटेल, वोडाफोन, JIO टॉवर लगवायें अपनी खाली पड़ी छत, खेत, मकान, प्लाट पर। 90 लाख एडवांस 90 हजार किराया प्रतिमाह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट 2 लोगों को नौकरी। सम्पर्क करें 7668916707 धोखेबाजों से सावधान।

लोन
☛ श्रीराम फाइनेंस "योजना के अंतर्गत" दीपावली के शुभ अवसर पे घरबैठे मार्कशीट, प्रॉपर्टी, आधारकार्ड, बिजनेस, खेतीबाड़ी, पशुपालन व सभी प्रकार के लोन 1% ब्याज 50% छूट (महिला ग्रुपलोन) टोल फ्री नंबर - 18001033950

आवश्यकता
☛ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं - ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियाँ (25500-74500) सुपरवाईजर कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राईवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-58506

लोन
☛ SSC सेंट्रल डाटाइन्ट्री SMS JOB हेतु 990 लड़के / लड़कियाँ, गृहणियाँ घरबैठे पार्ट / फुलटाईम JOB करके कमायें 18500 -52000/- महिना + मोबाईल + लैपटॉप + प्रिंटर, CALL / SMS करें 88730-27476, 89368-00847

# कोहली का एक और विश्व रिकार्ड: बतौर कप्तान 7वां दोहरा शतक

## 150+ स्कोर, नाबाद 254 रन, भारत 601/5 में पारी घोषित

एजेंसी ▶▶| पुणे

कप्तान विराट कोहली के रिकार्ड सातवें दोहरे शतक की बदौलत भारत ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पांच विकेट पर 601 रन के विशाल स्कोर पर पहली पारी घोषित करने के बाद स्टंप तक दक्षिण अफ्रीका के तीन विकेट झटक लिए। कोहली ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 254 रन की पारी खेली जिससे उन्होंने मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और वीरेन्द्र सहवाग को पीछे छोड़ दिया जिनके नाम छह-छह दोहरे शतक हैं। कोहली ने इस तरह रिकी पोंटिग के टेस्ट कप्तान के तौर पर 19 शतकों के रिकार्ड की बराबरी की।

**खास बातें**

- कोहली ने अपना 69वां अंतरराष्ट्रीय और 26वां टेस्ट शतक पूरा किया
- तेंडुलकर और सहवाग ने बनाए हैं 6-6 दोहरे शतक
- कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में 7000 टेस्ट रन भी पूरे किए
- कोहली ने कप्तान के रूप में 9वीं बार 150+ का स्कोर पार किया

दोनों बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ (25 शतक) के बाद दूसरे स्थान पर है। कोहली का टेस्ट क्रिकेट में यह 26वां शतक है जबकि इस साल में यह पहला टेस्ट शतक है। रविंद्र जडेजा (91) ने भी कुछ बेहतरीन शाट लगाकर बड़ी पारी खेली लकिन वह दूसरे टेस्ट शतक से चूक गए और कोहली ने उनके आउट होने के तुरंत बाद पारी घोषित कर दी।




### कोहली के डबल धमाल

| रन | बनाम | स्थान | सीजन |
|---|---|---|---|
| 254* | द.अफ्रीका | पुणे | 2019/20 |
| 243 | श्रीलंका | नई दिल्ली | 2017/18 |
| 235 | इंग्लैंड | मुंबई | 2016/17 |
| 213 | श्रीलंका | नागपुर | 2017/18 |
| 211 | न्यूजीलैंड | इंदौर | 2016/17 |
| 204 | बांग्लादेश | हैदराबाद | 2016/17 |
| 200 | वेस्टइंडीज | नॉर्थ साउंड | 2016 |

### सबसे ज्यादा दोहरे शतक

| खिलाड़ी | शतक | देश |
|---|---|---|
| डॉन ब्रैडमैन | 12 | आस्ट्रेलिया |
| कुमार संगाकारा | 11 | श्रीलंका |
| ब्रायन लारा | 09 | वेस्टइंडीज |
| वॉली हेमंड | 07 | इंग्लैंड |
| माहेला जयवर्धने | 07 | श्रीलंका |
| विराट कोहली | 07 | भारत |




### बतौर कप्तान टेस्ट में दोहरे शतक

| शतक | खिलाड़ी |
|---|---|
| 07 | विराट कोहली |
| 05 | ब्रायन लारा |
| 04 | सर डॉन ब्रैडमैन/ग्रीम स्मिथ/माइकल क्लार्क |

### बतौर कप्तान सबसे ज्यादा शतक

| खिलाड़ी | देश | शतक |
|---|---|---|
| रिकी पोंटिंग | ऑस्ट्रेलिया | 41 |
| विराट कोहली | भारत | 40 |
| ग्रीम स्मिथ | दक्षिण अफ्रीका | 33 |
| स्टीव स्मिथ | ऑस्ट्रेलिया | 20 |
| माइकल क्लार्क | ऑस्ट्रेलिया | 19 |
| ब्रायन लारा | वेस्टइंडीज | 19 |

### कप्तान के तौर पर शतक

| खिलाड़ी | देश | शतक |
|---|---|---|
| ग्रीम स्मिथ | द. अफ्रीका | 26 |
| रिकी पोंटिंग | ऑस्ट्रेलिया | 19 |
| विराट कोहली | भारत | 19 |
| एलन बॉर्डर, स्टीव वॉ और स्टीव स्मिथ | ऑस्ट्रेलिया | 15 |



### 26 शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज

| खिलाड़ी | देश | पारी |
|---|---|---|
| सर ब्रैडमैन | ऑस्ट्रेलिया | 69 |
| स्टीव स्मिथ | ऑस्ट्रेलिया | 121 |
| सचिन तेंदुलकर | भारत | 136 |
| विराट कोहली | भारत | 138 |
| सुनील गावस्कर | भारत | 144 |
| मैथ्यू हेडन | ऑस्ट्रेलिया | 145 |

### ब्रैडमेन का रिकार्ड तोड़ा, बतौर कप्तान नौ बार 150+ स्कोर

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने शुक्रवार को आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डान ब्रैडमेन का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा 150 प्लस स्कोर करने का रिकार्ड तोड़ दिया। कोहली भारत के कप्तान के तौर पर नौ बार 150 से अधिक का स्कोर बना चुके हैं जो ब्रैडमेन से एक अधिक है। उन्होंने अपने करियर में आठ बार यह कारनामा किया था।

### कोहली का 26वां शतक, की सोबर्स और स्मिथ की बराबरी

विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पुणे में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट की पहली पारी में शुक्रवार को शतक लगाया। ये उनके टेस्ट करियर का 26वां शतक है। कोहली ने सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक को पीछे छोड़ दिया। इंजमाम ने 120 टेस्ट में 25 शतक लगाए थे। वहीं, कोहली ने सिर्फ 81 मैच में उन्हें पीछे छोड़ दिया। टेस्ट में सबसे ज्यादा 51 शतक सचिन तेंदुलकर ने लगाए। कोहली ने 26वां शतक लगाते ही ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी गैरी सोबर्स की भी बराबरी कर ली। स्मिथ ने 68 और सोबर्स ने 93 टेस्ट खेले। कोहली का यह 69वां अंतराष्ट्रीय और घरेलू मैदान पर 12वां शतक है। कोहली ने 10 पारियों के बाद शतक लगाया। उन्होंने पिछला शतक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में दिसंबर 2018 में लगाया था। तब उन्होंने 123 रन की पारी खेली थी।

**कोहली के 7000 रन भी पूरे :** कोहली ने इसके साथ ही टेस्ट क्रिकेट में अपने 7000 रन भी पूरे कर लिए। उन्होंने 138 पारियों में यह मुकाम हासिल किया। वह सबसे कम मैचों में यहां पहुंचने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज हैं।

### तोड़ा तेंदुलकर और सहवाग का रिकॉर्ड, लगाया 7वां दोहरा शतक

विराट कोहली ने सचिन तेंदुलकर और वीरेंदर सहवाग के भारतीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा दोहरे शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। शुक्रवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ पुणे में खेले जा रहे टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारतीय कप्तान ने अपने टेस्ट करियर का 7वां दोहरा शतक लगाया। कोहली ने अपने 81वें टेस्ट मैच की 138वीं पारी में यह मुकाम हासिल किया। इससे पहले सचिन तेंडुलकर 200 टेस्ट मैचों की 329 पारियों और वीरेंदर सहवाग ने 104 टेस्ट मैचों की 180 पारियों में 6-6 दोहरे शतक लगाए हैं।

**खबर संक्षेप**



### भारत में टेस्ट पिचें 'बोरिंग' : वॉन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने शुक्रवार को भारत में टेस्ट मैच पिचों की आलोचना करते हुए इन्हें 'बोरिंग' करार दिया और कहा कि ये बल्लेबाजों के लिए ज्यादा ही फायदेमंद हैं। उनका मानना है कि भारत में टेस्ट मैच की पिचों के कारण मुकाबला एकतरफा रहता है। उन्होंने ट्वीट किया, 'भारत में टेस्ट मैच क्रिकेट की पिचें 'बोरिंग' हैं। मुकाबले के पहले तीन-चार दिन ज्यादा ही बल्ले के पक्ष में रहते हैं जिससे गेंदबाजों को ज्यादा काम करने की जरूरत होती है। मेरा यही मानना है।'
वॉन ने यह टिप्पणी भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चल रही टेस्ट श्रृंखला के दौरान की है।

### 'द सन' के खिलाफ स्टोक्स ने की कानूनी कार्रवाई

**लंदन।** बेन स्टोक्स और उनकी मां ने उनके परिवार के बारे में संवेदनशील स्टोरी पहले पन्ने पर छापने वाले इंग्लैंड के अखबार 'द सन' के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की है। द सन ने पिछले महीने प्रकाशित एक खबर में स्टोक्स के न्यूजीलैंड में बसे परिजनों की 30 साल पहले हुई मौत से जुड़ी खबरें विस्तार से छापी थी। स्टोक्स और उनकी मां डेबोरा ने निजता के हनन को लेकर 'द सन' के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की है। उनके वकीलों का कहना है कि भुला दिए गए मसले को दोबारा उठाकर अखबार ने परिवार की निजता का हनन किया है। स्टोक्स का जन्म न्यूजीलैंड में हुआ था लेकिन बचपन में ही वह इंग्लैंड आ बसे थे।



### भारत जीत का दावेदार बांग्लादेश कोच डे

**कोलकाता।** संदेश झिंगन के चोटिल होने के कारण भारतीय रक्षापंक्ति को झटका लगा है लेकिन बांग्लादेश फुटबाल टीम के मुख्य कोच जैमी डे के मुताबिक दोनों देशों के बीच शुक्रवार को खेले जाने वाले विश्व कप क्वलीफायर मुकाबले में भारत का पलड़ा रहेगा। झिंगन का टखना बुधवार को नार्थ ईस्ट यूनाइटेड के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान चोटिल हो गया था। डे ने कहा, 'उनके चोटिल होने से मुझे भारतीय टीम में कोई बदलाव नजर नहीं आ रहा है। भारतीय टीम अपने घर में खेलेगी और उनके जीतने की संभावना ज्यादा है।'

### पंजाब के मुख्य कोच बने कुंबले, कर्टनी वाल्श भी जुड़े

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले को इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र के लिए किंग्स इलेवन पंजाब का मुख्य कोच बनाया गया है। किंग्स इलेवन पंजाब ने वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी कर्टनी वाल्श को भी प्रतिभा खोजने के लिए बोर्ड में शामिल किया है जो उसी तरह काम करेंगे जैसे पूर्व भारतीय कोच जॉन राइट मुंबई इंडियंस के साथ करते थे। पूर्व भारतीय स्पिनर सुनील जोशी और कुंबले के लंबे समय तक राष्ट्रीय और राज्य के साथी को पंजाब की फ्रेंचाइजी ने सहायक कोच बनाया।

## पूनम और मिताली के शानदार अर्धशतक से जीता भारत, बनाई 2-0 की अजेय बढ़त

एजेंसी ▶▶| वड़ोदरा

पूनम राउत (65) और कप्तान मिताली राज (66) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे मुकाबले को पांच विकेट से जीतकर तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली।

पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम ने निर्धारित 50 ओवर में छह विकेट पर 247 रन बनाए। भारतीय टीम ने दो ओवर शेष रहते पांच विकेट के




नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज लिजेली ली (40) और लौरा वोलवार्डट (69) ने पहले विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरूआत दिलायी। वोलवार्डट ने 98 गेंद की पारी में सात चौके लगये।

अंतिम ओवरों में मिगनान डु प्रीज (44) और लारा गुडाल (38) ने तेजी से रन जुटाए जिससे टीम 247 के स्कोर तक पहुंच सकी। भारतीय टीम के लिए शिखा पांडे, एकता बिष्ट और पूनम यादव ने दो-दो विकेट लिए।

## गत चैंपियन कोठारी विश्व बिलियड्र्स फाइनल में

**मेलबर्न।** गत चैंपियन सौरव कोठारी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां सेमीफाइनल में इंग्लैंड के कई बार के विश्व चैम्पियन माइक रसेल को हराकर लगातार दूसरे विश्व बिलियड्र्स (लांग-अप) फाइनल में प्रवेश किया। कोठारी ने गेम में इतना दबदबा बनाया हुआ था कि उन्होंने सेमीफाइनल में 1090 - 594 अंक के अंतर से जीत हासिल की जबकि चार घंटे के मुकाबले में 45 मिनट बचे थे। कोठारी ने 205, 195, 175, 128 और 103 अंक के जबकि रसेल ने 247, 131 और 121 अंक के ब्रेक लगाए। कोठारी ने दिन में हुए क्वार्टरफाइनल में इंग्लैंड के रॉब हॉल को 1076 - 484 से शिकस्त दी।



## दिविज अब एशिया के शीर्ष रैंकिंग के युगल खिलाड़ी




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिविज शरण एटीपी युगल रैंकिंग सूची में अब केवल भारत के ही नहीं बल्कि एशिया के भी नंबर एक खिलाड़ी बन गए हैं जो हाल में तीन पायदान के फायदे से 42वें नंबर पर पहुंच गए। उनसे ऊपर सभी 41 खिलाड़ी यूरोप, अमेरिका और कुछ दक्षिण अमेरिकी देश जैसे ब्राजील और अर्जेंटीना के हैं। दिविज ने कहा, 'इस उपलब्धि तक पहुंचकर अच्छा महसूस हो रहा है। यह ऐसी उपलब्धि है जो पूरी जिंदगी मेरे साथ ही रहेगी।'

- तीन पायदान के फायदे से पहुंचे 42वें नंबर पर

टोक्यो ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए इस बांएं हाथ के खिलाड़ी ने हमवतन रोहन बोपन्ना के साथ जोड़ी बनाई थी और टाटा ओपन महाराष्ट्र में जीत से शानदार शुरुआत की थी।

हालांकि यह भागीदारी ज्यादा लंबे समय तक नहीं चल सकी और उनके कई नतीजे काफी खराब रहे। उनकी 40 में रैंकिंग बतौर टीम उन्हें बड़े टूर्नामेंट में प्रवेश नहीं दिला सकी।

इससे दिविज को सत्र के दौरान कई जोड़ीदार बदलने पड़े। इस साल खेले गए 28 टूर्नामेंट में दिविज ने 10 अलग अलग जोड़ीदारों के साथ जोड़ी बनाई और उन्हें ब्राजील के मार्सेलो डेमोलिनर के साथ अच्छे परिणाम मिले जिनके साथ वह म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन के फाइनल तक भी पहुंचे।

## यूपी ने होम लेग का अंत जीत के साथ किया

**नोएडा।** प्रो कबड्डी 2019 के आखिरी लीग स्टेज मुकाबले में घरेलू टीम यूपी योद्धा बेंगलुरु बुल्स को 45-33 से हराते हुए अपने होम लेग का अंत किया। इस जीत के साथ यूपी की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर आ गई है, तो बुल्स की टीम छठे स्थान के साथ प्लेऑफ का अंत करेगी। इस मैच में बेंगलुरु बुल्स के पवन सेहरावत ने इस सीजन में अपने 300 रेड पॉइंट्स पूरे किए और ऐसा करने वाले वो परदीप नरवाल के बाद दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। पहले हाफ के बाद बेंगलुरु बुल्स ने घरेलू टीम यूपी योद्धा के ऊपर 22-20 से बढ़त बनाई। दोनों ही टीमों के रेडर्स का जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला। बुल्स के लिए जहां उनके कप्तान पवन




सेहरावत ने सुपर 10 लगाते हुए 11 अंक हासिल किए, तो यूपी के लिए सुरेंदर गिल ने 6, तो श्रीकांत जाधव ने 5 अंक हासिल किए। हालांकि यूपी के पूर्व कप्तान रिशांक देवाडिगा अपना खाता नहीं खोल पाए। पहले हाफ में दोनों ही टीमें एक-एक बार ऑलआउट हुई।

यूपी की टीम चौथे मिनट में ऑलआउट हुई, तो बुल्स की टीम 11वें मिनट में ऑलआउट हुई। यूपी के लिए गिल ने बेहतरीन सुपर रेड लगाई और एक ही रेड में 4 डिफेंडर्स को आउट किया।

### ऐतिहासिक प्रदर्शन से मुंबई की जीत

प्रो कबड्डी 2019 के 130वें मुकाबले में यू मुंबा ने हरियाणा स्टीलर्स को 38-33 से हराया और वो अंक तालिका में 69 अंकों के साथ चौथे स्थान पर आ गए हैं। दूसरी तरफ हरियाणा की टीम 71 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। मुंबई के लिए इस मैच में फजल ने 8, तो संदीप ने 5 टैकल पॉइंट्स लिए मुंबई के कप्तान फजल अत्राचली ने अपने 100वें मुकाबले में 300 टैकल पॉइंट्स को पूरा किया और उनके साथी संदीप नरवाल ने भी अपने 122वें मुकाबले में 300 टैकल पॉइंट्स और करियर के 550 पॉइंट्स पूरे किए। यह दोनों 300 टैकल पॉइंट्स लेने वाले मंजीत छिल्लर और रविंदर पहल के बाद तीसरे और चौथे खिलाड़ी हैं। पहले हाफ में दोनों टीमों का स्कोर 15-15 से बराबरी पर रहा।

## सिटसिपास ने जोकोविच को हराकर किया बड़ा उलटफेर

**शंघाई।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को शुक्रवार को यहां शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में यूनान के युवा खिलाड़ी स्टेफानोस सिटसिपास से उलटफेर का सामना करना पड़ा। अब सिटसिपास का सामना शनिवार को सेमीफाइनल में 23 साल के दानिल मेदवेदेव से होगा। सातवीं रैंकिंग के सिटसिपास ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी की और मौजूदा चैंपियन को 3-6, 7-5, 6-3 से मात दी।

सिटसिपास शीर्ष रैंकिंग के सर्बियाई खिलाड़ी के खिलाफ पिछले तीन मैचों में दो बार जीत हासिल कर चुके हैं। मेदवेदेव ने फैबियो फोगनिनी को 6-3, 7-6 से मात देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप का सेमीफाइनल मुकाबला आज

## मैरीकॉम समेत चार भारतीयों की नजरें स्वर्ण पर

एजेंसी ▶▶| उलान उदे

एम सी मेरीकोम समेत चार भारतीय मुक्केबाज शनिवार को जब महिला विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में उतरेंगी तो उनका इरादा अपने पदक का रंग बेहतर करने का होगा।

- मंजू, जमुना और लवलीना भी देंगी अंतिम चार की चुनौती

तीसरी वरीयता प्राप्त मेरीकोम (51 किलो) ने रिकार्ड आठवां विश्व चैंपियनशिप पदक पक्का कर लिया है। उनका सामना तुर्की की यूरोपीय चैंपियन बुसानाज काकिरोग्लू




से होगा। पहली बार खेल रही मंजू रानी (48 किलो), पिछले सत्र की कांस्य पदक विजेता और तीसरी वरीयता प्राप्त लवलीना बोरगोहेन (69 किलो) और जमुना बोरो (54 किलो) भी सेमीफाइनल में पहुंच गई थी। रानी का सामना अब थाईलैंड की सी रकसात से होगा जिसने पांचवीं वरीयता प्राप्त यूलियानोवा असेनोवा को हराया। वहीं बोरो का सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त एशियाई खेलों की पूर्व कांस्य पदक विजेता हुआंग सियाओ वेन से होगा। बोरगोहेन की टक्कर चीन की यांग लियू से होगी जिसने शीर्ष वरीयता प्राप्त चेन निएन चिन को मात दी।

### हमारा प्रदर्शन खराब नहीं : कोच

राष्ट्रीय कोच मोहम्मद अली कमर ने कहा, 'सभी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हम उम्मीद करते हैं कि ये सभी फाइनल में पहुंचेंगी। कोई कभी भी संतुष्ट नहीं हो सकता। हमें खुशी है कि 2018 सत्र से हमारा प्रदर्शन खराब नहीं हुआ लेकिन यह निराशाजनक है कि हम उसे बेहतर नहीं कर सके।' भारत ने इस चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2006 में किया जब चार स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य भारत की झोली में आए थे। मैरीकॉम ने उस साल भी स्वर्ण पदक जीता था।

**रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिचालन कारणों को देखते हुए रेलवे द्वारा निम्नलिखित रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण करने का निर्णय लिया गया है:–

रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण

| गाड़ी सं० एवं गाड़ी का नाम | स्टेशन जहां रेलगाड़ी समाप्त होगी/ से प्रारंभ होगी | स्टेशन जिनके बीच रेलगाड़ी आंशिक निरस्त रहेगी | तिथि (आरम्भिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|
| 13413/13483 मालदा टाउन – दिल्ली जं. फराक्का एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल पर | कानपुर सेंट्रल– दिल्ली जं. | 12.10.2019 से 18.10.2019 |
| 13414/13484 दिल्ली जं. – मालदा टाउन फराक्का एक्सप्रेस | कानपुर सेंट्रल से | दिल्ली जं. - कानपुर सेंट्रल– | 14.10.2019 से 20.10.2019 |

नोट:– किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलवे पूछताछ नं. 139 या भारतीय रेल की वेबसाईट www.enquiry.indianrail.gov.in पर संपर्क करें।

सुरक्षा हेल्पलाईन नम्बर 182 एवं रेलयात्री शिकायत हेल्पलाईन नम्बर 138

दलालों से सावधान — रेलवे टिकट सदैव रेलवे टिकट काउन्टर या अधिकृत रेल ट्रेवल एजेंट से ही खरीदें।

पर हमें फॉलो करें

3280/2019

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

जन सम्पर्क - उत्तर रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप



### सल्मांका के बार में गोलीबारी, पांच की मौत

**मेक्सिको सिटी।** उत्तर-मध्य राज्य गुआनाजुआटो के सल्मांका के एक बार में हथियारबंद हमलावरों ने गोलीबारी की, इसमें पांच लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय अखबार ईआई यूनिवर्सल की खबर के अनुसार रात को करीब डेढ़ बजे हमलावर बार में घुसे और लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सल्मांका नगर प्रशासन ने घटना की पुष्टि की है। गुआनाजुआटो एक शांतिपूर्ण राज्य है। बीते कुछ समय में हत्या के मामले बढ़े हैं। इस साल के पहले आठ महीने में, 2,275 हत्यायें दर्ज की गयी थी। यह संख्या पिछले दो साल में लगभग ढाई गुना हो गई है।

### मानहानि मामले में राहुल ने खुद को निर्दोष बताया, जमानत मिली

**अहमदाबाद।** कांग्रेसी नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को आपराधिक मानहानि के एक मामले में खुद को निर्दोष बताया। यह मामला गृह मंत्री अमित शाह को 'हत्या का आरोपी' बताने से जुड़ा है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट आरबी इतालिया की अदालत ने 10,000 रूपए के मुचलके पर गांधी को जमानत दे दी। अदालत में गांधी की खुद को निर्दोष बताने की दलील दर्ज होने के बाद उनके वकीलों ने मामले में व्यक्तिगत पेशी से छूट देने की मांग करते हुए एक आवेदन दिया। अदालत ने मामले पर सुनवाई की अगली तारीख सात दिसंबर तय की है। उसी दिन व्यक्तिगत पेशी से छूट के उनके अनुरोध पर भी विचार किया जाएगा। छह महीने पहले जबलपुर में एक चुनावी रैली में गांधी ने अमित शाह को 'हत्या का आरोपी' बताया था जिसके बाद उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज किया गया था। यह मामला भाजपा के पार्षद कृष्णवंदन ब्रह्मभट्ट ने दर्ज करवाया था।

### दो बहनों पर चाकुओं से हमला, एक की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के नागौर जिले में खेत जा रही दो बहनों पर चाकुओं से हमला किया गया। इसमें एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि दूसरी की हालत गंभीर है। हमले में कम से कम दो लोग शामिल बताए जाते हैं। लाडनू थाने के प्रभारी मुकुट बिहारी ने बताया कि शुक्रवार को इस हमले में विमला (16) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी जबकि ममता (18) को निकट के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उन्होंने बताया कि इन बहनों पर हमला उस समय हुआ जब वे खेत जा रही थीं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतेश आर्य ने कहा कि आरोपियों की तलाश के लिए कई टीमें बनाई गयी हैं। गंभीर रूप से घायल ममता को जयपुर के एसएमएस अस्पताल भेजा गया है।

## भारत में आतंकी गतिविधियों के लिए भेजा पैसा

# टेरर फंडिंग के आरोप में लखीमपुर खीरी से 4 अरेस्ट

एजेंसी ⏭ लखनऊ

देश में आतंकी गतिविधियों के वित्तपोषण में कथित रूप से शामिल चार लोगों को लखीमपुर जिले के निघासन से गिरफ्तार किया गया है। यूपी के पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह ने शुक्रवार को बताया कि उम्मेद अली, संजय अग्रवाल, समीर सलमानी व ऐराज अली को दस अक्टूबर की रात पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस को मुखबिरों से सूचना मिली थी कि कुछ लोग नेपाल से धन लाते थे, जिसका इस्तेमाल देश में आतंकी गतिविधियों के वित्तपोषण में होता था। पुलिस ने गिरफ्तार चारों लोगों के पास से भारतीय व नेपाली मुद्रा तथा मोबाइल फोन बरामद किये हैं। पूछताछ के दौरान उन्होंने खीरी एवं बरेली के मुमताज, फहीम, सिराजुद्दीन व सदाकत अली के नाम बताये और आरोप लगाया कि इन्हीं चारों के इशारे पर वे कमीशन लेकर काम करते थे। इन लोगों को अन्य देशों से नेपाल स्थित बैंक खातों में धन हस्तांतरित होता था। खाताधारक को पांच प्रतिशत कमीशन मिलता था। बाद में नेपाल से धन निकाला जाता था व उसे भारत लाकर भारतीय मुद्रा में बदल लिया जाता था। आरोपियों को उनके काम के लिए छह प्रतिशत कमीशन मिलता था।



■ चारों लोगों के पास से भारतीय व नेपाली मुद्रा व मोबाइल फोन बरामद

पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने बताया कि वे फहीम व सदाकत को धन देकर कमीशन लेते थे। फहीम, सदाकत यह धन दिल्ली भेजा करते थे व वहां से इसका इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों के लिए होता था।

जांच के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि राष्ट्र बैंक, जनकपुर, नेपाल को हैक करके 49 लाख नेपाली रूपये भारत लाये गए। इस मामले में एक एफआईआर नेपाल में दर्ज है। डीजीपी ने कहा कि मामला चूंकि आतंकी गतिविधियों के वित्तपोषण से जुडा है इसलिए आगे की जांच आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) को सौंपी जा रही है। एटीएस कुछ और पहलुओं पर जांच कर रही है।

### महात्मा गांधी के सम्मान में स्मारक सिक्का जारी करेगा ब्रिटेन

**लंदन।** ब्रिटेन के वित्तमंत्री साजिद जाविद ने कहा है कि ब्रिटेन सरकार ने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर एक स्मारक सिक्का जारी करने का फैसला किया है। पाकिस्तानी मूल के ब्रिटिश वित्तमंत्री ने कहा कि उन्होंने ब्रिटेन के शाही टकसाल से सिक्का बनाने के लिए कहा है ताकि दुनिया गांधी की सीख को कभी ना भूले। उन्होंने गुरुवार को ब्रिटिश एशियाई लोगों की सफलता का जश्न मनाने के लिए लंदन में आयोजित वार्षिक जीजी2 समारोह में यह घोषणा की। जाविद ब्रिटेन की प्रकाशन कंपनी 'एशियन मीडिया ग्रुप (एएमजी) द्वारा जारी की गई शक्तिशाली लोगों वार्षिक सूची में शीर्ष पर हैं। जाविद ने कहा कि गांधी के 150वें जयंती समारोह के उपलक्ष्य में, आज रात का पुरस्कार समारोह इस घोषणा के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। मैंने ब्रिटेन के रॉयल मिंट को उनके सम्मान में एक नया स्मारक सिक्का बनाने के लिए कहा है। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि गांधी ने दुनिया को क्या सिखाया था। उन्होंने कहा कि गांधी ने हमें सिखाया कि ताकत केवल धन या उच्च पद से नहीं आती है। हमें उन मूल्यों को हमेशा याद रखना चाहिए जिन्हें उन्होंने अपने जीवन में अपनाया था।

## पांच को बनाया नामजद अभियुक्त

# सीबीआई ने पटना जीपीओ में हुए घोटाला में दर्ज की एफआइआर

**पटना।** शहर के प्रधान डाकघर में हुई वित्तीय अनियमितता से संबंधित मामले की जांच को लेकर सीबीआइ ने पांच कर्मियों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी है. प्राथमिकी में अज्ञात लोगों को भी अभियुक्त बनाया गया है। मालूम हो कि सीबीआइ की पटना शाखा को जीपीओ में हुई वित्तीय अनियमितता के मामले की लिखित शिकायत 8 अगस्त, 2019 को की गयी थी। इसके बाद मामले की जांच शुरू की गयी है। सीबीआइ ने सभी अभियुक्तों के खिलाफ फर्जीवाड़ा, जालसाजी, साजिश के साथ-साथ राशि गबन करने के आरोप लगाये हैं। साथ ही भ्रष्टाचार निवारण निरोध अधिनियम की धाराओं के तहत भी मामला दर्ज किया गया है. केंद्रीय एजेंसी ने जांच में पाया है कि जीपीओ में जमा होनेवाले आम लोगों के रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिये जाते थे और गलत तरीके से उपयोग करते थे. इसके अलावा आरोपितों ने फर्जी कागजात के आधार पर बड़ी संख्या में अवैध निकासी भी की है।




■ सीबीआइ ने सभी अभियुक्तों के खिलाफ फर्जीवाड़ा, जालसाजी, साजिश के साथ-साथ राशि गबन करने के आरोप लगाये हैं।

### इथियोपियाई पीएम को मिला शांति का नोबेल पुरस्कार

**ओस्लो।** इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद को शांति का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। यह पुरस्कार उनके देश के चिर शत्रु इरिट्रिया के साथ संघर्ष को सुलझाने के लिए दिया गया है। नोबेल कमेटी ने इसकी जानकारी दी है। नोबेल पुरस्कार जूरी ने बताया अबी को 'शांति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करने के प्रयासों के लिए और विशेष रूप से पड़ोसी इरिट्रिया के साथ सीमा संघर्ष को सुलझाने के निर्णायक पहल के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## प्रार्थना...



बोधगया में बाल भिक्षु प्रार्थना करते हुए। फोटो : एजेंसी

### मानहानि के मामले में सुरजेवाला के खिलाफ जमानती वारंट

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद की एक अदालत ने दो बार सम्मन भेजे जाने के बाद भी मानहानि के एक मामले की सुनवाई में पेश नहीं होने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला के खिलाफ शुक्रवार को एक जमानती वारंट जारी किया। अहमदाबाद जिला सहकारी बैंक (एडीसीबी) ने पिछले साल अगस्त में भारतीय दंड संहिता की धाराओं 499 और 500 के तहत आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज कराया था। इस बैंक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक निदेशक हैं। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान सुरजेवाला के वकीलों ने छूट पाने के लिए याचिका दाखिल की और दावा किया कि हरियाणा विधानसभा चुनावों में व्यस्त होने की वजह से कांग्रेस प्रवक्ता पेश नहीं हो सके। कांग्रेस नेता के वकीलों ने दावा किया कि अदालत ने पहले भी सम्मन जारी किये थे लेकिन उन्हें नहीं मिले।

# पाकिस्तान आतंकवादी समूहों में बच्चों को करता है भर्ती: भारत

एजेंसी ⏭ संयुक्त राष्ट्र

भारत ने जम्मू-कश्मीर में रहने वाले बच्चों के बारे में गलत बाते पेश' करने पर पाकिस्तान पर हमला करते हुए कहा कि पाकिस्तान युवाओं में हिंसक कट्टरपंथी विचारधाराएँ पैदा कर उन्हें उकसाता है और उन्हें आतंकी समूहों में भर्ती करता है। 'बाल अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण' पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति के सत्र को गुरुवार को संबोधित करते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की प्रथम सचिव पॉलोमी त्रिपाठी ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि एक प्रतिनिधिमंडल ने फर्जी कहानी पेश कर और ''हमारे देश के आंतरिक मामलों का अवांछित उल्लेख कर समिति का ध्यान भटकाने की कोशिश की है। त्रिपाठी बुधवार को संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की निवर्तमान राजदूत मलीहा लोधी द्वारा समिति में की गई टिप्पणी का जवाब दे रही थीं, जिसमें उन्होंने जम्मू-कश्मीर के मुद्दे को उठाया था और अनुच्छेद 370 के ज्यादातर प्रावधानों को निरस्त करने के बाद राज्य में बच्चों की स्थिति के बारे में जिक्र किया था। लोधी ने अपने बयान में जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार उच्चायुक्त की रिपोर्ट का भी जिक्र किया था। पाकिस्तान पर हमला करते हुए, त्रिपाठी ने कहा, ''यह एक ऐसा देश है, जहां बच्चों को हिंसक उग्रवादी विचारधारा से दीक्षित किया जाता है और आतंकवादी समूहों में उनकी भर्ती की जाती है। उन बच्चों से न सिर्फ उनका भविष्य छीना जाता है, बल्कि सीमा पर के बच्चों का भविष्य भी खतरे में डाला जाता है। उन्होंने पूछा यह मासूम बच्चों की स्वतंत्रता का हनन और उनके अधिकारों का उल्लंघन नहीं है, तो और क्या है?



## केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा

# भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा ने पाकिस्तान को अलग-थलग कर दिया

**मुंबई।** केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को यहां कहा कि अनुच्छेद 370 हटाने पर भारत को लगभग सभी देशों का समर्थन मिलना और शक्तिशाली देशों का अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सम्मानित करना देश की बढ़ती शक्ति को दर्शाता है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री नकवी ने यह भी कहा कि भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा ने पाकिस्तान को अलग-थलग कर दिया। नकवी 21 अक्टूबर को होने वाले मतदान से पहले यहां सियोन-कोलिवड़ा से भाजपा उम्मीदवार तमिल सेल्वन और मुंबादेवी से शिवसेना उम्मीदवार पांडुरांग सकपाल की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। नकवी ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस सरकार तत्कालीन कांग्रेस-राकांपा सरकार के भ्रष्टाचार के माहौल, नीतिगत पंगुता और कुशासन से महाराष्ट्र को बाहर ले आई।



■ अनुच्छेद 370 पर भारत को मिला समर्थन हमारी बढ़ती ताकत को दर्शाता है

# भारत और कोमोरोस के बीच छह समझौतों पर हस्ताक्षर

**मोरोनी।** उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और कोमोरोस के राष्ट्रपति अजाली असौमानी ने शुक्रवार को समग्र बातचीत की और दोनों देशों के बीच रक्षा समेत छह समझौते पर हस्ताक्षर किये । कोमोरोस के राष्ट्रपति ने उप राष्ट्रपति को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ''द आर्डर आफ द ग्रीन क्रिसेंट'' प्रदान किया । नायडू 10 से 14 अक्टूबर तक कोमोरोस और सियेरा लियोन के दौरे पर हैं । नायडू ने ट्वीट कर कहा, ''मोरोनी में कोमोरोस के राष्ट्रपति असौमानी से आज देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द आर्डर आफ द ग्रीन क्रिसेंट' पा कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं । एक अन्य ट्वीट में उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत और कोमोरोस के बीच छह महत्वपूर्ण समझौते पर किये गये हस्ताक्षर का गवाह बना ।रक्षा सहयोग से संबंधित सहमति पत्र तथा स्वास्थ्य एवं संस्कृति समझौते पर हस्ताक्षर किये गए ।








## नई शिक्षा नीति को जल्द ही पेश किया जाना है

# राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा 2005 को उन्नत बनायेगी एनसीईआरटी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) नई शिक्षा नीति पेश होने के बाद उसकी सिफारिशों के आधार पर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा 2005 पर विचार कर उसे उन्नत बनायेगी। एनसीईआरटी के निदेशक ऋषिकेष सेनापति ने कहा कि नई शिक्षा नीति को जल्द ही पेश किया जाना है। इसके बाद हम नीति की सिफारिशों के आलोक में 2005 में पेश राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा की समीक्षा करेंगे और उसे उन्नत बनायेंगे। उन्होंने कहा कि मिसाल के तौर पर मसौदा नीति में समन्वित 4 स्तरीय पाठ्यक्रम (5+3+3+4) का सुझाव आया है । ऐसे में माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा को जोड़ना होगा। इस स्थिति में इसमें बदलाव लाने की जरूरत होगी । सेनापति ने कहा कि 2017 में परिषद ने सभी किताबों की समीक्षा की थी। पुराने आंकड़ों को अपडेट किया था। सरकार की नई नीतियों को भी इसमें शामिल किया था।




एनसीईआरटी के निदेशक ने बताया, ''2018-19 में हमने पाठ्यक्रम को व्यावहारिक बनाने के लिये सुझाव मांगा था। इस विषय पर काफी सुझाव आए थे । इसमें अनुभव आधारित शिक्षा, मूल्यों पर आधारित शिक्षा, शारीरिक शिक्षा पर जोर दिया गया था। उन्होंने बताया कि सामाजिक विज्ञान के पाठ्यक्रम पर बोझ कम करने का सुझाव आया था। हमने इन सुझावों के आधार पर पाठ्यक्रम को व्यावहारिक बनाया है।

**सामाजिक विज्ञान के पाठ्यक्रम पर बोझ कम करने का सुझाव आया था**

### बच्चों पर केंद्रित पठन पाठन व्यवस्था एवं शिक्षकों के पढ़ाने के तरीके में बदलाव पर जोर दिया गया

सेनापति ने 'राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा 2005' का जिक्र करते हुए कहा कि हमें कुछ व्यावहारिक परेशानी आ रही है। हम दस्तावेज अच्छा पेश कर रहे हैं । राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा में बच्चों पर केंद्रीत पठन पाठन व्यवस्था एवं शिक्षकों के पढ़ाने के तरीके में बदलाव पर जोर दिया गया है । लेकिन हमारी समझ में यह बात आई है कि कक्षा के माहौल में बदलाव नहीं आया है। उन्होंने कहा, '' राष्ट्रीय पाठ्यचर्या लागू तो हुई है लेकिन शायद यह पूरी तरह से शिक्षकों तक नहीं पहुंच पाई है।'' निदेशक ने कहा, '' हमने इस आयाम पर रिसर्च स्टडी किया है। उसमें यह बात आई है कि कक्षा के माहौल में ज्यादा बदलाव नहीं आया है।'' उन्होंने कि ऐसी स्थिति में हम शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। हाल ही में प्रशिक्षण कार्यक्रम 16-17 राज्यों में शुरू हो गए हैं। गौरतलब है कि बदलते वक्त में बच्चों पर पाठ्यचर्या के बोझ को कम करने तथा पठन पाठन को सृजनात्मक एवं आनंददायक बनाने के लिये जाने माने वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद प्रो. यशपाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचा 2005 तैयार किया गया था ।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सतवीर सिंह कटारिया द्वारा इंडियन एक्सप्रैस, ए-8, सेक्टर-7, नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109